डाक पंजीयन क्र. ई-2/ओ.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 14.09.2020 से 20.09.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-37 ▶ मूल्य ₹10.00

मध्यप्रदेश में योजना के शानदार क्रियान्वयन का साक्षी बना पूरा देश

प्रधानमंत्री आवास योजना को मध्यप्रदेश में दिया गया इंद्रधनुषी स्वरूप - प्रधानमंत्री

"मध्यप्रदेश ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्षेत्र में शानदार काम किया है। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना को अनावश्यक सरकारी दखल से बचाकर इंद्रधनुषी स्वरूप दिया गया है। इस योजना के लाभान्वित हितग्राहियों के लिये इस वर्ष त्योहारों की खुशियां ज्यादा होंगी। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गृह प्रवेशम् कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुये कहीं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पौने दो लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराये गये।"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मध्यप्रदेश के एक लाख 75 हजार हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया।

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आवास योजना में आमतौर पर एक मकान के निर्माण में 125 दिन लगते हैं। मध्यप्रदेश में बहुत से मकान सिर्फ 45 से 60 दिन में बन गए। मध्यप्रदेश में जिस गति से यह कार्य हुआ है, वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

मध्यप्रदेश में 1.75 लाख आवासों का निर्माण एक बड़ी उपलब्धि है। यह गति रही तो वर्ष 2022 तक देश के हर परिवार को घर देने के लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। मध्यप्रदेश का इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

मध्यप्रदेश में अब तक बने 17 लाख मकान – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत है। हर गरीब का सपना होता है कि उसका अपना घर हो। मध्यप्रदेश के ऐसे 37 लाख लोग जिनके पास पात्रता पर्ची नहीं थी, वे अब अनाज प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह प्रवेशम् कार्यक्रम 16 हजार 440 ग्राम पंचायतों के 26 हजार 548 ग्रामों में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए 1 करोड़ 24 लाख 92 हजार 394 लोगों ने प्री-रजिस्ट्रेशन करवाया जो योजना के प्रति जनता के उत्साह का प्रतीक है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के देश की 75वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ पर हर व्यक्ति के अपने पक्के मकान के संकल्प को पूरा करने में मध्यप्रदेश पीछे नहीं रहेगा।

प्रधानमंत्री ने सराहा हल्मा पद्धति से बना घर

प्रधानमंत्री ने धार जिले के गुलाब सिंह आदिवासी से स्थानीय बोली में संवाद आरंभ किया। उन्होंने हितग्राही श्री गुलाब सिंह की अच्छा घर बनाने के लिए तारीफ की। प्रधानमंत्री ने वयोवृद्ध श्री गुलाब सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली, तो गुलाब सिंह ने कहा कि मेरा कुछ दिन से स्वास्थ्य ठीक नहीं है। अतः मेरी ओर से मेरा बेटा बात करेगा।

श्री गुलाब सिंह के सुपुत्र श्री मेरु ने बताया कि अंचल में प्रचलित हल्मा परंपरा से उन्होंने आवास निर्माण किया है। इसमें गांव के लोग मिलकर मकान बनाने का काम करते हैं और जिसका मकान बन रहा होता है....

(शेष पृष्ठ 22 पर)

मध्यप्रदेश ने आवास से 27 योजनाओं को जोड़ा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आवास योजना के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देते हुए 27 अन्य योजनाओं को भी जोड़ा है। जिसके फलस्वरूप प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ गरीब हितग्राही को उज्ज्वला, उजाला, स्वच्छ शौचालय और आयुष्मान भारत आदि योजनाओं का लाभ भी मिला है। श्री मोदी ने आवास योजना के अच्छे क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को बधाई दी।

ऑप्टिकल फाइबर की क्रांति

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट स्पीड बढ़ाने के प्रयास हुए जिसका लाभ मिल रहा है। ऑप्टिकल फाइबर पहुंचने से सेवाएं बेहतर हो रही हैं। देश में 116 जिलों में 19 हजार किलोमीटर का जाल बिछा दिया गया है। मध्यप्रदेश में भी 1300 किलोमीटर का कार्य पूरा हो गया है, जो सराहनीय है। देश के 6 लाख गांवों में ऑप्टिकल फाइबर बिछाने के लक्ष्य के मुकाबले 2.5 लाख गांवों तक यह कार्य पूरा हो गया है। इसे गांव-गांव पहुंचाने के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

तकनीकी प्रगति के लिए कार्य करेंगे आरजीपीवी और क्रिस्प

भोपाल, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया की उपस्थिति में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस क्रिस्प के मध्य एमओयू हुआ। इस अवसर पर श्रीमती सिंधिया ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अन्तर्गत छात्रों, संकायों तथा हितधारकों के लाभ के लिए विभिन्न पहल के माध्यम से तकनीकी ज्ञान और कौशल विकास के लिए यह निर्णय लिया गया है।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि दोनों संस्थान मिलकर तकनीकी लैब स्थापित करेंगे। जिसमें इंडस्ट्री 4.0, ई-व्हीकल, वर्ल्ड स्किल अकादमी, ब्लॉक चैन तथा मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक तकनीकों की जानकारी संस्थानों को साझा की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश में एक रोल मॉडल के रूप में उभरेगा।

नौजवानों को नौकरी देने के साथ रोज़गार के अवसर भी खोलेगी सरकार

भिण्ड, हम नौजवानों को सरकारी नौकरी देने के साथ-साथ रोज़गार के नए अवसर भी खोलेंगे। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने पुलिस में भर्ती शुरू करने का फैसला किया है। साथ ही अटल एक्सप्रेस-वे जैसी बृहद योजनाओं को गति दी है, जिससे चंबल क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। साथ ही यहां के युवाओं को रोज़गार भी मिलेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भिण्ड जिले के मेहगांव में आयोजित विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भिण्ड और मुरैना जिले के नौजवान अब सैन्य बलों में केवल सिपाही ही नहीं, अफसर भी बनेंगे।

खास ख़बर

पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल शीघ्र होगा प्रारंभ

भोपाल, प्रदेश में सोयाबीन सहित अन्य खरीफ फसलों के उपार्जन सम्बन्धी प्रस्ताव पर कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा है कि ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

श्री पटेल ने बताया है कि भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत खरीफ फसलों के उपार्जन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** देश-विदेश की प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

पीएम स्वनिधि योजना

मध्यप्रदेश ने स्ट्रीट वेंडर्स को डिजिटल क्रांति से दिलवाई मदद

भोपाल, मध्यप्रदेश ने स्ट्रीट वेंडर्स के कल्याण के लिए बहुत कम समय में बेहतरीन कार्य कर दिखाया है। पीएम स्वनिधि योजना में हुए इस कार्य से अन्य राज्य प्रेरणा ले सकते हैं। स्ट्रीट वेंडर्स के कल्याण की एक अन्य योजना पर भी विचार किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत शीघ्र ही की जाएगी। लघु व्यवसायी डिजिटल लेन-देन को अपनाकर अपने कारोबार को कई गुना बढ़ाने के लिये आगे आयें। मध्यप्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना की सफलता श्रम की ताकत का परिचायक है, जिसे मैं आदरपूर्वक नमन करता हूं। मध्यप्रदेश के एक लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को लाभ सुनिश्चित कर पहचान-पत्र और अन्य लाभ देने का कार्य प्रशंसनीय है। महामारी के समय गरीबों को इस योजना में मिली यह राहत वरदान सिद्ध हुई है। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों से बात करते हुये कहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों के कल्याण के योजनाबद्ध प्रयास जारी रहेंगे। गरीबों को सूदखोरों के चंगुल से निकालकर आर्थिक सहायता पहुंचाने के प्रयास किए गए हैं। पहले कागजों के डर से गरीब बैंक तक नहीं जा पाते थे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 94 हजार करोड़ रुपये की राशि का अंतरण हो या कोरोना काल में 20 करोड़ बहनों के खाते में 31 हजार करोड़ रुपये जमा करने का कार्य, जरूरतमंदों की पूरी सहायता की गई। श्री मोदी ने कहा कि

- **सरकार ने स्वनिधि योजना में फूड स्ट्रीट वेंडर और रेहड़ी वालों को नेटवर्क से जोड़ा।**
- **इन वेंडर्स को आसान प्रक्रिया से पूंजी देने की व्यवस्था की गई।**

बैंकिंग व्यवस्था से अब गांव भी ऑनलाइन मार्केट से जुड़ जाएंगे। आगामी 1 हजार दिन में ऑप्टिकल फाइबर के अधिकतम उपयोग को बढ़ाने का कार्य होगा, जो एक तरह की डिजिटल क्रांति होगी। चिकित्सक से अपाइंटमेंट और चेकअप का कार्य भी इसी प्रक्रिया से होगा।

श्री मोदी ने कहा कि वन नेशन-वन राशन कार्ड की व्यवस्था भी लागू की गई है। देश में कहीं भी जाने पर व्यक्ति राशन ले सकेगा, अपने हक के साथ चलेगा।

खदानों में 75 प्रतिशत रोज़गार प्रदेश के मूल निवासियों को देना होगा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान खनिज विभाग की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, गौण खनिज खदानों के लीज धारकों को 75 प्रतिशत रोज़गार प्रदेश के मूल निवासियों को देना होगा। दागी अधिकारियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, भ्रष्ट अधिकारियों को तत्काल सेवा से पृथक किया जाए। खनिज से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाते हुए ऑनलाइन व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। प्रदेश में उपलब्ध मुख्य खनिज तथा गौण खनिज, रॉयल्टी का बड़ा स्रोत है। उत्खनित खनिज की शत-प्रतिशत रॉयल्टी राज्य को प्राप्त हो, इसके लिए हमें हरसंभव प्रयास करने होंगे।

राज्य शासन खनिज संसाधनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन के लिए पृथक बल बनाने पर भी विचार कर सकता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में गौण खनिज नियम तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम में प्रस्तावित संशोधनों पर विचार-विमर्श करते हुये कहीं।

अवैध रेत खदानों को वैधानिक प्रक्रिया में लाया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेत रॉयल्टी का बड़ा स्रोत है। इससे जुड़ी अवैध गतिविधियों के कारण जो रॉयल्टी राज्य सरकार को प्राप्त नहीं हो रही है, उसे राज्य निधि में लाने के लिए वैधानिक विकल्प विकसित कर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश से साभार)

5 सितम्बर

चीन छोड़कर भारत आने वाली कंपनियों की मदद करेगी जापान सरकार

● जापान की सरकार ने कहा कि यदि कोई जापानी कंपनी चीन को छोड़कर भारत में मेन्यूफैक्चरिंग यूनिट लगाती है, तो उसे जापान सरकार से वित्तीय मदद मिलेगी। जापान सरकार ने यह फैसला सप्लाई चेन और कच्चे माल के लिये चीन पर निर्भरता कम करने के लिये लिया है। जापान सरकार ने जून में घोषणा की थी कि वहां की कंपनी चीन छोड़कर जापान लौटती है, तो उसे वित्तीय मदद देगी। इसके बाद जापान लौटने वाली 30 कंपनियों को वित्तीय मदद के लिये चुना गया। जापान सरकार ने अब इस दायरे को बढ़ा दिया है। इस मद के लिये जापान सरकार ने 23.5 अरब येन (लगभग 16 अरब रुपये) का बजट रखा है।

● कोरोना वायरस से निपटने के लिये रूस द्वारा बनाई गई वैक्सीन स्पूतनिक वी एक अध्ययन में सुरक्षित पाई गई है। अध्ययन के अनुसार, स्पूतनिक वी वैक्सीन में पर्याप्त एंटीबॉडी और प्रतिरोधी क्षमता है। यह अध्ययन चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अनुसंधान करने वाली पत्रिका लैंसेट ने किया है। लैंसेट ने बताया कि अध्ययन में स्पूतनिक वी वैक्सीन को खरा पाया गया है। वैक्सीन से उत्पन्न एंटीबॉडी वैसी ही है, जैसी कोरोना संक्रमण के इलाज के बाद स्वस्थ मरीजों में दिखती है।

6 सितम्बर

बंदरगाहों पर अब सिर्फ भारतीय टग बोट ही होंगी

● भारतीय बंदरगाहों पर अब सिर्फ भारतीय टग बोट ही तैनात की जायेंगी।

केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय ने इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। मंत्रालय ने कहा कि अब बंदरगाहों द्वारा टग बोट की खरीद के लिये संशोधित मेक इन इंडिया नियमों के तहत निविदा देनी होगी। केंद्रीय जहाजरानी मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार भारतीय जहाज निर्माण उद्योग को बढ़ावा देना चाहती है और इस क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद के लिये उसने कई देशों से बातचीत भी की है। उन्होंने कहा कि जहाज बनाने वाले पुराने केंद्रों (शिपयार्ड) को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि टग बोट उस छोटी नाव को कहते हैं, जिनका काम मालवाहक जहाज को गहरे समुद्र से खींचकर बंदरगाह तक लाना तथा वहां से वापस ले जाना होता है।

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों के लिये लॉन्ग फॉर्मेट ऑडिट रिपोर्ट (एलएफएआर) में संशोधन किया है। इस संशोधन का उद्देश्य बैंकों के आंतरिक ऑडिट और जोखिम प्रबंधन तंत्र की कुशलता में सुधार करना है। आरबीआई ने कहा कि बैंकिंग परिचालन के आकार, जटिलताओं, कारोबारी मॉडल और जोखिमों में बड़े परिवर्तन को देखते हुये एलएफएआर मानकों में संशोधन किया है। यह संशोधन चालू वित्त वर्ष और उसके बाद की अवधि के लिये लागू रहेंगे।

7 सितम्बर

जेईई एडवांस परीक्षा 27 सितम्बर को होगी आयोजित

● जेईई मेंस परीक्षा आयोजित करने के बाद अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने

NATIONAL TESTING AGENCY
Excellence in Assessment

जेईई एडवांस परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। यह परीक्षा 27 सितम्बर को आयोजित होगी। पुराने शेड्यूल के अनुसार, यह परीक्षा 23 सितम्बर को आयोजित होनी थी। कम्प्यूटर आधारित यह परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित होगी। छात्र इस परीक्षा के लिये 17 सितम्बर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र 21 सितम्बर को जारी किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि जेईई एडवांस परीक्षा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये आयोजित होती है। इस परीक्षा में वही छात्र हिस्सा ले सकते हैं, जिन्होंने जेईई मेंस परीक्षा पास की हो।

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिकों ने नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलिस्कोप का प्राइमरी मिरर (मुख्य लेंस) तैयार किया है। इस मिरर के जरिये ब्रह्मांड में हो रही गतिविधियों का गहन अध्ययन किया जा सकेगा। रोमन टेलिस्कोप के मैनेजर स्कॉट स्मिथ ने बताया कि रोमन टेलिस्कोप का मुख्य लेंस का वजन 186 किलोग्राम है। यह हबल टेलिस्कोप के मुकाबले 100 गुना अधिक प्रभावी और स्पष्ट तस्वीरें ले सकता है।

8 सितम्बर

भारतीय स्टेट बैंक इस वर्ष करेगा 14 हजार नियुक्तियां

● भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की इस वर्ष 14 हजार नियुक्तियां करने की योजना है। एसबीआई की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया कि वह अपने कारोबार में विस्तार कर रहा है, जिसके लिये नये लोगों की आवश्यकता होगी। बैंक ने कहा कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) बैंक की लागत में कटौती करने के लिये नहीं है। इस योजना के दायरे में 30 हजार से अधिक कर्मचारी आ सकते हैं। इस योजना के मसौदे के तहत बैंक में 25 वर्ष की सेवा अथवा 55 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी स्थायी अधिकारी और स्टाफ कर्मचारी इसका उपयोग कर सकते हैं।

● कस्टम विभाग सभी प्रकार के आयात के लिये 31 अक्टूबर से अखिल भारतीय स्तर पर फेसलेस असेसमेंट शुरू करेगा। सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) ने इस संबंध में एक सर्कुलर जारी कर यह जानकारी दी। सीबीआईसी ने बताया कि कस्टम विभाग ने बेंगलुरु और चेन्नई में आठ जून 2020 से कुछ आयातित वस्तुओं की फेसलेस असेसमेंट व्यवस्था शुरू की थी, बाद में दिल्ली और मुंबई में भी यह व्यवस्था शुरू की गई थी। अब इसका दायरा बढ़ाकर इसे सभी बंदरगाहों पर चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा।

9 सितम्बर

ईपीएफओ ने किया 94 लाख से अधिक दावों का निपटारा

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अगस्त तक 94 लाख 41 हजार दावों का निपटारा किया है। ईपीएफओ ने इस दौरान कुल 35 हजार 445 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया है। यह जानकारी केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा दी गई है। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस वित्तीय वर्ष में अगस्त तक जितने भी भविष्य निधि दावों का निपटारा किया गया है, उनमें से 55 प्रतिशत दावे कोविड-19 अग्रिम लेने वाले थे, जबकि 33 प्रतिशत दावे बीमारी से संबंधित थे। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी को देखते हुये ईपीएफओ ने अपने खाताधारकों को राहत देते हुये अग्रिम निकासी की सुविधा प्रदान की थी।

● केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने देश के 9 राज्यों में 22 बांस क्लस्टरों को लॉन्च किया। ये क्लस्टर मध्यप्रदेश, असम, कर्नाटक, नागालैंड, त्रिपुरा, ओडिशा, गुजरात, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में स्थापित किये गये हैं। इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा कि देश में राष्ट्रीय बांस मिशन सफल रहा है। भारत अब बांस के उत्पादों का निर्यात बढ़ाने की दिशा में अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि देश में एक बड़ा रकबा ऐसा है, जहां फसलों की खेती नहीं हो सकती, लेकिन बांस का उत्पादन किया जा सकता है। किसान मेढ़ पर बांस उगाकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान श्री तोमर ने राष्ट्रीय बांस मिशन के लोगो का विमोचन भी किया।

10 सितम्बर

यूरोप का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर हुआ आग से खाक

● ग्रीस के लेस्वोस द्वीप पर बनाया गया एक शरणार्थी शिविर (मोरिया कैंप) आग की भेंट चढ़ गया। बताया जाता है कि यह यूरोप का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर है। इस शिविर में आग लगने से लगभग 12 हजार 500 शरणार्थियों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है। शरणार्थी समय रहते इस कैंप से सुरक्षित निकल गये थे। इस शिविर में कई देशों से आये शरणार्थी रहते हैं, इनमें से ज्यादातर अफगानिस्तान के हैं। इस शिविर में क्षमता से लगभग छह गुना अधिक शरणार्थी रह रहे थे। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मोरिया कैंप में 35 कोविड मरीज मिले थे, जिसके बाद यहां लॉकडाउन लगाया गया था। शरणार्थी लॉकडाउन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे और उन्हीं की गलती से कैंप में आग लगी।

● केंद्र सरकार देश में इम्प्लांट, मेडिकल उपकरणों और डिवाइस की गुणवत्ता और कीमतों पर नियंत्रण करने की दिशा में काम कर रही है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) 24 तरह की बीमारियों में इस्तेमाल होने वाले 1800 उपकरणों और डिवाइसों को उनके महत्व और जरूरत के अनुसार चार श्रेणियों में विभाजित करेगा। चारों श्रेणियों के लिये अलग-अलग तरह से पंजीकरण और लाइसेंस लेने का तरीका और अवधि निर्धारित की है। श्रेणी ए और बी में कम महत्व वाले उपकरण होंगे, जबकि श्रेणी सी और डी में अधिक महत्व वाले उपकरण होंगे। इन सूचियों पर हितधारकों को एक माह में राय देने को कहा गया है।

11 सितम्बर

यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के लिये जारी किये गये दिशा-निर्देश

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा और भारतीय वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इन दिशा-निर्देशों में परीक्षा से पहले की जाने वाली तैयारियों से लेकर कोरोना महामारी को ध्यान में रखकर सभी आवश्यक सामग्री का वर्णन है। दिशा-निर्देशों के तहत परीक्षार्थियों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा, साथ ही उन्हें हैंड सेनेटाइजर भी लाना होगा। यूपीएससी ने प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी किये हैं, परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट लाना होगा। परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र के साथ एक फोटो आईडी भी परीक्षा केंद्र लानी होगी। परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। उल्लेखनीय है कि यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 4 अक्टूबर को देशभर में आयोजित की जायेगी।

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने अंशधारकों को बड़ी राहत दी है। ईपीएफओ की कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना-1976 के तहत अब 6 लाख की जगह 7 लाख रुपये का बीमा लाभ मिलेगा। ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी मंडल ने कर्मचारियों को बीमा लाभ की राशि बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस फैसले के बाद ईपीएफओ के अंशधारकों को बीमा लाभ राशि में एक लाख रुपये का इजाफा होगा।

● अमेरिका ने एक हजार से ज्यादा चीनी छात्रों का वीजा रद्द कर दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बताया कि रद्द किये गये वीजा की यह संख्या इस सप्ताह की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मई 2020 में कुछ चीनी छात्रों और शोधकर्ताओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया था। यह कार्यवाही उसी आदेश के तहत की गई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

Malwa Institute of Technology
ESTABLISHED 2004
Building Generations of Nation Builders

APPOINTMENTS

Application are invited for the competent academicians as professor, Associate Professors and Assistant Professors for MBA in any discipline.

Interviews for academicians will be held under college code 28 of DAVV, Indore. Interested candidates are requested to E-mail their C.V. / Biodata within 3 days to jobs@mitindore.co.in, mitindore.co.in Qualification, experience and pay scales as per UGC/AICTE norms

Indore-Dewas Bypass Road, Indore (M.P.)-452 016 Fax - 0731-2810005
0731-2810001- 8, 9109111991- 5 mit@mitindore.co.in

R-44372/2020

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
Build Your Own Success Story

UPSC में 2000 से अधिक सलेक्शन देने के बाद MPPSC को समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान
प्रयासKSG

Our Proud Achievers (MPPSC)



New Batch Starting From 20th SEPT. Online Platform

Available on all major platform such as Android, IOS and Web

(Registration Open)

Convenience through Online mode with the same quality of Offline Classes

93029 63679, 72239 01339, 0755-4940022

R-44373/2020

वर्ष 37, अंक 37 14.09.2020 से 20.09.2020

रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

पंचायतों को कार्यों के लिये मिलेगी पर्याप्त धनराशि

देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवासरत है। गांवों की तस्वीर बदलने का दायित्व पंचायत प्रतिनिधियों का है। राज्य सरकार इन कार्यों के लिये संसाधनों की कोई कमी नहीं होने देगी। पंचायत प्रतिनिधि विकास कार्यों का पूरी प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और ईमानदारी से संचालन करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय से आयोजित वर्चुअल संवाद में पंचायत प्रतिनिधियों से बात करते हुये कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 15वें वित्त आयोग अनुदान की 996 करोड़ रुपये की राशि पंचायतों को सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंच परमेश्वर योजना के अंतर्गत प्राप्त 996 करोड़ रुपये पंचायतों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इससे पेयजल और स्वच्छता से संबंधित कार्य कराये जाने हैं। इस वित्तीय वर्ष में अब तक पंचायतों को 15वें वित्त आयोग से 3 हजार 984 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये जा चुके हैं। इससे ग्रामों की तस्वीर बदलेगी। इस अवसर पर बताया गया कि कुल राशि का 85 प्रतिशत ग्राम पंचायत, 10 प्रतिशत जनपद पंचायत और 5 प्रतिशत जिला पंचायतों को उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंच परमेश्वर योजना गांवों के लिये वरदान सिद्ध हुई है। इससे ग्राम पंचायतों में पेयजल, जल संरक्षण अधोसंरचना निर्माण और कोरोना महामारी से बचाव के लिये सैनिटाइजर, मास्क, प्रवासी श्रमिकों की भोजन व्यवस्था, आश्रय तथा अन्य प्रशासनिक कार्य संचालित किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना, पात्रता पर्ची तथा खाद्यान्न वितरण की तैयारियों और संबल योजना के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों को उपलब्ध करायी जा रही राशि से पंचायतें सामुदायिक स्वच्छता परिसर, पेयजल कूप, नल-जल संबंधी कार्य, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, साफ-सफाई और स्वच्छता के कार्य तथा जल संरक्षण संबंधी निर्माण कार्य करा सकेंगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी जिला और जनपद पंचायतें एनआईसी से तथा सभी ग्राम पंचायतों को वेब लिंक के माध्यम से जोड़ा गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को नरसिंहपुर की चावरपाठा जनपद पंचायत की सदुमर पंचायत की प्रधान सुश्री मोना कौरव ने बताया कि ग्राम में गौ-शाला का विकास किया गया है। पंचायत में 5 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किये गये हैं। स्मार्ट पंचायत के निर्माण की पहल हुई है। स्वास्थ्य केंद्र की शक्ल बदल गई है। आयुष विभाग सक्रिय हो गया है। मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी में बदलाव की तड़प होनी चाहिये। सुश्री मोना ने बताया कि ग्राम की प्राचीन हवेली और तालाब के संरक्षण की भी पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने इसके लिये पंचायत की सराहना की और बधाई दी। मुख्यमंत्री ने बैतूल की ग्राम पंचायत मासोद के सरपंच श्री भास्कर मगरदे से भी बातचीत की। उन्होंने रोज़गार दिलवाने के प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने मासोद में भारत माता मंदिर के निर्माण की सराहना की। सागर जिले के जैसीनगर जनपद पंचायत के गेंहूरास बुजुर्ग पंचायत की प्रधान श्रीमती हेमलता सिंह ने बताया कि ग्राम के युवा बुदनी की फैक्ट्री में प्रशिक्षण के लिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने इस ग्राम पंचायत की महिला सदस्यों से भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आपको पर्याप्त राशि प्रदान की जायेगी, परिश्रम से कार्य करें। जिला पंचायत मुरैना की प्रधान श्रीमती गीता देवी ने जल संरक्षण प्रयासों का विवरण दिया। मुख्यमंत्री को बताया गया कि मास्क निर्माण से ग्रामीण महिलाओं ने आय अर्जित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व-सहायता समूह ड्रेस तैयार करने का कार्य भी करें। श्रीमती गीता देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले में स्ट्रीट वेंडर्स के पंजीयन का कार्य बड़े पैमाने पर करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जैव विविधता का प्रथम पुरस्कार मुरैना को मिलने पर बधाई भी दी। मध्यप्रदेश सरकार पंचायतों को कार्यों के लिये पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवा रही है। इससे प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों में सभी कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हो रहे हैं। गांवों की व्यवस्था में दिनोंदिन सुधार परिलक्षित हो रहा है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- द्वीप-1 पृथ्वी के काफी बड़े भू-भाग में द्वीप अवस्थित हैं। इनमें भी छोटे द्वीपों की संख्या हजारों में है। द्वीप को मोटे तौर पर तीन प्रकारों में बांटा जा सकता है - 1. महादेशीय, 2. महासागरीय, 3. प्रवालीय।

महादेशीय द्वीप उन्हें कहा जाता है जो कि महादेशीय उप तटों से उदित होते हैं। जैसे ब्रिटिश द्वीप समूह या न्यूफाउंडलैंड। इन द्वीपों की भूवैज्ञानिक संरचना उन महाद्वीपों के समान होती है, जिनसे यह संबंधित होते हैं। महासागरीय द्वीप उन्हें कहा जाता है जो महासागर के अंतःस्थल से उभरते हैं। उनकी भूवैज्ञानिक संरचना का निकटतम तटों में से कोई संबंध नहीं होता। ये ज्यादातर अंतः समुद्री पर्वतों या अंतः समुद्री ज्वालामुखियों के शीर्ष होते हैं। उदाहरण के लिये ट्रिस्टन दा कुन्हा मध्य अटलांटिक पर्वत श्रेणी से, जबकि सेंट हेलेना और टेनेरिफ समुद्री ज्वालामुखियों से बने हैं। प्रवालीय द्वीप को प्रवाल पालिप कहा जाता है। इन्हें समुद्री जीवों की रचना भी कहा जाता है। ये समुद्री जीव समुद्र में उपनिवेश बनाकर उसमें जमा हो जाते हैं। जीव जब मृत हो जाते हैं तो चूना-पत्थर जैसे तत्व के बने उनके कंकाल का एक बड़ा गुच्छा बना देते हैं। इनमें से कुछ पानी के ऊपर उभर जाते हैं।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अभियन्ता दिवस | 15 सितम्बर

मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की याद में देश मनाता है इंजीनियर्स डे

ईंट, पत्थर, लोहे और सीमेंट की सहायता से इमारत, पुल, बांध और दीगर उपयोगी निर्माण करने वाला इंजीनियर, एक शिल्पकार के तुल्य होता है, जो एक तय प्रारूप के साथ अपनी मेधा और कल्पनाशीलता के साथ ऐसे रूपाकार गढ़ता है, जो सुदर्शन, टिकाऊ और अद्भुत होते हैं। ऐसे ही रूपाकार गढ़ने वाले इंजीनियर जब अपने विशिष्ट तकनीकी कौशल के साथ सामाजिक सरोकार को भी शामिल कर लेते हैं, तो वह महान बन जाते हैं। औपनिवेशिक पराधीनता के दौर में अपनी प्रतिभा से भारत के विकास में योगदान देने वाले भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया एक ऐसे ही युगदृष्टा इंजीनियर थे। जिनके अवदान को याद करते हुए देश प्रतिवर्ष उनके जन्मदिन 15 सितम्बर को इंजीनियर्स-डे (अभियन्ता दिवस) के रूप में मनाता है। एम. विश्वेश्वरैया भारत के महान इंजीनियरों में से एक थे, जिन्होंने आधुनिक भारत की रचना की और भारत को नया रूप दिया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके समर्पण और उनके असाधारण योगदान ने उन्हें अतुल्य और अविस्मरणीय बना दिया। एक मेधावी इंजीनियर के साथ ही वे एक अध्येता, अन्वेषक और समय से आगे की सोच रखने वाले व्यक्ति थे और उनकी इसी अद्वितीय और अप्रतिम क्षमता के कारण वर्ष 1955 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान- 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था। सच तो यह है कि उन्होंने इंजीनियरिंग को सामाजिक सरोकार से सम्बद्ध कर एक आदर्श गढ़ा।

अभियन्ताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन और योगदान के आकलन का दिन

इंजीनियर डे (अभियन्ता दिवस) मनाने का सिलसिला भारत में 15 सितम्बर 1967 से आरम्भ हुआ था, जब देश के महान इंजीनियर, स्वप्नदृष्टा और इस पेशे को गौरव प्रदान करने वाले भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को हमने इंजीनियर-डे के रूप में अंगीकार किया था। इस दिन समूचे देश में राजकीय और निजी समारोह में इंजीनियर के अवदानों को याद किया जाता है और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले इंजीनियर को सम्मानित भी किया जाता है। इस वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण संभवतः सार्वजनिक सम्मान न हो मगर वर्चुअल मीट, वेबीनार और सोशल मीडिया पर तो इंजीनियर की अमूल्य सेवाओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन और उनके योगदान का आकलन किया ही जा सकता है। इंजीनियरिंग व्यवसाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों यथा- भारतीय इंजीनियरिंग की दक्षता को विश्वस्तरीय बनाने, कम संसाधन में अधिक उपलब्धि वाली मितव्ययी इंजीनियरिंग को बढ़ावा देने। विकासशील भारत में इंजीनियर की भूमिका को परिभाषित करने और बदलते समय की चुनौतियों के अनुरूप इंजीनियर के पेशे में बदलाव लाने पर भी व्यापक विचार-विमर्श होता है।

इंजीनियरिंग शिक्षण की गुणवत्ता और क्षमता में बढ़ोत्तरी पर विचार–विमर्श जरूरी

इंजीनियरिंग विषयों के शिक्षण के स्तर और एक पेशेवर इकाई के रूप में कार्यरत इंजीनियर की क्षमता में बढ़ोत्तरी पर भी इस एक दिन गहन मंथन होना चाहिए। इंजीनियरिंग विषयों के शिक्षण के स्तर से चिंतित होकर ही देश की अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की एक समिति ने कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन के सुझाव सहित एक रिपोर्ट भारत सरकार के मानव संसाधन विभाग को सौंपी थी। इस समिति ने 'तकनीकी शिक्षा के लिये लघु एवं मध्यम स्तरीय परिप्रेक्ष्य' को ध्यान में रखकर जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसमें नये इंजीनियरिंग कॉलेज न खोलने, प्रचलित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में और सीट न बढ़ाने और नियोजक की भूमिका निभाने वाले उद्योगों के साथ अकादमिक सम्पर्क बढ़ाने का व्यवस्थित पारिस्थितिक तंत्र (इकोसिस्टम) तैयार करने के महत्वपूर्ण सुझाव दिये थे। रिपोर्ट के अनुसार मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे पारंपरिक संकायों में सीट नहीं भर पा रही हैं, जबकि कम्प्यूटर विज्ञान, मेकाट्रोनिक्स एवं एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्थिति इससे काफी बेहतर है। इससे स्पष्ट होता है कि उभरती हुई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मांग है। ऐसे ही सुझावों को गुण दोष के आधार पर स्वीकार कर, परिवर्तन के निर्णय जरूरी हैं, जिससे इंजीनियरिंग विषयों के शिक्षण का स्तर बढ़े।

एम. विश्वेश्वरैया ने अपनी मेधा के बूते विकास का कल्याणधर्मी स्वरूप तय किया

मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने अपनी मेधा के बूते ही देश में अधोसंरचना विकास का कल्याणधर्मी स्वरूप तय किया था। विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितम्बर 1860 को मैसूर रियासत में हुआ था। चिकबल्लापुर से इन्होंने प्रायमरी स्कूल की पढ़ाई पूरी की और आगे की पढ़ाई के लिए

वे बेंगलुरु चले गए। वर्ष 1881 में विश्वेश्वरैया ने मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज, बेंगलुरु से बी.ए. की परीक्षा पास की। इसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। वर्ष 1883 में एल.सी.ई. और एफ.सी.ई. की परीक्षा में उन्होंने सर्वोच्च स्थान पाया था। सिन्धु नदी के पानी का सुक्कुर गांव तक ब्लॉक सिस्टम से प्रदाय, बांध में पानी का प्रवाह रोकने के लिये इस्पात के दरवाजों का उपयोग और मैसूर में कृष्णराज सागर बांध के निर्माण सहित अनेक प्रतिष्ठापूर्ण निर्माणों में उनका अवदान रहा। बाढ़ के दबाव को झेल सकने वाले खड़गवासला बांध का निर्माण, हैदराबाद सिटी बनाने और उस शहर के लिये बाढ़ नियंत्रण पद्धति विकसित करने और विशाखापट्टनम में समुद्र के कारण बंदरगाह के कटाव को रोकने जैसी कई उपलब्धियां उनके नाम हैं। विश्वेश्वरैया को आधुनिक मैसूर राज्य के पिता की संज्ञा भी दी जाती है। मैसूर में विभिन्न उद्योगों, पॉलिटेक्निक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, सेंचुरी क्लब और स्टेट बैंक ऑफ मैसूर जैसे कई संस्थानों की स्थापना का श्रेय भी उनको जाता है।

प्रतिष्ठित पेशे की गरिमा और महत्व को परिभाषित करता है यह दिन

इंजीनियरिंग को विश्व के लगभग सभी देशों में एक गरिमापूर्ण पेशे के रूप में जाना जाता है। भारत में तो डॉक्टर, इंजीनियर और वकील बनने को गर्व के साथ उल्लेखित किया जाता था। वस्तुतः एक इंजीनियर अपने पेशे के कर्तव्य को निभाते हुए सामाजिक सरोकारों के अपने कर्तव्य को भी पूरा करता है, अतः इसे एक अपेक्षाकृत उत्कृष्ट पेशा माना जाता है। आज भी देश में दूसरे पेशों की अपेक्षा इससे जुड़ने वाले युवाओं की संख्या काफी अधिक है। एक अध्ययन के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष लगभग बीस लाख युवा इंजीनियर बन जाते हैं। यह आंकड़े इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक, केमिकल और कम्प्यूटर साइंस को मिलाकर हैं।

इंजीनियरिंग की अपेक्षाकृत नई शाखा सूचना प्रौद्योगिकी में तो भारतीय युवाओं की दिलचस्पी चरम पर है और भारत विश्व के उन गिने-चुने अग्रणी देशों में से है जहां बड़ी संख्या में आई.टी. प्रोफेशनल हैं। हमारे देश में इंजीनियर-डे को इस प्रतिष्ठित पेशे के महत्व को परिभाषित करने वाले दिन के रूप में देखा जाता है।

अब सामाजिक सरोकारों से जुड़ी नई भूमिका विकसित करनी होगी

एक पेशेवर इंजीनियर को केवल धनार्जन के लक्ष्य से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से जुड़ने की पारम्परिक भूमिका को लेकर अब पुनर्विचार करना होगा। एक युवा और संभावनाओं से परिपूर्ण इंजीनियर को अब सामाजिक सरोकारों से जुड़ी नई भूमिका विकसित करनी होगी। इंजीनियर का पेशा वास्तव में एक तकनीकी पेशा है, जिसमें किसी भी इंजीनियर द्वारा विभिन्न फिजिकल और केमिकल विज्ञान की अवधारणाओं और सिद्धान्तों को अपनी ब्रांच के मुताबिक विभिन्न प्रोजेक्ट या प्रोडक्ट के रूपांकन और उत्पादन में प्रयुक्त किया जाता है।

इस प्रतिस्पर्धा के युग में एक सफल इंजीनियर बनने के लिए आपको अपने काम को शत-प्रतिशत अंजाम देना होगा, तभी एक इंजीनियर अपने औचित्य और उपादेयता को प्रमाणित कर पायेगा। मगर वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर इस वर्ष कोरोना महामारी के कारण जो बड़े आर्थिक बदलाव आये हैं उसके बाद सभी औद्योगिक इकाइयों की प्राथमिकता बदली है और देश में 'आर्थिक आत्मनिर्भरता' के विचार ने औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में देशी मशीनों, देशी प्रौद्योगिकी और घरेलू कच्चे माल के साथ उत्पादन का जो संकल्प लिया है, उसमें उद्योगपति के साथ ही काम करने वाले कामगारों और इंजीनियर जैसे तकनीशियन की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है और उन्हें अनुसंधान के क्षेत्र में भी सक्रिय होना पड़ेगा। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में इंजीनियर की भूमिका का नया भाष्य देश के सामने रखना होगा।

- राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कलेक्टर
(सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग) जिला बुरहानपुर

दूरभाष क्र. : 207325-242158, E-mail : ddsw_bpr@rediffmail.com

विज्ञप्ति

क्रमांक/स्था./जि.वि.पुन.के./2020/325 **बुरहानपुर, दिनांक 04.09.2020**

जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बुरहानपुर में विभिन्न स्वीकृत रिक्त पदों पर पूर्ति हेतु दिनांक 08.07.2020 को एनआईसी एवं कार्यालय कलेक्टर के सूचना बोर्ड पर प्रकाशित विज्ञप्ति में समस्त पदों की पदपूर्ति हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होने से पुनः आवेदन आमंत्रित किये जाने हेतु जिला दिव्यांग कल्याण समिति द्वारा निर्णय लिया गया है।

अतः पुनः रिक्त पदों की पदपूर्ति हेतु नवीन विज्ञापन जारी किया जाता है। उक्त विज्ञापन में जिन आवेदकों द्वारा पूर्व से रिक्त पदों हेतु आवेदन कार्यालय में निर्धारित तिथी तक प्रेषित किये गये हैं। उन अभ्यार्थियों को पुनः आवेदन करने आवश्यकता नहीं है।

बुरहानपुर जिले में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में निम्नानुसार रिक्त पदों पर एक वर्षीय संविदा नियुक्ति की पदपूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र.	पदनाम	पद संख्या	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	स्वीकृत मानदेय प्रतिमाह
1.	क्लीनिकल साईक्लोजिस्ट/ साइक्लोजिस्ट	01	एम.फिल इन क्लीनिकल सायकोलॉजी अथवा सायकोलॉजी में स्नातकोत्तर एवं विकलांगता के क्षेत्र में 02 वर्ष का अनुभव।	20,000
2.	सीनियर फिजियोथैरापिस्ट/ आक्यूपेशनल थैरापिस्ट	01	फिजियोथैरेपी में स्नातकोत्तर एवं 5 वर्ष का अनुभव	20,000
3.	सीनियर प्रोस्थेटिस्ट/ ऑर्थोटिस्ट	01	प्रोस्थेटिक/आर्थोटिस्ट विज्ञान में डिग्री (राष्ट्रीय संस्थान से पास उम्मीदवार को प्राथमिकता) एवं 5 वर्ष का अनुभव अथवा प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स विज्ञान में डिप्लोमा एवं 6 वर्ष का अनुभव।	20,000
4.	प्रोस्थेटिस्ट/ऑर्थोटिस्ट (टेक्निशियन)	01	आई.टी.आई. एवं कृत्रिम अंग सहायक उपकरण निर्माण में तीन वर्ष का अनुभव	16,000
5.	सीनियर स्पीच थैरापिस्ट/ ऑडियोलॉजिस्ट	01	स्पीच एवं हेयरिंग में स्नातकोत्तर अथवा स्नातक	20,000
6.	ईयर मोल्ड टेक्निशियन	01	डिप्लोमा इन हियरिंग लैंग्वेज एवं स्पीच एवं श्रवण यंत्र रिपेयरिंग का अनुभव	16,000
7.	मोबिलिटी इन्स्ट्रक्टर	01	मैट्रिक एवं डिप्लोमा इन मोबीलिटी एण्ड ओरिएण्टेशन	14,000
8.	मल्टीपर्पज रिहेबिलिटेशन	01	12वीं एवं डिप्लोमा इन कम्यूनिडी बेस्ड रिहेबिलिटेशन/मर्टिपर्पज रिहेबिलिटेशन वर्कर अथवा डिप्लोमा इन अर्ली चाइल्ड विशेष शिक्षा एवं दो वर्ष का अनुभव।	12,000
9.	विशेष शिक्षक (मेण्टल रिटार्डेशन/ऑटिज्म/ सेलेब्रम पॉलिसी)	01	स्नातक (सामान्य)/बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन इन एम.आर. विथ 2 वर्ष का अनुभव अथवा डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन इन एम.आर. विथ 3 वर्ष का अनुभव।	16,000
10.	अटेण्डेड/प्यून/मैसेंजर	01	आठवीं पास	7000

नियुक्ति संबंधी शर्तें :- 1. यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा पर एक वर्ष के लिये रहेंगी, किसी भी एक पक्ष द्वारा एक माह के नोटिस पर किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकती है। एक वर्ष पश्चात् सेवाएं संतोषप्रद पाये जाने पर समिति पुनः सेवा में वृद्धि कर सकेंगी। 2. चरित्र सत्यापन में अयोग्य पाए जाने पर बिना सूचना के नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी। 3. जिला मेडीकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र में अयोग्य घोषित किये जाने पर नियुक्ति निरस्त कर दी जावेंगी। 4. नियुक्त व्यक्ति के शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएँ तथा अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों में किसी प्रकार की त्रुटि एवं गलत पाये जाने पर सेवाएं समाप्त कर दी जावेंगी एवं वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। 5. नियुक्ति आदेश जारी होने के दिनांक से 15 दिवस से भीतर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा, अन्यथा जारी आदेश स्वमेव निरस्त माना जाकर, प्रतिक्षा सूची में वरीयता अनुसार अभ्यार्थी को नियुक्ति प्रदान की जावेंगी। 6. प्रतिभागियों का चयन शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्राप्तांकों एवं अनुभव के आधार पर तय की गई मेरिट एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जावेगा। शैक्षणिक योग्यता व अनुभव के आधार पर गणना की जाकर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। न्युनतम अधिक अनुभव होने पर प्रतिवर्ष अनुभव के 2 अंक अतिरिक्त दिये जायेंगे। 7. सभी पदों हेतु जीवित रोज़गार पंजीयन होना आवश्यक है। 8. समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम व मान्य होगा। 9. संविदा पर नियुक्त संविदाकर्मी संविदा के दौरान संविदा नियुक्ति छोड़ना चाहता है उसे संविदा त्याग करने के 30 दिवस पूर्व का नोटिस देना अनिवार्य होगा अथवा एक माह का पारिश्रमिक मानदेय पदस्थी कार्यालय में जमा करना होगा। 10. आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन केवल एक ही पद हेतु प्रस्तुत किया जावे। 11. संविदा पर नियुक्त संविदाकर्मी को 100 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर संबंधित नियोक्ता के साथ करारनामा प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

उक्त पद एकांकी होने से आरक्षण प्रावधानों से मुक्त रहेंगे। रिक्त पद पूर्णतः संविदा है, शासन पक्ष के विरुद्ध न्यायालय में कोई प्रकरण प्रस्तुत करने पर स्थिति शून्य मानी जावेगी। आवेदनकर्ता अपना आवेदन पत्र मय फोटो तथा समस्त आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति (राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित) **सहित विज्ञापन प्रसारित होने के 15 दिवस तक (कार्य दिवसों में)** कार्यालयीन समय में डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर जिला कार्यालय सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग बुरहानपुर में संयुक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के रूम नंबर 45 में प्रस्तुत कर सकते हैं। लिफाफे पर जिस पद हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है, उसका स्पष्ट उल्लेख करें। नियत अवधि के पश्चात् प्रस्तुत आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित

सचिव, जिला दिव्यांग कल्याण तथा विकास समिति
जिला-बुरहानपुर एवं उपसंचालक
सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण, जिला-बुरहानपुर

आवेदन पत्र

सचिव एवं उपसंचालक
सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण
जिला विकलांग कल्याण तथा विकास समिति
संयुक्त जिला कार्यालय रूम नंबर 45 मोहम्मदपुरा
जिला बुरहानपुर (म.प्र.)

1. पदनाम (जिसके लिये आवेदन किया है) :- .....
2. अभ्यर्थी का पूरा नाम (क) हिन्दी में :- .....
   (ख) अंग्रेजी में :- .....
3. जन्मतिथि अंकों में :- .....
4. पिता का नाम :- .....
5. स्थायी पता :- .....
6. पत्र व्यवहार का पता :- .....
7. शैक्षणिक योग्यता :- .....

क्र.	परीक्षा का नाम	वर्ष	मंडल/वि.वि./संस्था का नाम	प्रतिशत	अनुभव

8. अनुभव :- .....
9. अन्य कोई जानकारी देना चाहें :- .....

नोट :- हाईस्कूल/हायर सेकेण्ड्री/स्नाक/अनुभव व अन्य प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सत्य है।

स्थान :-
दिनांक :-

अभ्यर्थी के हस्ता.
पूरा नाम .....
फोन नं./मोबाइल नं. .....

जी-13950/44357/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से नरसिंहपुर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रैट्रोफिटिंग नलजल योजनाओं में पाईप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन के कार्यों हेतु निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	निविदा सूचना क्र./दिनांक	ई-निविदा क्रमांक	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	कुल अनुमानित लागत (रु. लाख में)	कुल अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ऑनलाइन निविदा क्रय/प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	समय अवधि
1	021/ 31.08.2020	2020_PHED_104685_1	चौंवरपाठा	3	90.66	90660/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
2	022/ 31.08.2020	2020_PHED_104686_1	चौंवरपाठा	3	80.59	80590/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
3	023/ 31.08.2020	2020_PHED_104687_1	चौंवरपाठा	3	62.38	62380/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
4	024/ 31.08.2020	2020_PHED_104688_1	चौंवरपाठा	2	65.53	65530/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
5	025/ 31.08.2020	2020_PHED_104689_1	चौंवरपाठा	3	78.84	78840/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
6	026/ 31.08.2020	2020_PHED_104690_1	चौंवरपाठा	3	63.62	63620/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
7	027/ 31.08.2020	2020_PHED_104691_1	चौंवरपाठा	3	72.02	72020/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
8	028/ 31.08.2020	2020_PHED_104692_1	चौंवरपाठा	3	71.26	71260/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
9	029/ 31.08.2020	2020_PHED_104693_1	चौंवरपाठा	2	60.98	60980/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
10	030/ 31.08.2020	2020_PHED_104694_1	चौंवरपाठा	2	71.62	71620/-	10000/-	16.09.2020	180 दिवस वर्षा ऋतु सहित
11	031/ 31.08.2020	2020_PHED_104695_1	चौंवरपाठा	2	61.62	61620/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
12	032/ 31.08.2020	2020_PHED_104696_1	चौंवरपाठा	2	67.20	67200/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
13	033/ 31.08.2020	2020_PHED_104697_1	चौंवरपाठा	4	67.18	67180/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
14	034/ 31.08.2020	2020_PHED_104700_1	चौंवरपाठा	3	80.70	80700/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
15	035/ 31.08.2020	2020_PHED_104701_1	चौंवरपाठा	3	85.17	85170/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
16	036/ 31.08.2020	2020_PHED_104702_1	चौंवरपाठा	2	55.98	55980/-	10000/-	16.09.2020	120 दिवस वर्षा ऋतु सहित
17	037/ 31.08.2020	2020_PHED_104703_1	चौंवरपाठा	1	18.26	36520/-	2000/-	16.09.2020	90 दिवस वर्षा ऋतु सहित
18	038/ 31.08.2020	2020_PHED_104704_1	करेली	2	87.90	87900/-	10000/-	16.09.2020	180 दिवस वर्षा ऋतु सहित

कार्यपालन यंत्री
जी-13968/44359/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड - नरसिंहपुर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दतिया (म.प्र.)

Email Id : phe_datia@yahoo.com, Phone No. : 07522-237520

नि.आं.सू.क्र. 10/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./खण्ड/2020-21 दतिया, दिनांक 07.09.2020

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.09.2020 को दोपहर 12.00 बजे से **दिनांक 26.09.2020 को सायं 5.30 बजे तक** क्रय तथा दिनांक 08.09.2020 को दोपहर 01.00 बजे से दिनांक 26.09.2020 को सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं तथा निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत दरों की बिड दिनांक 28.09.2020 को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी। निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत दस्तावेज मय धरोहर राशि के ऑनलाइन ही जमा करने होंगे। इन्हें भौतिक रूप से जमा नहीं किया जावेगा।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं शर्तें व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

सं. क्र.	निविदा सिस्टम क्र.	जिला	कार्य	संख्या	अनुमानित लागत (PAC) (रु. लाख में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2020_PHED_103890_1	दतिया	Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village :- Katili, Ganesh Khenda, Lalauwa & Dursada, Block :- Datia, Distt. Datia (M.P.)	01 कार्य	159.46	159460/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित
2.	2020_PHED_103891_1	दतिया	Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village :- Nayagaon, Renda, Unnao & Kusoli, Block :- Datia, Distt. Datia.	01 कार्य	158.16	158160/-	12500/-	09 माह वर्षाकाल सहित
3.	2020_PHED_103892_1	दतिया	Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village :- Chiroli, Beeker, Semai & Dagrai, Block :- Datia, Distt. Datia.	01 कार्य	117.55	117550/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित
4.	2020_PHED_103893_1	दतिया	Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village :- Asher, Sijora, Guda, Parasari & Imliya, Block :- Datia, Distt. Datia.	01 कार्य	149.80	149800/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित
5.	2020_PHED_103894_1	दतिया	Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village :- Padri, Atara, Debhai & Rampura Khurd, Block :- Seondha, Distt. Datia (M.P.)	01 कार्य	149.04	149040/-	12500/-	09 माह वर्षाकाल सहित
6.	2020_PHED_105722_1	दतिया	Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village :- Mangrol, Gyara & Bhaguapura, Block :- Seondha, Distt. Datia (M.P.)	01 कार्य	105.57	105570/-	12500/-	09 माह वर्षाकाल सहित
7.	2020_PHED_105723_1	दतिया	Retrofitting of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village :- Maheba, Berachh, Atreta, Chimdhan, Sheekhari & Baghawali, Block :- Seondha, Distt. Datia (M.P.)	01 कार्य	162.82	162820/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
जी-14054/44365/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड दतिया (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा

E-mail : eepwd1chhind@mp.nic.in, Phone : 07162-248978

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 09/ब.ले.लि./2020-21 छिंदवाड़ा, दिनांक 03.09.2020
निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

स. क्र.	टेंडर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अमानत राशि	समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा जमा करने का कार्यालय
1.	105116	छिंदवाड़ा	सड़क कार्य	मानकादेही गौमुख से दमुआ रैयत मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.10 कि.मी. (प्रथम आमंत्रण)	362.72	15000/-	362800/-	10 माह वर्षाऋतु सहित	मुख्य अभियंता (म.क्षे.) लो.नि.वि., जबलपुर
2.	105117	छिंदवाड़ा	पुल पुलिया	लो.नि.वि. उपसंभाग सौसर अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर पुल-पुलिया का मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	15.00	2000/-	30000/-	07 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिंदवाड़ा
3.	105120	छिंदवाड़ा	भवन मरम्मत	लो.नि.वि. उपसंभाग तामिया अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में अनुरक्षण विशेष मरम्मत एवं अन्य जमा निधि के कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00	2000/-	20000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिंदवाड़ा
4.	105123	छिंदवाड़ा	पुल पुलिया	लो.नि.वि. उपसंभाग तामिया अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर पुल-पुलिया का मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	5.00	2000/-	10000/-	07 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिंदवाड़ा
5.	102454	छिंदवाड़ा	बी.टी. रिनिवल	उपसंभाग तामिया अंतर्गत छिन्दीजोगी मुआर मार्ग लं. 3.00 कि.मी. पर बी.टी. रिनिवल का कार्य। (छटवां आमंत्रण)	21.11	5000/-	42300/-	02 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता (म.क्षे.) लो.नि.वि., जबलपुर
				कुल योग :-	413.83 लाख				

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 18.09.2020 समय 5.30 बजे तक** है। ऑनलाइन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेगा। **भौतिक दस्तावेज जैसे** :- अमानत राशि, निविदा शुल्क रसीद, शपथ पत्र, आयकर पेन नंबर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रति एवं अन्य दिनांक 22.09.2020 समय 5.30 बजे तक संबंधित कार्यालय में लिफाफे स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। भौतिक लिफाफा नियत समय एवं तिथि में संबंधित कार्यालय में प्राप्त न होने की दशा में ऑनलाइन निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-14045/44364/2020 लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)

ई-मेल :- apdpiuindore@gmail.com, फैक्स :- 0731-2491433
क्र. एफ-1/2020/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-24/1800 इन्दौर, दिनांक : 03.09.2020

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 24/2020

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पीआईयू परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. म.प्र. द्वारा दिनांक 01.08.2014 से प्रभावशील एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि तक संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2020_PWPIU_104654_1	पीआईयू संभाग रतलाम के अंतर्गत विभिन्न भवनों में वाह्य विद्युतीकरण का कार्य।	रतलाम	49.99	50,000	5,000	12
2.	2020_PWPIU_104468_1	पीआईयू संभाग धार के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के डीपीआर एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन सर्विसेस का कार्य।	धार	50.00	50,000	10,000	24

निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates) :-
1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 01.09.2020
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 02.09.2020
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 18.09.2020
4. बिड खोलने की तिथि - 21.09.2020

अतिरिक्त परियोजना संचालक
जी-13855/44351/2020 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., इन्दौर

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, रीवा (म.प्र.)
फोन नं. : 9425601523/8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला रीवा, एवं सिंगरौली के विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निविदा क्रमांक 05/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 106534, 106542 & 106549) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.09.2020 समय 17:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/98432/44367/2020 **परियोजना यंत्री**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन', मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011
फोन : +91-755-2578801-2, ई-मेल : vyapam@nic.in
वेबसाइट : www.peb.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

क.-पी.ई.बी./जनसंपर्क/2833/2020 भोपाल, दिनांक : 11.09.2020
प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत **प्राथमिक शाला शिक्षक पात्रता परीक्षा-2020** का आयोजन **26 सितम्बर 2020 से 22 अक्टूबर 2020 तक** किया जाना था। वर्तमान में कोविड-19 महामारी के कारण अभ्यर्थियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुये उक्त परीक्षा को स्थगित किया जाता है। परीक्षा की आगामी तिथि पृथक से घोषित की जायेगी।
म.प्र. माध्यम/98437/44369/2020 **नियंत्रक**

म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग, संभाग सिंगरौली
निविदा आमंत्रण ई-टेंडरिंग

निविदा सूचना क्रमांक-03/ई-टेंडरिंग/2020-21 सिंगरौली, दिनांक : 07.09.2020

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ऑनलाइन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते हैं।

स. क.	जिला	ऑनलाइन टेंडर क्रमांक	निविदा आमंत्रण का काल	कार्य का नाम	पी.ए.सी. (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने का दिनांक (वर्षाकाल सहित)	भौतिकरूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
श्री चौहान ने बताया कि बाढ़ से पशु शेड भी नष्ट हुए हैं। ऐसे पशुपालक जिनके शेड नष्ट हुए हैं और जिनके पास 5 पशु हैं उन्हें 70 हजार रुपये और 10 पशु हैं तो एक लाख रुपये की राशि पशु शेड बनाने के लिये दी जाएगी। इससे वे अपना नया पशु शेड बनवा सकते हैं। बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को अनाज एवं बर्तन-भाड़े इत्यादि के लिए पांच हजार रुपये क्षतिपूर्ति भी दी जाए।

खेत में कार्य कराने के लिए 3 लाख 80 हजार रुपये

अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि बाढ़ प्रभावित खेतों में खेत सुधार के लिए 3 लाख 80 हजार रुपये तक के कार्य कराए जाने का मनरेगा के अंतर्गत प्रावधान है। इसके अंतर्गत कपिलधारा कुआं, खेत-तालाब, मेढ़-बांधन आदि कार्य कराए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रावधानों के अंतर्गत प्रभावित किसानों को खेत सुधार के लिए अधिकतम लाभ दिलवाया जाए।

50 दिन का मिलेगा अतिरिक्त रोज़गार

श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा वाले क्षेत्रों में 100 दिन के रोज़गार के अलावा 50 दिन के अतिरिक्त रोज़गार का प्रावधान है। इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर जल्दी से जल्दी अनुमति प्राप्त की जाए तथा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में 50 दिन का अतिरिक्त रोज़गार प्रदान किया जाए।

सार्वजनिक सम्पत्तियों का सुधार कराएं

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्रों का सुधार मनरेगा के अंतर्गत करवाया जाए। इसके अंतर्गत सिल्ट एवं कीचड़ हटाना, शांतिधाम मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल मरम्मत, बाजारों में सुधार, पंचायत भवन की मरम्मत, खेल मैदान सुधार आदि कार्य कराए जाएं। इसी के साथ ही बाढ़ का प्रभाव कम करने के लिए बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में कटाव रोकने के कार्य, जल स्रोतों की मरम्मत आदि कार्य भी कराए जाएं।

मकान बनवाने में जिला प्रशासन मदद करे

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश जारी कर दिए जाएं कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के क्षतिग्रस्त मकानों को बनाने में जिला प्रशासन तथा जिला पंचायत पूरी मदद करें, मकान बनाने का सामान आदि वाजिब दामों में लोगों को मिले इस संबंध में वे कार्रवाई करें।

स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को 4 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 4 प्रतिशत ब्याज दर पर विभिन्न गतिविधियों हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

मध्यप्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में लाएंगे महत्वपूर्ण परिवर्तन - मुख्यमंत्री

शिक्षण शुल्क के संबंध में होंगे कानूनी प्रावधान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा शिक्षकों से संवाद करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश के शैक्षणिक परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए शीघ्र ही ठोस कदम उठाए जाएंगे। शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हों और विद्यार्थी शिक्षा हासिल करने के बाद रोज़गार के लिए तैयार हो जाएं, इस दृष्टि से नई शिक्षा नीति के मध्यप्रदेश में बेहतर क्रियान्वयन के प्रयास होंगे। शिक्षा जगत का परिदृश्य सकारात्मक रूप से परिवर्तित करने के प्रयास होंगे। कोरोना काल में मध्यप्रदेश में 'हमारा घर हमारा विद्यालय' के अंतर्गत सराहनीय कार्य हुआ है। इसके लिए शिक्षक अभिनंदन के पात्र हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा शिक्षक समुदाय से संवाद करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति के मध्यप्रदेश में बेहतर क्रियान्वयन के प्रयास किए जाएंगे। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए बनाए गए रोडमैप के अंतर्गत भी शिक्षा के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श कर क्रियान्वयन की तैयारी की गई है। व्यवसायिक शिक्षा कक्षा छठवीं से प्रारंभ होगी जो विद्यार्थियों के लिए जीवन भर उपयोगी सिद्ध होगी। नए विद्यालयों के प्रारंभ करने के बारे में भी विचार-विमर्श कर ऐसा प्रयास किया जाएगा कि दस से बारह ग्रामों के बीच एक विद्यालय हो, जहां आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध होगी। लाइब्रेरी के साथ ही दक्ष शिक्षक, संगीत, नृत्य, योग और भारतीय संस्कार की शिक्षा देंगे। विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हो, बेरोज़गारी दूर हो यह प्रयास रहेगा। श्री चौहान ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की असीम संभावनाएं हैं जिन्हें साकार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों का मान-सम्मान बढ़ाने के प्रयास होंगे। शिक्षकों का शोषण न हो, इसके साथ ही निजी विद्यालय द्वारा शिक्षण शुल्क के संबंध में सुधार के लिए कानूनी प्रावधान किए जाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए पूर्व वर्षों में काफी कार्य हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं एक सरकारी विद्यालय में पढ़ चुके हैं। प्राथमिक स्तर पर प्राप्त शिक्षा पूरे जीवन में उपयोगी होती है। मुख्यमंत्री ने अपने शिक्षक श्री रतनचंद जैन का भी स्मरण किया। श्री चौहान ने कहा कि शिक्षा के तीन प्रमुख उद्देश्य ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार हैं जिन्हें दिलवाने में शासकीय विद्यालय भी काफी सफल रहे हैं।

मध्यप्रदेश में पुनः शुरू हुईं जल पर्यटन गतिविधियां

भोपाल, कोरोना के कारण प्रतिबंधित जल-पर्यटन गतिविधियों को पर्यटन विभाग द्वारा पुनः आरंभ किया जा रहा है। इस संबंध में प्रदेश के वाटर स्पोर्ट्स से संबंधित अधिकारियों और बोट क्लब के प्रभारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

सोशल डिस्टेंसिंग के कारण पर्यटक क्षमता आधी की गई

अतिरिक्त प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड सुश्री सोनिया मीना ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए जल-पर्यटन में प्रयुक्त होने वाली सभी बोट की पर्यटक क्षमता 50 प्रतिशत घटाकर आधी कर दी गई है। अब स्पीड बोट में 6 पर्यटकों के स्थान पर 3, जल परी बोट में 16 के स्थान पर 8, 12 के स्थान पर 6, पैडल बोट में 4 के स्थान पर 2, 2 के स्थान पर एक, क्रूज बोट पर 60 के स्थान पर 30 और रॉफ्ट बोट पर 8 लोगों के स्थान पर 4 लोगों को ही पर्यटन की अनुमति मिलेगी। इसी तरह उक्त बोट के अलावा अन्य बोटों में भी 50 प्रतिशत क्षमता का ही उपयोग हो सकेगा।

ऑपरेटर और स्टॉफ को देना होगा सेल्फ डिक्लेरेशन फार्म

जल-पर्यटन संचालित करने वाले ऑपरेटर और स्टाफ मेम्बर यदि कभी भी कोरोना से संक्रमित होते हैं या लक्षण पाये जाते हैं, तो उन्हें प्रबंधन को तुरंत सूचित करना होगा। इस संबंध में उक्त लोगों से सेल्फ डिक्लेरेशन फार्म भरवाया जा रहा है। ऑपरेटर्स से कहा गया है कि वे अपना नियमित मेडिकल परीक्षण करवाते रहें।

ऑपरेटर भरेंगे विजिटर/टूरिस्ट एन्ट्री बुक

ऑपरेटर्स से कहा गया है कि वे विजिटर/टूरिस्ट एन्ट्री बुक में पर्यटक का नाम, कॉन्टेक्ट नम्बर, पता, शारीरिक तापमान और आधार नम्बर नियमित रूप से दर्ज करें। स्टाफ अनिवार्य रूप से अपने मोबाइल पर आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करे और 98 डिग्री फारेनहाइट से अधिक तापमान होने पर पर्यटक को प्रवेश न दिया जाये।

लाइफ जैकेट, बोट, उपकरणों आदि का हर बार होगा सेनेटाइजेशन

लाइफ जैकेट, बोट और हर उपकरण का उपयोग होने के बाद सेनेटाइजेशन होगा। बिना सेनेटाइजेशन के दोबारा इनका उपयोग करने पर कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह बोट क्लब परिसर, शौचालय, जेट्टी आदि का भी नियमित रूप से सेनेटाइजेशन होगा।

बिना मास्क के नहीं मिलेगा प्रवेश

पर्यटकों को पेपरलेस टिकट के आधार पर प्रवेश मिलेगा और मास्क लगाना अनिवार्य होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चंबल अटल प्रोग्रेस-वे बनने से क्षेत्र के विकास के द्वार खुलेंगे-मुख्यमंत्री

चंबल संभाग की तकदीर एवं तस्वीर बदलेगी–केंद्रीय कृषि मंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मुरैना जिले में आमसभा को संबोधित करते हुये।

मुरैना, चंबल अटल प्रोग्रेस-वे बनने से क्षेत्र का विकास तेजी से होगा और बड़ी संख्या में उद्योग धंधे खुलेंगे, जिससे क्षेत्र के युवाओं को रोज़गार मिलेगा। चंबल अटल प्रोग्रेस-वे से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। इससे कृषि, उद्योग, शिक्षा एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने चंबल संभाग के मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रतीरामपुरा में आमसभा को संबोधित करते हुये कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 88 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने ग्राम दिमनी में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की। साथ ही दिमनी में ही खेल मैदान एवं मुरैना जिले में सैनिक स्कूल खोलने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि दिमनी विधानसभा क्षेत्र के हर घर में अगले 3 वर्षों में नल जल योजना के द्वारा पानी पहुंचाया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी जितनी गर्मी पड़ रही है, उससे अधिक गर्मी मुरैना एवं भिण्ड जिलों के युवाओं के खून में होती है। चंबल क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा करते हैं। वे लड़ाई के समय दुश्मन की छाती छलनी कर देते हैं। इसलिये हमारे देश की तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता है। यदि किसी ने गलत हरकत की तो उसका सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि चंबल की माटी में जन्मे मुरैना जिले के ग्राम बरबाई निवासी शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अंग्रेजों को सबक सिखाया था।

श्री चौहान ने कहा कि निकट भविष्य में प्रदेश में बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में भर्ती होगी। सरकार ने निर्णय लिया है कि अब नौकरी में मध्यप्रदेश के ही युवाओं की भर्ती की जायेगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया था, इन्हीं योजनाओं को वर्तमान सरकार ने पुनः शुरू किया है। जिसमें संबल योजना, तीर्थ दर्शन योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं अन्य योजनायें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में जो भी बिजली के बिल आये हैं, उनका भुगतान सरकार करेगी। उपभोक्ताओं को चालू माह से बिल भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीब परिवारों को पात्रता पर्ची दी जायेगी, जिसके माध्यम से एक रुपये किलो गेहूं दिया जायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित करें कि जिले में कोई पात्र व्यक्ति गेहूं से वंचित न रहे। पथ विक्रेताओं के संबंध में उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बिना ब्याज के 10 हजार रुपये का ऋण सरकार दे रही है। इसी प्रकार की सहायता ग्रामीण क्षेत्रों में भी पथ विक्रेताओं के लिये लागू की गई है। उन्होंने बताया कि किसानों के कल्याण के लिये शीघ्र ही सरकार द्वारा उनके खाते में फसल बीमा की 4 हजार 600 करोड़ रुपये की राशि डाली जायेगी।

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सरकार ने जनता का ध्यान रखा है और विकास कार्यों को इतनी जल्दी स्वीकृत किया है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी, अब विकास का पहिया थमने नहीं देंगे। श्री तोमर ने कहा कि आने वाले दिनों में घर-घर में बिजली एवं नल जल योजना के माध्यम से शुद्ध पानी पहुंचाया जायेगा। श्री तोमर ने कहा कि चंबल अटल प्रोग्रेस-वे के निर्माण के लिये केंद्र सरकार ने 8 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसके बन जाने से क्षेत्र की तकदीर एवं तस्वीर बदल जायेगी।

राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रगतिशील सरकार है। उन्होंने कहा कि जनता को न्याय व सम्मान दिलाने के लिये उन्होंने वर्तमान सरकार का साथ दिया है। चंबल अटल प्रोग्रेस-वे का निर्माण इटावा से होकर राजस्थान के कोटा शहर तक होगा। यह केवल सड़क ही नहीं है, इससे चंबल क्षेत्र के संपूर्ण विकास को गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 68 हजार हितग्राही लाभान्वित

भोपाल, गरीबों का कल्याण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रोटी, कपड़ा और मकान मूलभूत आवश्यकता है। अपना स्वयं का मकान हो, यह हर व्यक्ति का सपना होता है। इसे पूरा करने के लिए राज्य शासन प्राण-प्रण से जुटा है। हमारे जिन लोगों के पास मकान नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान बनाने के लिए सहायता दी जा रही है। यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आयोजित एक बैठक में कहीं। मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 68 हजार हितग्राहियों के खाते में चौथी और अंतिम किश्त के 102 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रदेश में अब तक 20 लाख 30 हजार में से 17 लाख आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। वर्ष 2019-20 में 6 लाख आवास का लक्ष्य था, जिसमें से 3 लाख 45 हजार आवास पूर्ण हो चुके हैं। जिन भाई-बहनों को अब तक आवास नहीं मिले हैं, वे निराश न हों। उन्हें भी आवास प्लस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मेरा लक्ष्य है कि सभी गरीबों का कल्याण हो, उन्हें सभी सुविधाएं मिलें। इस दिशा में केन्द्र और राज्य शासन लगातार सक्रिय है।

उन्होंने कहा कि आगामी 16 सितम्बर को प्रदेश के 37 लाख लोगों को राशन वितरण की शुरुआत की जाएगी। इसी क्रम में 18 सितम्बर को फसल बीमा योजना के 4 हजार 600 करोड़ रुपये किसानों के खातों में डाले जाएंगे।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुये मध्यप्रदेश के दो शिक्षक

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश के दो शिक्षकों, श्री मोहम्मद शाहिद अंसारी और श्री संजय कुमार जैन को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया है। भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' और शिक्षा राज्यमंत्री श्री संजय धोत्रे सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

शिक्षक श्री मोहम्मद शाहिद अंसारी को गणित पढ़ाने में उनकी प्रभावशीलता के लिए सम्मानित किया गया है। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खिरसाडोह, परासिया, छिंदवाड़ा के शिक्षक हैं और पिछले 14 वर्षों से गणित पढ़ा रहे हैं। उन्होंने गणित में कई प्रभावी शिक्षण सहायक सामग्री और शिक्षण अधिगम सामग्री का नवाचार किया है, जिसे व्यापक रूप से अपनाया गया है। उन्होंने अन्य शिक्षकों और कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए सार्वजनिक डोमेन में 300 से अधिक वीडियो डाले हैं। उन्होंने छात्रों को शैक्षिक वीडियो दिखाने के लिए अपने स्कूल में एक सौर ऊर्जा संचालित प्रोजेक्टर भी बनाया है।

दूसरे पुरस्कार विजेता शिक्षक श्री संजय कुमार जैन शासकीय बालिका प्राथमिक शाला, डूंडा, टीकमगढ़ के शिक्षक हैं। वे एक उच्च प्रेरित और प्रतिबद्ध शिक्षक हैं जिन्होंने मध्यप्रदेश के दूरदराज क्षेत्र में अच्छे बुनियादी ढांचे के साथ एक स्कूल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। प्रभावी सामुदायिक सहायता की मदद से उन्होंने स्कूल में छात्र दर्ज संख्या को सफलतापूर्वक बढ़ाया है। उन्होंने स्कूल में फर्श, दीवारों और खुले स्थानों का उपयोग करके कई शिक्षण- प्रशिक्षण प्रथाओं का नवाचार किया है। उन्होंने शिक्षण सहायक सामग्री के रूप में आसपास के पत्थर और कंकर का उपयोग किया है।

उल्लेखनीय है कि देश के कुछ बेहतरीन शिक्षकों के अनूठे योगदान की सराहना करने और उन शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार दिए जाते हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है, बल्कि अपने छात्रों के जीवन को समृद्ध बनाया है। शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्व-नामांकन किया गया था। उम्मीदवारों को जिला और राज्य स्तरों पर जांच के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया था तथा पुरस्कारों के लिए अंतिम चयन राष्ट्रीय स्तर पर एक स्वतंत्र जूरी द्वारा किया गया था। जूरी ने वर्ष 2020 के लिए 47 शिक्षकों का चयन किया है।

आईटीआई में जेण्डर गैप को कम करना जरूरी

भोपाल, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड इण्डस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) के अधिकारियों के साथ आईटीआई की ग्रेडिंग के संबंध में चर्चा करते हुये कहा है कि आईटीआई में ज्यादा से ज्यादा छात्राएं प्रवेश लें ऐसा लक्ष्य तय किया जाये। जेण्डर गैप को कम करने के प्रयास करें।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि प्रदेश के आईटीआई के बच्चों को डिजिटली अपग्रेड करने में क्रिस्प की मदद ली जायेगी। हमें अपने पाठ्यक्रम को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तैयार करते हुए यह देखना होगा कि छात्रों को रोज़गार के लिये हम क्या संभावनाएं और उम्मीद दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक की मशीनों की जानकारी पढ़ाने वाले टीचर्स को भी होनी चाहिये। इसके लिये उनके लिये रिफ्रेशर कोर्स ट्रेनिंग करवाई जाये। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि कोरोना के कारण बेरोज़गारी बढ़ी है, ऐसे समय में हम विभिन्न विधाओं में युवाओं, महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर रोज़गार प्रदान कर सकते हैं।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

खर्राघाट नहर मध्यम सिंचाई परियोजना के लिये प्रशासकीय स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रिपरिषद की वर्चुअल बैठक हुई। मंत्रिपरिषद ने खर्राघाट नहर मध्यम सिंचाई परियोजना रूपांकित सिंचाई क्षमता 3500 हेक्टेयर के लिए 46 करोड़ 43 लाख 21 हजार रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अंतर्गत भोपाल बायपास मार्ग पर कार, हल्के (वाणिज्यिक) वाहन, बस, ट्रक, मल्टी एक्सल ट्रक पर दूरी आधारित टोल दरें निर्धारित की हैं। साथ ही मासिक पास की राशि 85 रुपये नियत की गई है।
- सरकारी कर्तव्य पर भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन के सभी यान, संसद तथा विधानसभा के सदस्यों के यान,भारतीय सेना की ड्यूटी के सभी यान, एम्बुलेंस, फायर विग्रेड, भारतीय डाक तथा तार विभाग के यान, भूतपूर्व विधायकों एवं सांसदों के यान, कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की जाने वाली ट्रेक्टर-ट्रॉली, आटो रिक्शा, दो पहिया एवं बैलगाड़ियां, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार को मार्ग पर टोल से छूट रहेगी।
- मंत्रिपरिषद ने दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना को कुछ संशोधनों के साथ निरंतर रखने की मंजूरी दी है।
- योजना में पूर्व में 56 केंद्रों के अतिरिक्त 44 नए केंद्रों के साथ कुल 100 रसोई केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- योजनान्तर्गत दिन का भोजन 10 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।
- योजना के परिचालन के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा नगरीय विकास एवं आवास विभाग की मांग अनुसार गेहूं और चावल उपलब्ध कराया जायेगा।
- योजना में औद्योगिकी नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग को प्राथमिकता के आधार पर कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत धन राशि उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है।
- मंत्रिपरिषद ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के पैकेज 2 में भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत प्रारंभ की गई अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग स्कीम को प्रदेश में लागू करने की मंजूरी दी।
- योजना । लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में लागू की जायेगी।
- ऑपरेशन गाइडलाइन के प्रावधानों के अनुसार भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट हस्ताक्षरित करने के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग को अधिकृत किया है।
- इन कार्यों का वित्तीय भार निकायों पर आयेगा। ट्रंक अधोसंरचना को पूरा करने के लिए राज्य शासन की ओर से प्रति परियोजना 5 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा में 50 प्रतिशत का वित्तीय अनुदान अलग से दिया जायेगा।
- योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए नगरीय सेवाएं यथा जल प्रदाय शुल्क, सम्पत्ति कर, सीवरेज शुल्क इत्यादि को आवासीय श्रेणी के अंतर्गत आरोपित किया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद ने राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्यालय के लिए नगरीय निकायों/त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2020-21 के लिए कुल 15 पदों को अस्थाई रूप से 1 जुलाई 2020 से 30 जून 2021 तक की अवधि के लिए सृजित करने की मंजूरी दी है।
- इसमें अपर सचिव/उप सचिव, अवर सचिव, प्रोग्रामर, अनुभाग अधिकारी के 2-2 और सहायक प्रोग्रामर (कम्प्यूटर) के 4 तथा डाटा एन्ट्री आपरेटर के 3 पद शामिल हैं।
- लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग का गठन एवं कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन की कार्यवाही करने का मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी (संशोधन) अध्यादेश 2020 का मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2020 के रूप में प्रतिस्थापन तथा मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी (संशोधन) विधेयक 2020 लाए जाने के संबंध में, दोनों विधेयकों को विधानसभा में प्रस्तुत करने की मंजूरी दी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आदिम-जाति कल्याण विभाग में एकीकृत छात्रावास योजना शुरू

भोपाल, आदिम-जाति कल्याण विभाग में छात्रावासों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिये एकीकृत छात्रावास योजना शुरू की गई है। योजना के क्रियान्वयन से अब विभाग के छात्रावासों में बजट की राशि प्रति छात्रावास के मान से उनके बैंक खातों में पहुंच सकेगी।

विभाग द्वारा प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में 199 जूनियर छात्रावास, 979 सीनियर छात्रावास, 152 महाविद्यालयीन छात्रावास और 218 उत्कृष्ट छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। इन छात्रावासों में स्वीकृत सीटों की संख्या 81 हजार 804 है। पूर्व में प्रत्येक छात्रावास के लिये प्रत्येक योजना क्रमांक एवं व्यय के अन्य मद प्रचलित थे। इस व्यवस्था से छात्रावासों के बैंक खातों में राशि पहुँचने में अनावश्यक विलंब होता था। इन दिक्कतों को दूर करने के लिये इस वित्तीय वर्ष से विभाग एकीकृत छात्रावास योजना क्रमांक 9673 के नाम से परिवर्तित की गई है।

पूर्व में अलग-अलग छात्रावासों की व्यय राशि अलग-अलग शीर्ष में आती थी, जबकि राशि का उपयोग सभी छात्रावासों में एक ही था। एकीकृत छात्रावास योजना से पृथक-पृथक छात्रावासों में बजट की गणना, बजट का प्रावधान, स्वीकृति एवं देयकों के माध्यम से राशि का आहरण आदि कार्यों में सरलीकरण हुआ है। विभाग के सॉफ्टवेयर MPTAAS परियोजना के माध्यम से एक ही पूल एकाउंट में सभी राशियों का आहरण के बाद जमा किये जाने से छात्रावासों को सीधे बैंक खाते में राशि जारी किया जाना संभव हुआ है। आदिम-जाति कल्याण विभाग ने छात्रावासों का एकीकरण किये जाने के साथ ही छात्रावासों में विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिये नवीन नियम बनाये हैं, जिसमें अनुसूचित-जनजाति, अनुसूचित-जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण और घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रावासों में प्रवेश दिया जा सकेगा।

प्रदेश में 20 हजार से अधिक वन अधिकार दावों को किया गया मान्य

भोपाल, मध्यप्रदेश में वन अधिकार अधिनियम के तहत पूर्व के निरस्त दावों के निराकरण के लिये पुनः परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। अब तक 20 हजार 517 वन अधिकार दावों को पुनः परीक्षण के बाद मान्य किया जा चुका है।

प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम के तहत पूर्व के निरस्त दावों के निराकरण के लिये एमपी वनमित्र सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। आदिम-जाति कल्याण विभाग द्वारा अब तक 20 हजार 830 ग्राम पंचायत सचिव की प्रोफाइल अपडेट की जा चुकी है और 36 हजार 722 ग्राम वन अधिकार समितियों को पोर्टल में दर्ज किया जा चुका है। ग्राम वन अधिकार समितियों द्वारा पूर्व के निरस्त 2 लाख 68 हजार 853 दावों का पुनः परीक्षण किया जा रहा है। उपखण्ड स्तरीय समितियों द्वारा परीक्षण के बाद 82 हजार 663 दावों का निराकरण कर अनुशंसा के साथ जिला स्तरीय समितियों को भेजा गया है। जिला स्तरीय समितियों द्वारा 28 हजार 710 दावों का निराकरण कर 20 हजार 517 दावों को मान्य किया जा चुका है।

प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम-2006 के क्रियान्वयन के तहत अब तक 2 लाख 29 हजार 988 वनवासियों को व्यक्तिगत एवं 27 हजार 976 सामुदायिक वन अधिकार-पत्र वितरित किये गये हैं। वन अधिकार अधिनियम में लाभान्वित वनवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिलाया जा रहा है। प्रदेश में 54 हजार 965 कपिलधारा कूप, 57 हजार 721 भूमि सुधार, 24 हजार 366 डीजल-विद्युत सिंचाई पम्प और करीब 61 हजार आवास पट्टाधारी वनवासियों को मंजूर किये गये हैं।

अनूपपुर में 774 दावे मंजूर

अनूपपुर जिले में वनवासियों के पूर्व में निरस्त दावों का पुनः परीक्षण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया गया। परीक्षण के बाद 774 दावेदारों को उनकी वन भूमि के पट्टे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने अनूपपुर प्रवास के दौरान एक कार्यक्रम में दिये।

मध्यप्रदेश में नहीं होगी ऑक्सीजन की कमी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं रहेगी। कोविड-19 के मरीजों को आवश्यकतानुसार ऑक्सीजन की आपूर्ति हर हलात में सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में विद्यमान प्लांट्स की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ अन्य राज्यों से समन्वय का प्रयास निरंतर जारी है। प्रदेश में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ रही है पर हर स्थिति में व्यवस्थाओं का सुचारु संचालन आवश्यक है। सितम्बर माह के अंत तक 150 टन ऑक्सीजन उपलब्ध हो जाएगी। नए ऑक्सीजन प्लांट के लिए भी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये कहीं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री उद्धव ठाकरे से की फोन पर चर्चा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैठक के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री उद्धव ठाकरे से प्रदेश में ऑक्सीजन आपूर्ति के संबंध में फोन पर बात की। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री ठाकरे ने आश्वस्त किया है कि ऑक्सीजन की समस्या महाराष्ट्र में भी है पर वे पूरे प्रयास करेंगे कि मध्यप्रदेश को ऑक्सीजन की आपूर्ति जारी रहे।

गुजरात और उत्तरप्रदेश से होगी ऑक्सीजन आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश को 20 टन ऑक्सीजन की आपूर्ति महाराष्ट्र से होती है। यह आपूर्ति आईनॉक्स कंपनी द्वारा की जाती है। यह कंपनी आवश्यकता होने पर गुजरात और उत्तरप्रदेश के अपने प्लांट से मध्यप्रदेश को ऑक्सीजन की आपूर्ति करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में हमारे पास 50 टन ऑक्सीजन उपलब्ध थी इसको बढ़ाकर हमने अपनी क्षमता 120 टन कर ली है और 30 सितम्बर तक यह क्षमता 150 टन हो जाएगी। प्रदेश में विद्यमान ऑक्सीजन प्लांटों की क्षमता वृद्धि के निर्देश भी दिए गए हैं। यदि ये प्लांट 100 प्रतिशत क्षमता पर कार्य करेंगे तो हमें अतिरिक्त ऑक्सीजन प्राप्त हो सकेगी। प्रदेश में ऑक्सीजन की कमी की स्थिति नहीं आएगी। किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है।

प्रदेश में लगेगा 200 टन क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए दूरगामी योजना पर भी कार्य कर रहा है। आईनॉक्स कंपनी का ऑक्सीजन प्लांट प्रदेश में लगाने की अनुमति दी जा रही है। होशंगाबाद के मोहासा बावई में यह प्लांट लगेगा। इसमें 200 टन ऑक्सीजन का उत्पादन होगा।

कोविड के मरीज बढ़ रहे हैं, सावधानी आवश्यक

श्री चौहान ने कहा कि राज्य में कोविड के मरीज बढ़ रहे हैं यह वास्तविकता है। परन्तु हर स्थिति में व्यवस्थाएं ठीक चलती रहें उसके लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। अस्पताल में बिस्तर बढ़ाने की आवश्यकता भी है। इस दिशा में भी राज्य सरकार लगातार कार्यरत है। चिकित्सा महाविद्यालयों तथा जिला चिकित्सालयों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। निजी अस्पतालों में कोविड के प्रभावी इलाज की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश लॉक से अनलॉक की ओर बढ़ा है। अर्थव्यवस्था को पुनः लॉक नहीं कर सकते। आर्थिक गतिविधियां बंद नहीं हो सकतीं। इस परिस्थिति में सावधानी बरतना बहुत आवश्यक है। उन्होंने प्रदेशवासियों से मास्क का उपयोग हर स्थिति में करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मास्क और परस्पर दूरी कोरोना से बचाव का प्रभावी उपाय है।

फीवर क्लीनिक-कमांड कंट्रोल सेंटर को बनाया जाए प्रभावी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लक्ष्य आधारित रणनीति क्रियान्वित की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी जिलों में फीवर क्लीनिक पर आवश्यक जांच और उपचार की व्यवस्था हो। फीवर क्लीनिक को और अधिक सशक्त किया जा रहा है। सभी जिलों में कोविड कमांड तथा कंट्रोल सेंटर आरंभ करने के निर्देश दिए गए।

हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर को विकसित करने में दानदाताओं का ले सकेंगे सहयोग

आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे भोपाल में विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, होम्योपैथी और यूनानी विधाओं के जरिये रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने संबंधी विषय पर जल्द ही वेबिनार आयोजित किया जाये। आयुर्वेद की तरह होम्योपैथी और यूनानी पद्धति को अपनाने एवं उसे बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास किये जायेंगे। ये बातें आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी आयुष अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये कहीं।

श्री कांवरे ने कहा कि आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर- एचडब्ल्यूसी) विकसित करने के लिये गाइडलाइन तैयार की गई है। गाइडलाइन में दिये दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित केंद्र विकसित किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के लोगों को औषधालय के विकास के लिये प्रेरित किया जाये, स्थानीय लोग स्वेच्छा से अपने या अपने परिवार के सदस्य या उनके पूर्वजों के नाम पर बाउण्ड्रीवॉल आदि के निर्माण करा सकते हैं।

श्री कांवरे ने उपयुक्त स्थान चुनकर योग के लिये व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि औषधालय क्षेत्र के लिये स्थानीय योग प्रशिक्षक की जानकारी सभी जिला अधिकारी संचालनालय को भेजें। हर्बल गार्डन की स्थापना के लिये पौधे की नाम-पट्टिका सहित स्थानीय भाषा में प्रदर्शन किया जाये। औषधीय पौधे घर पर भी लगाकर लोगों और मेहमानों को उसकी विशेषताओं से अवगत करवायें। उन्होंने कहा कि प्रतीक्षा-कक्ष में भी इन औषधीय पौधों की जानकारी दीवार-पेंटिंग आदि से दी जाये, जिससे ग्रामीण औषधीय पौधों की जानकारी के साथ उसकी उपयोगिता भी जान सकें।

राज्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी में आयुष विभाग ने ईमानदारी से काम कर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। लोग आयुर्वेद के लाभ से परिचित होकर उसे अपनाने लगे हैं।

श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा शीघ्र आयोजित की जाये

भोपाल, श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल और श्रमोदय आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2020 के संबंध में आयोजित एक समीक्षा बैठक में श्रमोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिए श्रमोदय विद्यालय भोपाल को प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से सुरक्षा के साथ परीक्षा शीघ्र आयोजित की जाये और पंजीयन से वंचित निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के लिए 2 अक्टूबर, 2020 से 3 माह का विशेष अभियान चलाया जाये।

श्री सिंह ने मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पंजीयन प्रक्रिया को सुगम तथा पारदर्शी बनाया जाये, जिससे श्रमिक आसानी से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकें।

श्रम विभाग के प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव ने बताया कि प्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर श्रमोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2018-19 एवं 2019-20 के लिए मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से प्रवेश परीक्षा आयोजित कर भोपाल में 927, इंदौर में 807, जबलपुर 611 एवं ग्वालियर में 815 श्रमिकों के छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया था, बैठक में निर्णय लिया गया है कि श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल द्वारा श्रमोदय परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

एम्स में बढ़ाई जायेगी आईसीयू बेड क्षमता

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा है कि एम्स में आईसीयू बेड क्षमता बढ़ाई जाये। इसके लिये राज्य सरकार हरसंभव मदद करेगी। श्री सारंग ने एम्स मेडिकल कॉलेज में समीक्षा कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली और एम्स प्रबंधन से उनका विस्तार करने को कहा।

श्री सारंग ने कहा कि शासन की ओर से एम्स को 15 अतिरिक्त वेंटीलेटर उपलब्ध करवाये जायेंगे। आने वाले समय में 100 वेंटीलेटर अतिरिक्त उपलब्ध करवाने के लिये केंद्र से चर्चा की गई है। उन्होंने नेशनल हेल्थ मिशन की सहायता से प्रोजेक्ट के तौर पर पैरामेडिकल स्टाफ में वृद्धि करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि एम्स की ख्याति लोक विख्यात है। एम्स अस्पताल आमजन में विश्वसनीयता की छवि लगातार बनाये हुए है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

स्पैरो पोर्टल

प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए लॉन्च

जम्मू-कश्मीर के प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के

प्रदर्शन का अब ऑनलाइन मूल्यांकन होगा। जम्मू और कश्मीर के उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल स्मार्ट परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट रिकॉर्डिंग ऑनलाइन विंडो (SPARROW) शुरू किया है। प्रशासनिक अधिकारी अपनी प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट को स्पैरो पोर्टल पर भेजेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों को प्रोन्नत करने के लिए सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए अब उनके कामकाज का ऑनलाइन मूल्यांकन होगा। इसके आधार पर ही उन्हें प्रोन्नत किया जाएगा।

विकेश गुलाटी

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त

विकेश गुलाटी को फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स

एसोसिएशन (FADA) का अध्यक्ष चुना गया है। गुलाटी फाडा के 35वें अध्यक्ष होंगे। यह निर्णय फाडा की 298वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में लिया गया। गुलाटी यूनाइटेड ऑटोमोबाइल के निदेशक हैं। यूनाइटेड ऑटोमोबाइल्स वर्ष 1985 से ऑटो डीलरशिप के कारोबार में शामिल है और महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा बजाज ऑटो जैसे ब्रांडों की डीलर है। गौरतलब है कि फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन भारत में ऑटोमोबाइल रिटेल उद्योग का सर्वोच्च राष्ट्रीय निकाय है।

विलमिंगटन

दूसरे विश्व युद्ध की पहली हेरिटेज सिटी घोषित

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी कैरोलिना में



स्थित विलमिंगटन को दूसरे विश्व युद्ध की पहली हेरिटेज सिटी घोषित किया है। ट्रंप ने यह घोषणा द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में की। विश्व युद्ध के दौरान विलमिंगटन उत्तरी कैरोलिना शिपबिल्डिंग कंपनी की साइट थी, जिसने आपातकालीन जहाज निर्माण कार्यक्रम के तहत पांच साल में 243 जहाजों का निर्माण किया था।

केनिची आयुकावा

सियाम के अध्यक्ष चुने गए

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मेन्युफैक्चर्स

(सियाम) ने केनिची आयुकावा को संगठन का नया अध्यक्ष चुना है। आयुकावा का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। आयुकावा मारुति सुजुकी इंडिया के 2013 से प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। वह महिंद्रा एंड महिंद्रा के राजन वढेरा का स्थान लेंगे। सियाम की वार्षिक आम सभा के दौरान कार्यकारी समिति की बैठक में नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। अशोक लीलैंड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विपिन सोंधी को सियाम का उपाध्यक्ष चुना गया है।

वोडाफोन - आइडिया कंपनी

अब 'Vi' नाम से जानी जाएगी

टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन और आइडिया अब नए नाम से जानी जाएगी। कंपनी ने अपना लोगो और ब्रांड दोनों ही बदल दिया है। कंपनी का नया ब्रांड नाम 'Vi' होगा। साथ ही कंपनी ने अपनी पंचलाइन को भी बदल कर टूगेदर फॉर टुमौरो कर दिया है। दरअसल, साल 2018 में वोडाफोन-आइडिया का विलय हुआ था और तब से एक कंपनी होने के बाद भी वोडाफोन और आइडिया का अलग-अलग नाम से कारोबार चल रहा था।

'इंग्लिश प्रो' एप

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने लॉन्च किया

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने इंग्लिश

प्रो (English Pro) नामक मोबाइल एप लॉन्च किया है। इस एप को हैदराबाद स्थित इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी द्वारा विश्वविद्यालय सामाजिक दायित्व (यूएसआर) के तहत विकसित किया गया है। यह एप देश के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गई अपनी तरह की अनूठी पहल है। यह एप शिक्षार्थियों को भारतीय तरीके से भारतीय अंग्रेजी उच्चारण विकसित करने में मदद करेगा।

एस. कृष्णन

पंजाब एंड सिंध बैंक के एमडी और सीईओ नियुक्त

एस. कृष्णन को पंजाब एंड सिंध बैंक (पीएसबी) का

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। वित्त मंत्रालय के तहत वित्त सेवा विभाग ने अधिसूचना जारी कर कृष्णन की नियुक्ति को मंजूरी दी है। कृष्णन नवंबर 2017 से मार्च 2020 तक सिंडिकेट बैंक के कार्यकारी निदेशक और अप्रैल 2020 से तीन सितंबर 2020 तक केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक रहे हैं। वह 1983 में इंडियन बैंक से जुड़े थे।

उषा पाढे

नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो की महानिदेशक बनीं

ओडिशा कैडर की आईएएस अधिकारी उषा पाढे को

नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इस पद पर नियुक्ति पाने वाली वह पहली महिला और तीसरी आईएएस अधिकारी हैं। 1996 बैच की आईएएस अधिकारी पाढे जुलाई 2015 से केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं। अभी तक वह नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव के तौर पर सेवा दे रही थीं।

हेल्पलाइन 'किरण'

मानसिक रोग से पीड़ित लोगों को राहत और सहायता प्रदान करने के लिए लॉन्च

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के

डीईपीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा एक 24X7 टोल-फ्री मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास हेल्पलाइन 'किरण' (1800-599-0019) का शुभारंभ किया गया। इस हेल्पलाइन का उद्देश्य विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के मद्देनजर मानसिक रोगों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए मानसिक रोग से पीड़ित लोगों को राहत और सहायता प्रदान करना है। टोल फ्री हेल्पलाइन वीएसएनएल के तकनीकी सहयोग से सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे काम करेगी। हेल्पलाइन को हिन्दी, असमी, तमिल, मराठी, उड़िया, तेलुगु, मलयालम, गुजराती, पंजाबी, कन्नड़, बांगला, उर्दू एवं अंग्रेजी सहित 13 भाषाओं में लॉन्च किया गया है।

ताजमहल

21 सितंबर से पर्यटकों के लिए खुलेगा

कोरोना महामारी के चलते 17 मार्च से बंद आगरा स्थित

ताजमहल और आगरा के किला को 21 सितंबर से पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। ताजमहल के लिए दर्शकों की संख्या 5 हजार रहेगी और आगरा किले के लिए संख्या 2500 रहेगी। टिकटों की बुकिंग ऑनलाइन होगी। पर्यटकों को सोशल डिस्टेंसिंग और कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन करना होगा। सैलानियों को मास्क के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

कियारा आडवाणी

मिंत्रा की ब्रांड एंबेसडर बनीं

फ्लिपकार्ट के स्वामित्व वाले मिंत्रा ने बॉलीवुड अदाकारा

कियारा आडवाणी को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कियारा युवाओं के बीच खासी लोकप्रिय हैं। मिंत्रा के अनुसार महानगरों के अलावा छोटे शहरों में भी ऑनलाइन फैशन ई-कॉमर्स मार्केट प्रमुख बाजारों के रूप में उभर रहा है। अभिनेत्री कियारा की सोशल मीडिया पर उपस्थिति और युवाओं में लोकप्रियता मिंत्रा के लिए फायदेमंद होगी। गौरतलब है कि मिंत्रा भारत के सबसे बड़े फैशन ई-कॉमर्स स्टोरों में से एक है।

अवीक सरकार

प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के चेयरमैन बने

आनंद बाजार प्रकाशन समूह के एडिटर एमेरिटस एवं

उपाध्यक्ष अवीक सरकार को प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) का चेयरमैन चुना गया है। वह पंजाब केसरी समाचार-पत्र समूह के प्रधान संपादक विजय कुमार चोपड़ा की जगह लेंगे। सरकार ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद ब्रिटेन में 'द संडे टाइम्स' के दिग्गज संपादक सर हैरोल्ड ईवान्स के साथ काम किया। वह पेंगुइन इंडिया के संस्थापक प्रबंध निदेशक और बिजनेस स्टैंडर्ड के संस्थापक संपादक रहे हैं।

मुरली रामकृष्णन

साउथ इंडियन बैंक के एमडी और सीईओ होंगे

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुरली रामकृष्णन

को साउथ इंडियन बैंक का प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाए जाने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। रामकृष्णन की नियुक्ति एक अक्टूबर से प्रभावी होगी। वे मई 2020 को आईसीआई-सीआई बैंक से वरिष्ठ महाप्रबंधक, रणनीतिक परियोजना समूह के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे और जुलाई 2020 से साउथ इंडियन बैंक में सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मुरली रामकृष्णन का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

आंध्रप्रदेश

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सूची में पहले स्थान पर बरकरार

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सूची में आंध्रप्रदेश पहले नंबर

है। वहीं उत्तरप्रदेश को दूसरा और तेलंगाना को तीसरा स्थान मिला है। पिछली रैंकिंग में आंध्रप्रदेश को पहला, तेलंगाना को दूसरा और हरियाणा को तीसरा स्थान मिला था। राज्यों को निर्माण की मंजूरी, लेबर रेगुलेशन, पर्यावरण का रजिस्ट्रेशन, जानकारी का एक्सेस, जमीन की उपलब्धता और सिंगल विन्डो सिस्टम के आधार पर अंक दिए गए हैं। घरेलू और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने, कारोबारी माहौल में सुधार लाने और राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा पैदा करने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग जारी की जाती है।

आईटीबीपी की महिला डॉक्टर

पहली बार पूर्वी लद्दाख में तैनात

पूर्वी लद्दाख में महिला डॉक्टर और महिला पैरामेडिकल

कर्मी को अग्रिम इलाकों में तैनात किया गया है। यह पहला अवसर है जब आईटीबीपी की महिला डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ को किसी ऑपरेशनल एरिया में सुरक्षाबलों को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया। महिला डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वह सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संबंधी मुद्दों की लगातार निगरानी करें। इसके लिए उन्हें सभी प्रकार की जीवन रक्षक दवाएं और चिकित्सा उपकरण भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए गए हैं।

एलएसएसटी कैमरे से

पहली बार 3200 मेगापिक्सल की तस्वीरें ली गईं

अमेरिकी ऊर्जा विभाग की लैब स्टेनफोर्ड लीनियर

एक्सलरेटर सेंटर ने एलएसएसटी कैमरे के कंप्लीट फोकल प्लेन से पहली बार 3200 मेगापिक्सल की डिजिटल तस्वीरें लेने में सफलता प्राप्त की है। यह एक सिंगल शॉट में ली गई अब तक की सबसे बड़ी डिजिटल तस्वीरें हैं। यह तस्वीरें इतनी बड़ी हैं कि इनमें से किसी एक को फुल साइज में दिखाने के लिए 378 अल्ट्रा हाई डेफिनेशन 4k टीवी स्क्रीन की आवश्यकता होगी।

स्मृति शेष

स्वामी केशवानंद भारती का निधन

केरल स्थित एडनीर मठ के प्रमुख स्वामी



केशवानंद भारती का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। स्वामी जी 1961 से मठ की कमान संभाल रहे थे। केशवानंद भारती का नाम भारत के इतिहास में दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट ने 'केशवानंद भारती बनाम स्टेट ऑफ केरल' मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय सुनाया था, जिसके अनुसार संसद संविधान के मूल ढांचे में बदलाव नहीं कर सकती। शिक्षा, संस्कृति और कला के संरक्षक के रूप में स्वामी जी ने समाज की उन्नति में बहुत योगदान दिया है।

तेलुगु फिल्म अभिनेता जय प्रकाश रेड्डी का निधन

तेलुगु फिल्म अभिनेता जय प्रकाश रेड्डी का

74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जय प्रकाश रेड्डी विलेन और कॉमेडी किरदारों के लिए जाने जाते थे। समरसिम्हा रेड्डी, नरसिम्हा नायडू, जुलायी, रेडी, किक, जयम मनडेरा आदि उनकी लोकप्रिय फिल्में थीं। उनके निधन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि जय प्रकाश रेड्डी ने अपनी यूनिक स्टाइल एक्टिंग से सभी को इम्प्रेस किया। उन्होंने अपनी लॉन्ग सिने जर्नी में कई यादगार किरदार निभाए। उनका निधन फिल्म जगत के लिए एक झटका है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कामयाबी के लिये धैर्यपूर्वक कोशिश करें और निराशा से बचें – हन्नाह ब्रोन्फमैन

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)

1. Sri Lanka is to ..... south of India.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

2. ..... Struggle has no option.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. Jitendra purchased ..... flat in Pune.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

4. The teacher ..... encouraged his students.
(a) the (b) an
(c) no article (d) a

5. He works in ..... rice mill.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. Raju is afraid ..... his master.
(a) at (b) with
(c) of (d) on

7. Sarika is ..... the Intelligence Bureau.
(a) at (b) in
(c) by (d) from

8. The Vidarbha Express runs ..... Gondia to Mumbai.
(a) of (b) from
(c) with (d) at

9. The whole class laughed .... Anju for her mistake.
(a) on (b) of
(c) at (d) by

10. The people should fight ..... their fundamental rights.
(a) about (b) on
(c) on (d) for

11. He should carry ..... his duties.
(a) on (b) with
(c) to (d) by

12. His brother promised me to meet ..... Sunday.
(a) of (b) by
(c) on (d) about

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question No. 13 to 18)

13. Please wait a minute, the telephone .....
(a) has been ringing
(b) was ringing
(c) is ringing
(d) has ranged

14. Children ..... chocolates and ice-cream.
(a) had loved
(b) has loved
(c) love
(d) are loving

15. The gatekeeper ..... the ticket and allowed to enter into the theatre.
(a) had checked
(b) is checking
(c) was checking
(d) checked

16. I will meet you there, if you ..... on time.
(a) has come
(b) came
(c) comes
(d) come

17. My friends ..... a party next week.
(a) were arranged
(b) has arranged
(c) are going to arrange
(d) would arrange

18. Lata ..... properly last night
(a) hasn't sleep
(b) hadn't sleep
(c) don't sleep
(d) didn't sleep

Change the Voice. (Question No. 19 to 25)

19. Our principal may give a talk on education.
(a) A talk by our principal may give on education.
(b) A talk on education may give by our principal.
(c) A talk on education may be given by our principal.
(d) A talk on education may be give by the principal.

20. He was teaching political science.
(a) Political science was teaching him.
(b) Political science is a subject taught by him.
(c) Political science was not being taught by him.
(d) Political science was being taught by him.

21. Help me in trouble.
(a) I request you to help me in trouble.
(b) Let me be helped in trouble.
(c) You may help me in trouble.
(d) Let I be helped you in trouble.

22. Students should not copy the lessons taught by the teacher.
(a) The teacher should not be copied by the students in lessons.
(b) The lessons should not be copied by the teacher to students.
(c) The lessons taught by the teacher should not be copied by students.
(d) The lessons taught by the teacher are hard to copy by the students.

23. Can anybody solve this puzzle?
(a) Can anaybody be solved by this puzzle.
(b) Can this puzzle not be solved by anybody?
(c) No one can solve this puzzle.
(d) Can this puzzle be solved by anybody?

24. Someone has cleaned the room.
(a) Room has been cleaned.
(b) The room is cleaned.
(c) The room cleaned the someone.
(d) The room had been cleaned by someone.

25. Kabir had left the job.
(a) The job was being left by Kabir.
(b) The job had been left by Kabir.
(c) The job was been left by Kabir.
(d) The job had left by Kabir.

Do as directed. (Question No. 26 to 30)

26. I am sure that you can win this game.
(Make it negative without changing the meaning)
(a) I didn't doubt that you cannot win this game.
(b) I don't doubt it that you can win this game
(c) I have no doubt that you can win this game.
(d) Should I doubt that you can win this game?

27. Why should they raise their voice? (Make it assertive)
(a) They should raise their voice.
(b) Should not they raise their voice?
(c) They should not raise their voice.
(d) They are advised to keep quite.

28. Diagnosing Covid-19 is very difficult. (Make it exclamatory)
(a) What a difficult diagnosing Covid-19 is!
(b) What a difficult is Covid-19 diagnosing.
(c) How difficult Covid-19 diagnosing!
(d) How difficult diagnosing Covid- 19 is!

29. I remember that incident quite well. (Make it exclamatory)
(a) How well I didn't forget that incident!
(b) What! I remember that incident.
(c) What a memory I have!
(d) How well I remember that incident!

30. You cannot do well to all people. (Make it interrogative)
(a) You are supposed to do good to all people.
(b) Are you not going to do good to all people?
(c) Can you do good to all.
(d) Can you do well to all people?

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question No. 31 to 35)

31. Ignite
(a) Light
(b) Flame
(c) Extinguish
(d) Besmirch

32. Landlord
(a) Proprietor
(b) Landowner
(c) Tenant
(d) Owner

33. Compliment
(a) Praise (b) Insult
(c) Accolade (d) Flattery

34. Strict
(a) Stern (b) Firm
(c) Uncouth (d) Lenient

35. Release
(a) Discharge
(b) Trap
(c) Free
(d) Liberate

Synonyms (Question No. 36 to 40)

36. Tasteless
(a) Insipid (b) Tasty
(c) Yummy (d) Delicious

37. Molest
(a) Cheer
(b) Soothe
(c) Harass
(d) Treat well

38. Displeasure
(a) Pleasure
(b) Hoodwink
(c) Delight
(d) Resentment

39. Scarce
(a) Large
(b) Adequate
(c) Ample
(d) Scanty

40. Sublime
(a) Deny
(b) Ridiculous
(c) Magnificent
(d) Mock

One word substitutions. (Question No 41 to 45)

41. A person who studies how people vote in elections.
(a) Psephologist
(b) Fishmonger
(c) Electionist
(d) Petrology

42. A large cage, building or enclosure for keeping birds in.
(a) Den (b) Aviary
(c) Polyglot (d) Abattoir

43. A self governing country or region.
(a) Nepotism
(b) Democracy
(c) Autonomy
(d) Aristocracy

44. Abortion of a fetus.
(a) Suicide
(b) Homicide
(c) Foeticide
(d) Genocide

45. The arrangement of events or dates in the order of their occurance.
(a) Autonomy
(b) Exonerate
(c) Criminology
(d) Chronology

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)

46. (a) Bireau (b) Bauraeu
(c) Biuroeu (d) Bureau

47. (a) Litrary (b) Litrory
(c) Litrery (d) Literary

48. (a) Viceroay (b) Viseroy
(c) Vicroy (d) Viceroy

49. (a) Chancalor
(b) Chancellor
(c) Chanceller
(d) Chansellor

50. (a) Metaphysics
(b) Metapysics
(c) Motaphysics
(d) Metaphycics

Answers

1. b, 2. d, 3. c, 4. c, 5. b, 6. c, 7. b, 8. b, 9. c, 10. d, 11. a, 12. c, 13. c, 14. c, 15. a, 16. d, 17. c, 18. d, 19. c, 20. d, 21. b, 22. c, 23. d, 24. a, 25. b, 26. c, 27. c, 28. d, 29. d, 30. d, 31. c, 32. c, 33. b, 34. d, 35. b, 36. a, 37. c, 38. d, 39. d, 40. c, 41. a, 42. b, 43. c, 44. c, 45. d, 46. d, 47. d, 48. d, 49. b, 50. a.

Explanation

1. Article 'The' is used before the names of direction. South is a name of a direction hence article 'the' is an appropriate answer.
4. We never place article before the verb.
14. Simple Present Tense is used for stating general facts or truths.
30. Negative interrogatives are made positive assertive and positive ones are changed into negatives. Hence negative assertive sentence is changed into positive interrogative sentence.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) - 462 011

NOTICE INVITING TENDER No. 905
(PMGSY-III, Batch-I Year 2020-21)

No. 13077/22/D-12/MPRRDA/2020 **Bhopal, Dated : 08.09.2020**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below:

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Balaghat	2	136076000.00
2.	Bhind	1	49683000.00
3.	Damoh	2	135277000.00
4.	Narsinghpur	3	206837000.00
5.	Satna	3	160321000.00
6.	Seoni	1	251285000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in** The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities. The bidders are required to submit (a) original Demand Draft towards the cost of bid document and (b) original bid security in approved form and (c) original affidavit regarding correctness of information furnished with bid document as per provisions of Clause 4.4 B (a) (ii) of ITB with GM PIU concerned or **MPRRDA Head Office, Paryavas Bhawan, BHOPAL,** either by registered post or by hand, failing which the bid shall be declared non-responsive.
2. Bid document may be purchase online from **10.09.2020 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **03.10.2020 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/98411/44370/2020 **(T & e-G)**

सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

अर्थशास्त्र

1. आन्तरिक एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अथवा विदेशी व्यापार में कई बातें समान होती हैं। दोनों दशाओं में मूल सिद्धांत एक ही है। दोनों ही प्रकार के व्यापार का आधार है?
(अ) श्रम विभाजन एवं कार्यों का विशिष्टीकरण
(ब) श्रम विशिष्टीकरण तथा कार्यों का केन्द्रीकरण
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) श्रम विभाजन एवं कार्यों का विशिष्टीकरण
व्याख्या - आन्तरिक व अंतर्राष्ट्रीय व्यापार दोनों का आधार श्रम विभाजन तथा कार्यों का विशिष्टीकरण होता है। इसी के कारण लागतों में अन्तर आता है और व्यापार सम्भव हो पाता है।

2. निम्न में से क्या विदेशी व्यापार का आर्थिक आधार नहीं है?
(अ) उत्पादन साधनों में गतिशीलता
(ब) प्राकृतिक सम्पदा
(स) श्रम विभाजन व विशिष्टीकरण
(द) अन्य जीवन स्तर की लालसा
उत्तर - (अ) उत्पादन साधनों में गतिशीलता
व्याख्या - दो विभिन्न देशों के मध्य उत्पादन साधनों में गतिशीलता विदेशी व्यापार का आर्थिक आधार नहीं है।

3. 'गरीब कल्याण रोज़गार अभियान' का कब प्रारम्भ हुआ?
(अ) 20 जून, 2020
(ब) 20 जून, 2019
(स) 1 अप्रैल, 2020
(द) 1 अप्रैल, 2019
उत्तर - (अ) 20 जून, 2020
व्याख्या - 20 जून, 2020 को बिहार के खगड़िया से यह प्रारम्भ हुआ है। इसमें बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, झारखंड, ओडिशा आदि राज्यों के 116 जिले, जिसमें 27 आकांक्षी जिले (aspirational district) सम्मिलित हैं।

4. देश का एकमात्र नदी बंदरगाह (पोर्ट) कौनसा है?
(अ) श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट
(ब) दीनदयाल बंदरगाह
(स) कांडला बंदरगाह
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट
व्याख्या - श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट का नया नाम है। यह हुगली नदी पर स्थित है और समुद्र से 203 किमी दूरी पर है।

5. बिमल जुल्का समिति किससे संबंधित है?
(अ) फिल्म प्रमोशन फंड के निर्माण
(ब) डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिये
(स) जेल सुधार के लिये
(द) शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में परिवर्तन के लिये
उत्तर - (अ) फिल्म प्रमोशन फंड के निर्माण
व्याख्या - हाल ही में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत संचालित फिल्म मीडिया इकाइयों के युक्तिकरण के लिये यह समिति गठित की गई थी। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट में व्यावसायिक फिल्मों के निर्माण के लिये स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं के वित्त पोषण हेतु फिल्म प्रमोशन फंड के निर्माण का सुझाव दिया है।

6. 'एशियाई विकास आउटलुक' रिपोर्ट का प्रकाशन किसके द्वारा किया जाता है?
(अ) विश्व बैंक
(ब) भारतीय रिज़र्व बैंक
(स) एशियाई विकास बैंक
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) एशियाई विकास बैंक
व्याख्या - इसकी स्थापना 19 दिसम्बर, 1966 को 31 सदस्यों के साथ हुई थी। वर्तमान में इसके 68 सदस्य हैं। इसका मुख्यालय फिलीपींस में है।

7. लघु उद्योगों के लिये वर्तमान में टर्नओवर सीमा है?
(अ) 50 करोड़ रुपये
(ब) 10 करोड़ रुपये
(स) 20 करोड़ रुपये
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) 50 करोड़ रुपये
व्याख्या - विनियोग की सीमा 10 करोड़ रुपये तक है।

8. निम्न कथनों में से असत्य कथन बताइये?
(अ) वैश्विक नवाचार सूचकांक 2020 में भारत को 48वां स्थान प्राप्त हुआ है
(ब) वैश्विक नवाचार सूचकांक की शुरुआत 2007 में हुई थी
(स) वैश्विक नवाचार सूचकांक में 2020 में स्विट्ज़रलैंड को पहला स्थान प्राप्त हुआ है
(द) इस सूचकांक के 'अपर मिडिल इनकम' समूह में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है
उत्तर - (द) इस सूचकांक के 'अपर मिडिल इनकम' समूह में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है
व्याख्या - अपर मिडिल इनकम में तीसरा स्थान बुल्गेरिया का है, अतः यह कथन असत्य है।

9. निम्न में से कौनसा विभाग भारत सरकार के खनन मंत्रालय के तहत कार्य करने वाला प्रमुख भू-वैज्ञानिक संगठन है, जिसका कार्य राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक संबंधी सूचना जारी करना तथा उसका अद्यतन करना और खनिज संसाधनों का मूल्यांकन करना है?
(अ) भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण
(ब) लोक उद्यम विभाग
(स) परमाणु ऊर्जा विभाग
(द) भू-संसाधन विभाग
उत्तर - (अ) भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण
व्याख्या - हाल ही में इस संगठन ने फिनलैंड के एक सार्वजनिक संगठन के साथ भू-विज्ञान और खनिज संसाधनों के लिये समझौता किया है।

10. 'हैप्पी सीडर' क्या है?
(अ) खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने का स्टार्टअप
(ब) कृषकों के लिये शिक्षण का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म
(स) मौसम परिवर्तनों को मापने का यंत्र
(द) धान की पराली से अवरुद्ध हुये बिना गेहूं की बुवाई का यंत्र
उत्तर - (द) धान की पराली से अवरुद्ध हुये बिना गेहूं की बुवाई का यंत्र
व्याख्या - यह ट्रेक्टर से चलता है।

11. किसान क्रेडिट कार्ड योजना के संदर्भ में निम्न कथनों में से सही कथन/कथनों को बताइये?
(अ) वर्ष 1998 में इस योजना को किसानों को बैंकिंग प्रणाली से पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता प्रदान करने के लिये प्रारम्भ किया गया था
(ब) इसका उद्देश्य किसानों को कृषि कार्यों के लिये एकल खिड़की व्यवस्था द्वारा कृषि संबंधी आगतों जैसे बीज, उर्वरक और कीटनाशक हेतु नकदी उपलब्ध करवाना है
(स) इस योजना को वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों तथा सहकारी संस्थाओं द्वारा क्रियान्वित किया जाता है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

12. संरक्षण कृषि और मृदा प्रबंधन तकनीक मृदा के क्षरण और अवनति से बचाती है तथा इसकी गुणवत्ता में सुधार करती है। निम्न में से कौनसी पद्धति/पद्धतियां संरक्षण कृषि के अंतर्गत आती है/हैं?
(अ) न्यूनतम जुताई
(ब) बागवानी फसलों की खेती
(स) स्थानिक और लौकिक फसलों को अपनाना
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

13. प्रच्छन्न बेरोज़गारी होती है?
(अ) ऐसी स्थिति जिसमें किसी कार्य हेतु आवश्यकता से अधिक लोग कार्य करते हैं
(ब) नौकरी बदलते समय अस्थायी रूप से रोज़गार विहीन होना
(स) किसी वस्तु की मांग में कमी से उत्पन्न स्थिति
(द) व्यापार चक्र की एक अवस्था
उत्तर - (अ) ऐसी स्थिति जिसमें किसी कार्य हेतु आवश्यकता से अधिक लोग कार्य करते हैं
व्याख्या - प्रच्छन्न बेरोज़गारी मुख्य रूप से कृषि और असंगठित क्षेत्र में होती है।

14. भारत में निम्न में से कौन से पेट्रोलियम उत्पाद पर मूल्य नियंत्रण लागू है ?
(अ) एविएशन टर्बाइन फ्यूल
(ब) पेट्रोल
(स) डीजल
(द) घरेलू LPG
उत्तर - (द) घरेलू LPG
व्याख्या - एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर 2002 से, पेट्रोल पर 2010 से तथा डीजल पर 2014 से मूल्य नियंत्रण सरकार ने समाप्त कर दिया है।

15. वर्तमान में कितने तक के विनियोग वाले उद्योग/सेवा को सूक्ष्म उद्योग में वर्गीकृत किया जाता है?
(अ) 25 लाख रुपये तक
(ब) 1 करोड़ रुपये तक
(स) 50 लाख रुपये तक
(द) 10 करोड़ रुपये तक
उत्तर - (ब) 1 करोड़ रुपये तक
व्याख्या - 1 करोड़ रुपये तक की विनियोग राशि वाले उद्योग/सेवा को सूक्ष्म उद्योग में वर्गीकृत किया गया है। यह वर्गीकरण 1 जुलाई, 2020 से लागू है। इसमें विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के बीच अंतर को समाप्त कर दिया गया है। सूक्ष्म उद्योगों के लिये टर्न ओवर की सीमा 9 करोड़ रुपये रखी गई है।

16. 'जूस जैकिंग' निम्न में से किससे संबंधित है?
(अ) पैसा निकालने के लिये डेबिट/क्रेडिट कार्ड क्लोन बनाने से
(ब) मोबाइल चार्ज प्रक्रिया के समय साइबर हमले से
(स) एक छद्म ई-मेल के माध्यम से पैसा एकत्रित करने से
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) मोबाइल चार्ज प्रक्रिया के समय साइबर हमले से
व्याख्या - जब सार्वजनिक स्थानों जैसे हवाई अड्डों, कैफे, बस स्टैंड आदि पर स्थापित यूएसबी चार्जिंग पोर्ट से मोबाइल चार्ज किया जाता है, तब यह हमला होता है।

17. ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (GPAI) के संबंध में सही कथन बताइये?
(अ) GPAI प्रारम्भ करने के लिये भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस सहित अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ संस्थापक सदस्य के रूप में सम्मिलित हुआ है
(ब) यह प्रतिभागी देशों के अनुभव और विविधता का उपयोग करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों की बेहतर समझ विकसित करने का अपनी तरह का प्रथम प्रयास है
(स) GPAI को पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग और विकास संगठन का समर्थन प्राप्त है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

18. 'रेपो दर' के संबंध में सही कथन बताइये?
(अ) रेपो दर ब्याज की वह दर है, जिसे बैंक वस्तु ऋणों पर वसूल करता है
(ब) ऊंची रेपो दर का अर्थ है, बैंकों का ऊंची साख निर्माण क्षमता
(स) रेपो दर भारतीय रिज़र्व बैंक की साख नीति का एक उपकरण है, जबकि विपरीत रेपो दर नहीं
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) रेपो दर भारतीय रिज़र्व बैंक की साख नीति का एक उपकरण है, जबकि विपरीत रेपो दर नहीं
व्याख्या - रेपो दर वह दर होती है, जिस पर वाणिज्यिक बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक अल्पकालीन ऋण देता है।

19. वाणिज्यिक बैंकों के संदर्भ में निम्नलिखित में से सत्य कथन बताइये?
(अ) वाणिज्यिक बैंकों को रिज़र्व बैंक के पास कुछ नकद कोष रखना पड़ता है
(ब) वाणिज्यिक बैंकों के द्वारा मांग जमाओं के माध्यम से सृजित मुद्रा बैंक मुद्रा कहलाती है
(स) वाणिज्यिक बैंक स्वयं करेंसी जारी नहीं करते हैं, बल्कि वे मुद्रा की पूर्ति में ऋण प्रदान करके अपना अंशदान देते हैं
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

20. निम्न में से सत्य कथन बताइये?
(अ) उच्चतर नकद आरक्षित अनुपात का अर्थ उच्चतर साख निर्माण की क्षमता से है
(ब) वाणिज्यिक बैंक केवल निवेश के उद्देश्य के लिये ऋण देते हैं
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

21. हैरिस टोडारो मॉडल किससे संबंधित है?
(अ) श्रमिक प्रवासन से
(ब) प्रच्छन्न बेरोज़गारी से
(स) मुद्रा स्फीति में परिवर्तन से
(द) खाद्य संकट से
उत्तर - (अ) श्रमिक प्रवासन से।
व्याख्या - इस मॉडल (1970) से ज्ञात होता है कि किस प्रकार ग्रामीण/कृषि क्षेत्र से संबंधित श्रमिक शहरी/औद्योगिक क्षेत्र में प्रवासन के लिये निर्णय लेते हैं, जब शहरी औद्योगिक क्षेत्रों में अपेक्षित मजदूरी दर, ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी वर्तमान मजदूरी से उल्लेखनीय रूप से अधिक हो।

22. 'गोइंग ऑनलाइन एज लीडर्स' (GOAL) के संबंध में असत्य कथन को चुनिये?
(अ) इस कार्यक्रम को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है
(ब) कार्यक्रम को आदिवासी युवाओं को डिजिटल मोड के माध्यम से मेंवरशिप प्रदान करने के लिये बनाया गया है
(स) यह कार्यक्रम फेसबुक के साथ मिलकर लॉन्च किया गया है
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) इस कार्यक्रम को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है
व्याख्या - यह कार्यक्रम जनजातीय मंत्रालय ने लॉन्च किया है।

23. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा विकसित DRUVS क्या है?
(अ) यह एक एंटी टैंक मिसाइल है
(ब) यह एक परावैंगनी सैनिटाइजर है
(स) यह स्वदेशी रूप से विकसित एक वेंटिलेटर है
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) यह एक परावैंगनी सैनिटाइजर है
व्याख्या - हैदराबाद स्थित रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की प्रमुख प्रयोगशाला, रिसर्च सेंटर इमारत (RCI) ने एक स्वचालित संपर्क रहित सेनिटाइजेशन कैबिनेट विकसित किया है।

24. निम्नलिखित में से कौनसा अनाज मोटे अनाज के रूप में नहीं जाना जाता है?
(अ) ज्वार (ब) रागी
(स) गेहूं (द) मक्का
उत्तर - (स) गेहूं

25. प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के संबंध में सही कथन कौनसा है?
(अ) इसके तहत केवल नई इकाइयों की स्थापना के लिये सहायता प्रदान की जाती है
(ब) इसके तहत किसी भी परियोजना के लिये आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु शैक्षिक योग्यता स्नातक होना है
(स) इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य श्रेणी के लाभार्थी परियोजना की लागत का 35% अनुदान प्राप्त कर सकते हैं
(द) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं
उत्तर - (अ) इसके तहत केवल नई इकाइयों की स्थापना के लिये सहायता प्रदान की जाती है
व्याख्या - इस परियोजना के लिये आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य श्रेणी के लाभार्थी 25% अनुदान प्राप्त कर सकते हैं

26. 'अटल वीमित व्यक्ति कल्याण योजना' के संबंध में सही कथन बताइये?
(अ) इस योजना को 1 जुलाई, 2018 को दो वर्ष की अवधि के लिये प्रारम्भ किया गया था
(ब) इस योजना का कार्यान्वयन कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा किया जा रहा है
(स) इसे एक वर्ष की अवधि अर्थात् 30 जून, 2021 तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

27. G-20 समूह के संदर्भ में निम्न कथनों में से कौनसा कथन असत्य है?
(अ) G-20 समूह की स्थापना वर्ष 1999 में हुई थी
(ब) G-20 समूह का मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है
(स) G-20 समूह के अध्यक्ष के रूप में सऊदी अरब का कार्यकाल 30 नवंबर, 2020 तक रहेगा
(द) इस संघ में यूरोपीय संघ भी सम्मिलित है
उत्तर - (ब) G-20 समूह का मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है
व्याख्या - G-20 एक फोरम मात्र है, यह किसी स्थायी सचिवालय या स्थायी कर्मचारी के बिना कार्य करता है।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

स्मृति शेष | प्रणब मुखर्जी

अवसरों को अपने पक्ष में मोड़ना बखूबी जानते थे प्रणब दा

प्रणब दा, दादा, पोल्टू जैसे संबोधन से प्यार से पुकारे जाने वाले प्रणब मुखर्जी ने न केवल एक राजनेता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी वरन भारत के वित्त मंत्री और फिर राष्ट्रपति के रूप में भी देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। देश के 13वें राष्ट्रपति रहे प्रणव मुखर्जी एक ऐसे राजनेता थे जो अवसरों को अपने पक्ष में मोड़ना बखूबी जानते थे। प्रणव मुखर्जी की राजनीतिक कुशलता और व्यवहार से हर कोई प्रभावित था। देश ने अपना यह प्रतिभाशाली नेता अब खो दिया है। पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी का 84 वर्ष की उम्र में 31 अगस्त को दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया। उनको गत 10 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके मस्तिष्क में जमे खून के थक्के को हटाने के लिए उनकी सर्जरी की गई थी। बाद में उनके फेफड़े में संक्रमण हो गया और उन्हें बचाया नहीं जा सका।

उनका देहावसान एक युग की समाप्ति

प्रणव मुखर्जी के निधन पर राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई प्रमुख हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने ट्वीट किया, 'पूर्व राष्ट्रपति, श्री प्रणव मुखर्जी के स्वर्गवास के बारे में सुनकर हृदय को आघात पहुंचा। उनका देहावसान एक युग की समाप्ति है।'

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का हवाला देते हुए ट्वीट किया, "उनके (मुखर्जी के) निधन से देश ने एक बुजुर्ग राजनेता को खो दिया है। वह सामान्य पृष्ठभूमि से ऊपर उठकर अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचे थे।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए कहा कि 'भारत, भारत रत्न श्री प्रणव मुखर्जी के निधन पर शोकाकुल है। उन्होंने हमारे राष्ट्र के विकास पथ पर एक अमिट छाप छोड़ी है। वर्ष 2014 में, मैं दिल्ली में नया था, मुझे पहले दिन से उनका मागदर्शन, सहयोग पाने का सौभाग्य मिला। उनकी यादों को हमेशा संजोए रखूंगा।'

चुनाव प्रचार का सफल प्रबंधन कर बताई अपनी प्रतिभा

11 दिसम्बर 1935 में पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के एक गांव में जन्में प्रणव दा का राजनीतिक कॅरियर 1969 में प्रारंभ हुआ जब उन्होंने वी.के. कृष्ण मेनन के चुनाव प्रचार (मिदनापुर लोकसभा सीट के लिए उप-चुनाव) का सफल प्रबंधन किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें जुलाई 1969 में राज्य सभा का सदस्य बना दिया। इसके बाद मुख़र्जी कई बार (1975, 1981, 1993 और 1999) राज्य सभा के लिए चुने गए। प्रणव मुखर्जी की मां का नाम राजलक्ष्मी मुखर्जी था। पिता कामदा किंकर मुखर्जी देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे और 1952 से 1964 के बीच पश्चिम बंगाल विधान परिषद में प्रतिनिधि रहे। प्रणव मुखर्जी का विवाह 13 जुलाई 1957 को शुभ्रा मुखर्जी से हुआ था। उनके दो बेटे अभिजीत, इंद्रजीत और एक बेटी शर्मिष्ठा है। 2019 में प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न से नवाजा गया था।

बचपन से ही थे धुन के पक्के

प्रणव मुखर्जी के जो तेवर एक नेता के रूप में हमें दिखाई दिए, वही तेवर बचपन में भी थे। अपनी जिद के चलते उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा के दौरान डबल प्रमोशन पाया था। दरअसल जब वे दूसरी कक्षा में पढ़ रहे थे तो उन्होंने अपने परिवार वालों से मिराती गांव के स्कूल जाने से इंकार कर दिया। वह किरनाहर स्थित स्कूल में प्रवेश पाना चाहते थे जो कि पांचवी कक्षा से था। ऐसे में प्रणव ने किरनाहर के स्कूल में सीधे पांचवीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए टेस्ट दिया और उसे पास भी करके दिखाया। वे राजनीति में आने से पहले डिप्टी अकाउंटेंट जनरल (पोस्ट और टेलीग्राफ) के कोलकाता कार्यालय में प्रवर लिपिक की नौकरी करते थे। सन् 1963 में उन्होंने दक्षिण 24 परगना जिले के विद्यानगर कॉलेज में राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर के रूप में भी काम किया था और 'देशर डाक' नामक समाचार पत्र में पत्रकार के रूप में काम कर चुके थे।

पहले से ही राष्ट्रपति भवन की भव्यता करती थी आकर्षित

कहते हैं कि कभी-कभी हमें भविष्य में मिलने वाली उपलब्धियों का आभास किसी न किसी रूप में हो जाता है। प्रणव मुखर्जी को भी राष्ट्रपति भवन की भव्यता खूब आकर्षित करती थी। जब 1969 में प्रणव राज्यसभा के सदस्य बने तो उनका आधिकारिक घर राष्ट्रपति संपदा के पास ही था। वे अकसर राष्ट्रपति भवन को देखा करते थे। एक दिन उन्होंने राष्ट्रपति की घोड़े वाली बग्गी को देखकर अपनी बहन अन्नपूर्णा बनर्जी से कहा कि इस आलीशान राष्ट्रपति भवन का आनंद उठाने के लिए वो अगले जन्म में घोड़ा बनना पसंद करेंगे। इस पर उनकी बहन ने उन्हें

कहा था - 'इसके लिए तुम्हें अगले जन्म तक रुकना नहीं पड़ेगा बल्कि इसी जन्म में तुम्हें इसमें रहने का मौका मिलेगा।' उनकी बहन का कहा आखिर सच हुआ और उन्हें 25 जुलाई 2012 से 25 जुलाई, 2017 तक देश के तेरहवें राष्ट्रपति के रूप में कार्य करने का मौका मिला।

राष्ट्रपति बनने से पहले वे तत्कालीन केन्द्र सरकार में वित्त मंत्री थे।

देश के वित्त मंत्री और उत्कृष्ट सांसद भी रहे मुखर्जी

उन्होंने सन 1969 में राजनीति में प्रवेश किया था। उस समय वे राज्य सभा के लिए चुने गए थे। कई मंत्रालयों में काम करने के अनुभव के बाद प्रणव 1982-84 तक देश के वित्त मंत्री रहे। इस दौरान प्रतिष्ठित यूरो मैगजीन ने उनका मूल्यांकन विश्व के सबसे अच्छे वित्त मंत्री के तौर पर किया था।

अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सरकार की वित्तीय दशा दुरुस्त करने में काफी हद तक सफलता पायी। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान मनमोहन सिंह को रिज़र्व बैंक का गवर्नर बनाया गया। सन 1980 से 1985 तक वे राज्य सभा में सदन के नेता भी रहे। सन 1997 में प्रणव मुखर्जी को उत्कृष्ट सांसद चुना गया था। सन 2004 से लेकर 2012 तक तत्कालीन सरकार में उन्होंने देश के रक्षा, वित्त और विदेश मंत्री सहित कई महत्वपूर्ण पदों को संभाला। 2004 में ही प्रणव ने पहली बार लोकसभा के लिए चुनाव लड़ा और पश्चिम बंगाल के जंगीपुर संसदीय क्षेत्र से जीत हासिल की।

उनकी किताबों में मिलती है राजनीतिक-सामाजिक परिवर्तनों की झलक

राजनीति में अत्याधिक सक्रिय होने के बावजूद वे अपनी संस्कृति और जड़ों को नहीं भूले थे। वे अपने जीवनकाल में हर वर्ष दुर्गा पूजा का त्योहार अपने पैतृक गांव में ही मनाते रहे। रवीन्द्र संगीत भी वो काफी पसंद करते थे। देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न और दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित प्रणव मुखर्जी को बूल्वरहैम्पटन और असम विश्वविद्यालय ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी दी थी।

प्रणव मुखर्जी प्रभावशाली शख्सियत के धनी थे। उनके व्यक्तित्व के इस पहलू को उनकी किताबें पढ़कर महसूस किया जा सकता है। उन्होंने अपनी किताबों- मिडटर्म पोल, बियॉंड सरवाइवल, ऑफ द ट्रैक - सागा ऑफ स्ट्रगल एंड सैक्रिफाइस, इमर्जिंग डाइमेंशन्स ऑफ इंडियन इकोनॉमी आदि में देश में हुई राजनीतिक उथल-पुथल और सामाजिक परिवर्तनों का उल्लेख किया।

अपने करीब 50 वर्ष के राजनीतिक जीवन के अनुभवों को वे समय-समय पर अपने उद्बोधनों में अभिव्यक्त करते रहते थे।

अटलजी को सबसे असरदार नेता मानते थे प्रणब दा

प्रणब मुखर्जी दो नेताओं अटल विहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी से काफी प्रभावित थे। इसका जिक्र उन्होंने एक कार्यक्रम में भी किया था। वे अटलजी को सबसे असरदार, तो नरेन्द्र मोदी को सबसे तेजी से सीखने वाला प्रधानमंत्री मानते थे। यही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी प्रणव मुखर्जी की तारीफ में कहा था कि जब मैं दिल्ली आया था, तब प्रणव दा ने ही उंगली पकड़कर सिखाया।

2017 में जब राष्ट्रपति पद पर प्रणव मुखर्जी का आखिरी दिन था, तो मोदी ने उनके नाम चिट्ठी में लिखा था- राष्ट्रपति जी, प्रधानमंत्री के रूप में आपके साथ काम करना सम्मान की बात रही। इस चिट्ठी में मोदी ने जिक्र किया था कि प्रणव हमेशा मोदी से यह पूछते थे कि वे अपनी सेहत का ध्यान रख रहे हैं या नहीं? इस चिट्ठी को बाद में प्रणव मुखर्जी ने ट्वीट किया था और कहा था कि इसे पढ़कर मैं भावुक हो गया।

वहीं प्रणव मुखर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए कहा था कि उनके काम करने का अपना तरीका है। हमें इसके लिए उन्हें क्रेडिट देना चाहिए कि उन्होंने किस तरह से चीजों को जल्दी सीखा है। मोदी चीजों को बहुत अच्छी तरह ऑब्जर्व करते हैं। मुझे उनकी वह बात अच्छी लगी, जब उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए आपको बहुमत चाहिए होता है, लेकिन सरकार चलाने के लिए सभी का मत चाहिए होता है।

प्रणव मुखर्जी के व्यक्तित्व की सरलता अन्य राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों को भी प्रभावित करती थी। यही वजह थी कि सभी उनकी तारीफ करते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें अपने अभिभावक के रूप में सम्मान दिया था।

जुलाई 2016 में राष्ट्रपति भवन म्यूजियम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के लिए कहा था कि- 'जब मैं दिल्ली में नया-नया आया था, तब राष्ट्रपति ने एक अभिभावक की तरह मुझे उंगली पकड़कर चीजें सिखाई थीं। जो मौका मुझे मिला, वो बहुत कम लोगों को मिलता है। मोदी ने कहा था कि सबसे अहम बात ये है कि उनका राजनीतिक धरातल अलग है और मेरा अलग, लेकिन उनके साथ मैंने सीखा कि कैसे अलग-अलग राजनीतिक विचारधारा होने के बावजूद लोकतंत्र में एक-दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर काम किया जा सकता है।'

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सामान्य ज्ञान - खेल

1. **इनमें से कौन-सी कंपनी इस वर्ष आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सर है?**
(अ) वीवो
(ब) ओप्पो
(स) ड्रीम 11
(द) इनमें से कोई नहीं

2. **फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने इसमें से किसे टीम का कोच नियुक्त किया है?**
(अ) रोनाल्ड कोएमैन
(ब) जिनेदिन जिडान
(स) आंद्रे इनिस्ता
(द) माइकल बलाक

3. **नेशंस लीग किस खेल की एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?**
(अ) क्रिकेट (ब) हॉकी
(स) गोल्फ (द) फुटबॉल

4. **मध्यप्रदेश की खिलाड़ी हर्षिता तोमर का संबंध किस खेल से है?**
(अ) नौकायन
(ब) तीरंदाजी
(स) कबड्डी
(द) हॉकी

5. **हाल ही में संन्यास लेने वाले ब्रायन ब्रदर्स किस खेल के दिग्गज खिलाड़ी हैं?**
(अ) गोल्फ (ब) टेनिस
(स) बेसबॉल (द) बास्केटबॉल

6. **इस वर्ष स्पेनिश ग्रांप्री फॉर्मूला वन रेस किसने जीती है?**
(अ) एस्टाबेन ओकेन
(ब) मैक्स वर्स्टापेन
(स) लुईस हैमिल्टन
(द) इनमें से कोई नहीं

7. **स्वप्ना बर्मन ने एशियाई खेल-2018 में कौन-सा पदक जीता है?**
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

8. **भारत के अनुभवी खिलाड़ी सतीष कुमार शिवालिंगम का संबंध किस खेल से है?**
(अ) हॉकी
(ब) भारत्तोलन
(स) जिम्नास्टिक
(द) कबड्डी

9. **पालेर्मो ओपन टूर्नामेंट किस खेल से संबंधित है?**
(अ) टेनिस (ब) बैडमिंटन
(स) टेबल टेनिस (द) स्क्वैश

10. **महेन्द्र सिंह धोनी ने भारत के लिए कितने टेस्ट मैच खेले हैं?**
(अ) 82 (ब) 90
(स) 95 (द) 97

11. **इस वर्ष यूरोपा लीग का खिताब किस क्लब ने जीता है?**
(अ) इंटर मिलान
(ब) बायर लिवरकुसेन
(स) मेनचेस्टर यूनाइटेड
(द) सेविला

12. **इनमें से किस दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर को हाल ही में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है?**
(अ) ग्रीम स्मिथ
(ब) मार्क वाउचर
(स) जैक कैलिस
(द) ए बी डिविलियर्स

13. **भारत में पहली गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी किस शहर में खुली है?**
(अ) चेन्नई (ब) बेंगलुरू
(स) नागपुर (द) हैदराबाद

14. **इनमें से किस खिलाड़ी के नाम मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) का पहला नॉन ब्रिटिश अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड है?**
(अ) कुमार संगाकारा
(ब) रिकी पोंटिंग
(स) कपिल देव
(द) क्लाइव लॉयड

15. **वर्ष 2018 में यूएस ओपन में महिला वर्ग की चैम्पियन बनी थीं?**
(अ) कोको गॉफ
(ब) किकि बर्टेंस
(स) वियांका आंद्रेस्क्यू
(द) नाओमी ओसाका

16. **ओलिंपिक बॉक्सिंग चैम्पियन हसनबॉय दुस्तामोव किस देश के लिए खेलते हैं?**
(अ) इरान
(ब) उज्बेकिस्तान
(स) कजाकिस्तान
(द) इनमें से कोई नहीं

(शेष अगले पृष्ठ पर)

सिविल सेवा परीक्षा में 23वें स्थान पर चयनित मुरैना की निधि बंसल से साक्षात्कार

धैर्य और लगन ने तय लक्ष्य तक पहुंचाया : निधि बंसल

मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के कैलारस कस्बे की मूल निवासी होकर सिविल सर्विस में सफल होने वाली निधि बंसल केवल ग्वालियर-चंबल ही नहीं अपितु समूचे मध्यप्रदेश व देशभर के युवाओं की प्रेरणा स्रोत हैं। कहते हैं कि सफलता के लिए लगन के साथ धैर्य प्रथम आवश्यकता है। चंबल की होनहार बेटी निधि बंसल आमजन की सेवा के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रति इस कदर लक्ष्यवान थीं कि दो बार आईपीएस में सफल होकर भी 5 साल तक उन्होंने निरंतर और समर्पित प्रयास किया। सिविल सेवा परीक्षा 2019 में उन्होंने देश भर में 23वां स्थान हासिल कर आखिरकार आईएएस बनने का सपना पूरा कर ही लिया है। प्रस्तुत हैं उनसे साक्षात्कार के प्रमुख अंश...

प्रश्न- सर्वप्रथम आपको सफलता के लिए बधाई। आपने परीक्षा में कौन-से विषय लिए थे?

उत्तर- धन्यवाद, मैंने मुख्य परीक्षा के लिए गणित को अपना मुख्य विषय चुना था। इससे पहले मैं समाजशास्त्र के साथ परीक्षा दे चुकी थी एवं दो बार आईपीएस में चयनित हुई थी।

प्रश्न- इन विषयों की पढ़ाई के लिए कौन-सी किताबें पढ़ीं। किताब का नाम और लेखक का नाम बताइए?

उत्तर- मैंने परीक्षा के लिए अपना आधार मजबूत करने सबसे पहले एनसीईआरटी की 10वीं से 12वीं तक की पुस्तकें पढ़ीं और उनसे अपना बेस तैयार किया। इसके बाद विषय की वृहत तैयारी के लिए एम लक्ष्मीकांत सहित हर विषय की स्तरीय पुस्तकें प्रमुख रूप से पढ़ीं।

प्रश्न- आपकी पारिवारिक पृष्ठ-भूमि क्या है?

उत्तर- हमारा परिवार चंबल के मुरैना जिले के कैलारस का मूल निवासी है एवं फिलहाल मेरा परिवार ग्वालियर में रह रहा है। मेरे पिताजी श्री गिर्राज बंसल एक व्यवसायी हैं एवं मेरी माताजी श्रीमती माया बंसल एक कुशल गृहिणी हैं। परिवार में तीन भाई हैं जिनमें से 2 के विवाह हो चुके हैं।

प्रश्न- आपकी प्रारंभिक शिक्षा कहां से हुई?

उत्तर- मैंने कक्षा 8वीं तक की पढ़ाई मुरैना जिले के कैलारस में अपने गृहनगर से की। इसके बाद हम परिवार सहित ग्वालियर आ गए। ग्वालियर में मैंने भारतीयम विद्या निकेतन में आगे की पढ़ाई की।

प्रश्न- इस परीक्षा के लिए आपको मोटीवेशन कहां से मिला, परीक्षा की तैयारी के लिए आपको सहयोग कहां से मिला?

उत्तर- मैंने एनआईटी त्रिच्ची तमिलनाडु से बीटेक किया इसके बाद कुछ समय के लिए जॉब भी की, लेकिन मुझे आत्मसंतुष्टि नहीं मिली। मैं समस्याओं से जूझती आम जनता के लिए कुछ करना चाहती थी और इस कारण मैंने सिविल सेवा को अपना लक्ष्य चुना। मैंने समर्पण और लगन से तैयारी शुरू कर दी जिसमें परिवार, दोस्तों, मेरे शुभचिंतकों का पूरा सहयोग मिला। मेरे परिवार ने हमेशा मेरे मनोबल को बढ़ाए रखा।

प्रश्न- परीक्षा की रणनीति कैसे तैयार की?

उत्तर- मैंने सबसे पहले सिविल सेवा परीक्षा प्रणाली और उसके उद्देश्य को समझा। पुराने प्रश्न पत्र देखे और उनके दिए गए आदर्श उत्तरों का अध्ययन भी किया। मैं एनआईटी जैसे उत्कृष्ट संस्थान से पढ़ी इस वजह से मुझे वहां से सफल हुए अभ्यर्थियों से संपर्क का लाभ मिला। मैंने यथासंभव उनसे संपर्क कर मार्गदर्शन भी लिया। पूरी परीक्षा और उसके तय पाठ्यक्रम के बारे में मैंने अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन लेकर उचित रणनीति के साथ तैयार की तथा निष्ठा, लगन और अनुशासनबद्ध होकर उसका पालन किया।

प्रश्न- रणनीति के तहत आप प्रत्येक दिन पढ़ाई के लिए कैसे समय तय करती थीं?

उत्तर- मैं नियमित रूप से अपना तय पाठ्यक्रम पढ़ती थी जो घंटों से तय नहीं था। मेरा हर दिन का एक लक्ष्य था और उस लक्ष्य को उस दिन में पूरा करना ही मेरा ध्येय होता था। मेरा फोकस इस बात पर रहता था कि अपना तय किया गया पाठ्यक्रम उसी दिन पूरा कर लूं जिससे अगले दिन की कार्ययोजना व्यवस्थित रहे। मैंने अनुशासन के साथ अपनी रणनीति का सफलतापूर्वक पालन किया।

प्रश्न- किस विषय को सबसे ज्यादा समय दिया?

उत्तर- मैंने पाठ्यक्रम को शीर्षकवार बांटकर पढ़ाई की। अनेक शीर्षक अधिक समय की अपेक्षा रखते थे इस कारण से मैंने उन्हें अधिक समय दिया। हर प्रयास में कुछ टॉपिक आसान होते चले गए जिससे कि चुनिंदा टॉपिक को अधिक गहराई से तैयार कर उनकी तैयारी मजबूत की। वैकल्पिक विषय को भी अपेक्षाकृत अधिक समय देकर उसमें अधिक से अधिक अंक लाने की कोशिश की। जहां पर कमी महसूस हुई वहां पर भी अधिक समय देकर सफलता के लिए बेहतर प्रयास किया।

प्रश्न- कठिन और मुश्किल विषयों को याद रखने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई?

उत्तर- मैंने पढ़े हुए को लिखकर याद करने का अभ्यास किया। इसका दोहरा फायदा होता है। एक ओर लिखने का अभ्यास बार-बार हुआ जिससे लेखन की गति बढ़ती गई साथ ही संक्षिप्त नोट्स भी तैयार होते गए। पूरे पाठ्यक्रम में से तैयार हुए ये चुनिंदा नोट्स तैयारी में मेरे लिए बहुत सहायक हुए। बार-बार अभ्यास करने में इनसे बहुत सहायता मिली।

प्रश्न- परीक्षा देते समय टाइम मैनेजमेंट कैसे किया?

उत्तर- परीक्षा में समयसीमा में सर्वोत्तम उत्तर ही सफलता दिला सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि सभी प्रश्नों को शीघ्रता से समझकर उनके सबसे अच्छे उत्तर लिखे जाएं। शब्द सीमा का ध्यान रखा जाए। यह सब कुछ परीक्षा कक्ष में समय प्रबंधन के जरिए ही हो सकता है। परीक्षा कक्ष में यह प्रबंधन आप कर सकें इसके लिए परीक्षा कक्ष में लेखन का अधिक से अधिक अभ्यास बहुत उपयोगी है। मैंने परीक्षा से पूर्व इस तरह का निरंतर अभ्यास किया जिससे परीक्षा कक्ष में समय प्रबंधन कर सकी।

प्रश्न- वस्तुनिष्ठ प्रश्नों और विवरणात्मक प्रश्नों को हल करते समय कौन-सी प्रक्रिया अपनाई?

उत्तर- सिविल सेवा परीक्षा एक संपूर्ण परीक्षा है। मैंने इस परीक्षा के लिए अब तक कुल पांच प्रयास किए हैं। इस अनुभव से मैं सिविल सेवा परीक्षा के स्वरूप एवं उसकी गहराई से भलीभांति परिचित थी। हर बार के अनुभव ने प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के प्रश्नों की शैली के प्रति मुझे अधिक से अधिक मदद की एवं इससे मुझे उन्हें हल करने में आसानी हुई। पूरी परीक्षा के लिए मैंने समग्रता से तैयारी की इसलिए मुझे कहीं से किसी तरह की समस्या नहीं आयी। जब जैसे प्रश्न रहे उनका उसी रणनीति के तहत अनुकूल जवाब दिया।

प्रश्न- क्या दिल्ली जैसे बड़े शहरों की तुलना में छोटे शहरों के युवा तैयारी में मुश्किलें पाते हैं?

उत्तर- देखिए मेरा जितना अनुभव रहा है उस लिहाज से अब ये अंतर बहुत ज्यादा मायने नहीं रखता। आज पाठ्यक्रम संबंधी सामग्री से लेकर परीक्षा उपयोगी मार्गदर्शन हर जगह आसान हो गया है। इसमें इंटरनेट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अगर आपको सही गाइडलाइन एवं सटीक दृष्टि मिल जाए तो आगे आप कहीं से भी अपनी तैयारी कर सकते हैं। अध्ययन सामग्री जुटाने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है सही और चुनिंदा सामग्री और सही दिशा में तैयारी। एक बार आप यह दिशा प्राप्त कर लें तो आप कहीं से भी तैयारी कर सकते हैं।

प्रश्न साक्षात्कार के लिए आपकी क्या योजना रही?

उत्तर- साक्षात्कार में यूपीएससी जानने का प्रयास करता है कि वास्तव में आप अंदर से क्या हैं। आपके विचार क्या हैं। घटनाओं एवं सार्वजनिक जीवन के विभिन्न मुद्दों एवं विषयों के प्रति आपका दृष्टिकोण क्या है। मैंने साक्षात्कार के लिए खुद को एकदम सहज रखा। मेरा मानना है कि आप अपने मूल स्वरूप में अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख सकते हैं। साक्षात्कार में जितना अधिक आप सहज होंगे आपकी प्रस्तुति उतनी बेहतर होगी। साक्षात्कार लेने वाला दल आपके कृत्रिम व्यवहार की जगह वास्तविक व्यवहार और ईमानदारी से दिए उत्तरों को अधिक पसंद करता है।

प्रश्न- आईएएस पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए आपके क्या विचार हैं इस पद को लेकर आपका क्या दृष्टिकोण है?

उत्तर- मैं खुश हूं कि आखिर पांचवें प्रयास में मैंने भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने में सफलता प्राप्त की। इससे पहले आईपीएस में चयन मेरे लिए अविस्मरणीय रहा। अब मैं आईएएस बनकर समाज के वंचित वर्ग की बेहतरी के लिए काम करना चाहती हूं। पीड़ित, गरीब, महिलाओं, बच्चों एवं किसानों के लिए काम करने वाले सरकारी तंत्र में निर्णायक भूमिका में होना मुझे प्रेरित करेगा। मैं आम भारतीय के लिए अधिक से अधिक काम कर सकूं और उनकी समस्याओं के निवारण में सहयोगी रहूं यही मेरा लक्ष्य रहेगा।

प्रश्न- क्या आप 'रोज़गार और निर्माण' पढ़ती हैं और इसमें आपको कौन-सा कॉलम पसंद है?

उत्तर- 'रोज़गार और निर्माण' जैसे स्तरीय एवं मानक पत्र-पत्रिकाएं युवाओं को रोज़गार एवं सम-सामयिक सूचनाओं की सटीक जानकारी देते हैं। इसमें प्रकाशित होने वाले सफल युवाओं के साक्षात्कार आपके मनोबल को बढ़ाते हैं साथ ही आपको रणनीति तय करने में भी मददगार होते हैं।

प्रश्न- 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों को आप क्या संदेश देना चाहेंगी?

उत्तर- सभी युवा साथियों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। निश्चित रूप से जब आप इस परीक्षा को देने जा रहे हैं तो आप इसके स्वरूप और प्रकृति का गहराई से अध्ययन करते हुए इस क्षेत्र में कदम रखें। बिना धैर्य और आत्मविश्वास के सिविल सेवा को लक्ष्य बनाना सफलता से आपको दूर रखेगा। मेरे विचार से कम से कम 2 साल तो इसकी तैयारी के लिये हर अभ्यर्थी को देना ही चाहिए। कई अभ्यर्थी प्रथम वार में ही अवश्य चयनित होते हैं, मगर आप पीछे देखेंगे तो उनकी तैयारी बारहवीं के बाद से ही शुरू हो गई होती है। इस तरह सिविल सेवा आपसे अव्वल दर्जे का धैर्य मांगती है। आप विचलित न हों। निरंतरता बनाए रखें। मेरी नजर में 2 मौकों के बाद आपको विकल्प लेकर चलना चाहिए। याद रखिए अब प्रतियोगी परीक्षाओं के स्वरूप बहुत अलग नहीं हैं। आपकी हर सफलता आपके आत्मविश्वास, मानसिक शांति और एकाग्रता को बढ़ाएगी जिससे सिविल सेवा तैयारी के लिए आपको मदद मिलेगी।

- विवेक पाठक

(साक्षात्कारकर्ता, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

17. दक्षिण कोरिया ने किस वर्ष ओलिंपिक खेलों की मेजबानी की थी?
(अ) वर्ष 1988 (ब) वर्ष 1980
(स) वर्ष 1984 (द) वर्ष 1996

18. इनमें से कौन-सा देश एफआईएच प्रो लीग-2020 का हिस्सा नहीं है?
(अ) भारत (ब) बेल्जियम
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) पाकिस्तान

19. सचिन तेंदुलकर ने अपना आखिरी टेस्ट मैच किस देश के खिलाफ खेला था?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) दक्षिण अफ्रीका
(स) वेस्टइंडीज
(द) बांग्लादेश

20. इनमें से किसे इस वर्ष अर्जुन पुरस्कार नहीं मिला है?
(अ) सुमित नागल
(ब) संदेश झिंगन
(स) राहुल अवारे
(द) दिविज शरण

21. इस वर्ष पीजीए गोल्फ चैम्पियनशिप किस खिलाड़ी ने जीती है?
(अ) डस्टिन जॉनसन
(ब) कोलिन मोरिकावा
(स) टाइगर वुड्स
(द) ब्रूक्स कोएपका

22. वर्ष 2011 में किस देश ने एएफसी एशियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता है?
(अ) ईरान (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) जापान (द) सउदी अरब

23. भारत के लिए वन-डे क्रिकेट में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?
(अ) जहीर खान
(ब) इशांत शर्मा
(स) कुलदीप शर्मा
(द) मोहम्मद शमी

24. इनमें से कौन-सी रेस इस वर्ष फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप का हिस्सा नहीं है?
(अ) स्पेनिश ग्रांप्री
(ब) ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री
(स) हंगेरियन ग्रांप्री
(द) ब्रिटिश ग्रांप्री

25. सबसे ज्यादा बार एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने का रिकॉर्ड किस देश के नाम है?
(अ) भारत
(ब) श्रीलंका
(स) पाकिस्तान
(द) उपर्युक्त देशों ने बराबर जीते हैं।

उत्तर

1. (स), 2. (अ), 3. (द), 4. (अ), 5. (ब), 6. (स), 7. (अ), 8. (ब), 9. (अ), 10. (ब), 11. (द), 12. (स), 13. (ब), 14. (अ), 15. (द), 16. (ब), 17. (अ), 18. (द), 19. (स), 20. (अ), 21. (ब), 22. (स), 23. (द), 24. (ब), 25. (अ)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण की सेवा प्रदान अवधि अब 15 दिवस

भोपाल, लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के तहत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की पूर्व में जारी अधिसूचना में कुछ पहलुओं को विलोपित करते हुए नये सिरे से अधिसूचना जारी की है। जिसमें खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण की अवधि 15 दिवस की गई है। प्रथम अपील प्रकरण में भी निराकरण की सीमा 15 दिवस होगी।

राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम के तहत खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण सेवाओं के अन्तर्गत केरोसीन के थोक विक्रेता एवं अर्द्ध थोक विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति, नाप्था विक्रय हेतु अनुज्ञप्ति, नाप्था अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण, विलायक रेफिनेट एवं स्लॉप के व्यापारी को अनुज्ञप्ति जारी करने, विलायक, रेफिनेट की अनुज्ञप्ति की नवीनीकरण संबंधी प्रकरणों के लिये कलेक्टर पदाभिहित अधिकारी के रूप में 15 दिन में आवेदन पर कार्रवाई करेंगे।

उचित मूल्य दुकानों के आवंटन, उचित मूल्य दुकान के नवीनीकरण संबंधी प्रकरणों पर जिला मुख्यालय के नगरीय क्षेत्र के जिला आपूर्ति अधिकारी/नियंत्रक अधिकारी एवं जिला मुख्यालय को छोड़कर अन्य क्षेत्रों के संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पदाभिहित अधिकारी के रूप में दुकान के आवंटन हेतु प्रसारित विज्ञप्ति के अनुसार अंतिम दिन से 15 दिन में सुनवाई का निराकरण करेंगे। कलेक्टर प्रथम अपीलीय अधिकारी के रूप में 15 दिन में निराकरण करेंगे।

परमाणु परीक्षण रोकने का एकमात्र उपाय है इन हथियारों का उन्मूलन

परमाणु हथियारों के परीक्षणों ने दुनिया को तबाही के सिवाय और कुछ नहीं दिया है। 16 जुलाई 1945 को परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू हुआ था और आज तक लगभग 2,000 से ज्यादा परीक्षण किये जा चुके हैं। परमाणु परीक्षण के शुरुआती दिनों में मानव जीवन पर इसके विनाशकारी प्रभावों पर विचार किया गया था। इतिहास ने हमें परमाणु हथियारों के परीक्षण के भयानक और दुःखद प्रभावों को दिखाया है। परमाणु शक्ति संपन्न देशों में रिश्ते अविश्वास से घिरे रहते हैं, हथियारों की होड़ और उनके इस्तेमाल पर पिछले कुछ वर्षों से खतरनाक धमकी भरी बयानबाज़ी लगातार बढ़ रही है। वहीं परमाणु शक्ति संपन्न देशों में तनाव बढ़ रहा है और दशकों तक विश्व को सुरक्षित बनाने वाली निरस्त्रीकरण और हथियारों पर नियंत्रण लगाने वाली संस्थाओं पर भी अब सवाल उठ रहे हैं। आज अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से हथियारों पर नियंत्रण कसने के लिए एक नई वैश्विक दृष्टि की आवश्यकता है। वर्तमान में बढ़ते तनावों की दुनिया में हम सबकी सामूहिक सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि परमाणु विस्फोटों पर पाबंदी लगाने वाली एक वैश्विक संधि लागू की जाए। परमाणु हथियारों के पीड़ितों और प्रभावितों की तकलीफों को दूर करने के लिए जरूरी है कि परमाणु परीक्षणों पर स्थाई रूप में पाबंदी लगाई जाए। हथियारों पर नियंत्रण के लिए बने अंतर्राष्ट्रीय तंत्र कमजोर हो रहे हैं। सजा का डर न होने की वजह से रासायनिक हथियारों का लगातार इस्तेमाल और प्रसार हो रहा है। वहीं अवैध छोटे हथियारों और युद्ध के लिए निर्मित विस्फोटकों का इस्तेमाल शहरी केन्द्रों में हो रहा है, जिससे हज़ारों निर्दोष आम नागरिकों की जानें जा रही हैं। इसके अलावा हथियारों के क्षेत्र में नई तकनीकें इन जोखिमों को ऐसे बढ़ा रही हैं जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

इसी वर्ष फरवरी माह में जेनेवा में निरस्त्रीकरण पर हुये सम्मेलन में यह बात सामने आई कि निरस्त्रीकरण प्रक्रिया के लिए नई सोच और दृष्टि अपनाने की जरूरत है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश सदस्य देश जनसंहार के हथियारों का ख़ात्मा चाहते हैं, लेकिन फिर भी निरस्त्रीकरण सम्मेलनों में पिछले दो दशकों से इस पर बातचीत नहीं हुई। यह वजह है कि वर्तमान में भी हथियारों पर नियंत्रण के मुद्दों पर विभिन्न मंचों में वार्ता और चर्चा हो रही है।

परमाणु हथियार मुक्त दुनिया के निर्माण पर है संयुक्त राष्ट्र का जोर

2 दिसंबर 2009 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 64वें सत्र में 64/35 संकल्प को सर्वसम्मति से स्वीकृति मिलने के बाद 29 अगस्त को परमाणु परीक्षण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया। इस संकल्प की प्रस्तावना में इस बात पर जोर दिया गया है कि लोगों के जीवन और स्वास्थ्य पर विनाशकारी और हानिकारक प्रभावों को रोकने के लिए परमाणु परीक्षणों को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। इसके साथ ही इसमें परमाणु परीक्षणों को समाप्त करने के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में एक लक्ष्य परमाणु हथियार मुक्त दुनिया के निर्माण पर भी जोर दिया गया। दरअसल परमाणु परीक्षणों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस उस घटनाक्रम की याद में मनाया जाता है, जब 29 अगस्त 1991 में कज़ाख़स्तान में परमाणु परीक्षण स्थल (सेमीपलातिंस्क न्यूक्लियर टेस्ट साइट) को बंद कर दिया गया था। सेमीपलातिंस्क वह स्थान है जो पूर्व सोवियत संघ में सबसे बड़ा खाली स्थान था, वहाँ 450 से भी ज़्यादा परमाणु परीक्षण किए गए और उनके प्रभाव दशकों बाद तक भी महसूस किए जा सकते हैं।

वर्ष 2010 से परमाणु परीक्षण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उद्घाटन समारोह को चिन्हित किया गया और इसके बाद प्रत्येक वर्ष यह दिवस दुनिया भर में विभिन्न गतिविधियों का समन्वय करके मनाया जा रहा है। इस दिन संगोष्ठी, सम्मेलन, प्रदर्शन, प्रतियोगिताओं, प्रकाशन, व्याख्यान, मीडिया प्रसारण और अन्य पहलें तथा गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु परीक्षण निषिद्ध दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है, लेकिन परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए असरदार और कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रतिबंधों का लागू होना अभी भी बाकी है। संयुक्त राष्ट्र को इस बात की उम्मीद और प्रबल आशा है कि एक दिन सभी परमाणु हथियार समाप्त हो जाएंगे। लेकिन तब तक परमाणु परीक्षणों के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस का पालन करने की आवश्यकता

है, क्योंकि संपूर्ण विश्व शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है।

परमाणु परीक्षणों का इतिहास

- परमाणु परीक्षण के इतिहास की शुरुआत 16 जुलाई 1945 से होती है। इस दिन न्यू मैक्सिको के आलमोगोर्डो में एक रेगिस्तान परीक्षण स्थल पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपना पहला परमाणु बम विस्फोट किया।
- 1945 से 1996 तक (जब तक सीटीबीटी संधि नहीं आई) दुनियाभर में 2000 से ज्यादा परमाणु परीक्षण किये गये।
- इनमें से 1032 परीक्षण संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा 1945 से 1992 के बीच किये गये।
- सोवियत संघ द्वारा 715 परीक्षण 1949 से 1990 के बीच किये गये।
- यूनाइटेड किंगडम द्वारा 45 परीक्षण 1952 से 1991 के दौरान किये गये।
- फ्रांस द्वारा 210 परीक्षण 1960 से 1996 के बीच किये गये।
- चीन द्वारा 45 परीक्षण 1964 से 1996 के मध्य किये गये।
- भारत द्वारा 1 परीक्षण 1974 में किया गया।
- सितंबर 1996 में सीटीबीटी आने के बाद कुल 10 परमाणु परीक्षण हुये जिसमें 1998 में भारत द्वारा 2, पाकिस्तान द्वारा 2 तथा डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया द्वारा 2006, 2009, 2013, 2016 (इस वर्ष दो परीक्षण) और 2017 में किये गये।
- परमाणु परीक्षण सभी तरह के वातावरण यानी सतह के ऊपर, सतह के नीचे और पानी के अंदर भी किये जाते हैं।
- दुनिया भर में हुये 2000 से ज्यादा परमाणु परीक्षणों का 25 फीसदी यानी 500 से ज्यादा परीक्षण वायुमंडलीय या सतह से ऊपर के परीक्षण थे।
- पानी के अंदर परमाणु परीक्षण पहली बार 1946 में अमेरिका द्वारा किया गया था। इस परीक्षण को ऑपरेशन क्रॉसरोड नाम दिया गया था। ये परीक्षण प्रशांत महासागर क्षेत्र में नौसैनिक जहाजों को परमाणु समृद्ध बनाने के उद्देश्य से किया गया था।
- सतह के नीचे परीक्षण यानी अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्टिंग 1996 की संधि के बाद से प्रतिबंधित है। लेकिन शीत युद्ध (1945-1989) के दौरान लगभग 75 फीसदी परमाणु परीक्षण जमीन के नीचे किये गये थे। इनमें से 800 से ज्यादा परीक्षण अमेरिका और लगभग 500 परीक्षण सोवियत संघ द्वारा किये गये थे।
- एक नवंबर 1952 को संयुक्त राज्य अमेरिका हाइड्रोजन बम का परीक्षण करने वाला पहला देश बना।
- मई 1974 में एक शांतिपूर्ण परमाणु परीक्षण घोषित करने के बाद भारत आधिकारिक तौर पर परमाणु हथियार विकसित करने वाला छठवां राष्ट्र बना।

परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी)

परमाणु परीक्षणों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गत वर्ष अपने संदेश में कहा था कि, मैं सभी देशों से आग्रह करता हूं कि जिन देशों ने अभी तक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, वो हस्ताक्षर कर दें और इस संधि को मंजूरी भी दे दें, खासतौर से वो देश जिनकी मंजूरी इस संधि के लागू होने के लिए जरूरी है।' सीटीबीटी संधि पर नजर डालने पर हम पाते हैं कि दुनिया भर में परमाणु निरस्त्रीकरण के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में सीटीबीटी एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इस संधि के तहत परमाणु परीक्षण गतिविधियों पर प्रतिबंध को लागू करने की निगरानी की जिम्मेदारी होगी जिसके लिए ये संगठन वैश्विक स्तर पर एक निगरानी प्रणाली चलाएगा और स्थलों पर जाकर भी निरीक्षण करेगा। परमाणु हथियारों के परीक्षण के उन्मूलन के लिए सीटीबीटी एक मुख्य तंत्र है। इसे 10 सितंबर 1996 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया था।

- लगभग दो दशक पहले वजूद में आने के बावजूद भी ये संधि अभी लागू नहीं हो सकी है।
- सीटीबीटी संगठन विएना स्थित एक ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो इस संधि के लागू होने के साथ ही वजूद में आएगा।
- सीटीबीटी संगठन की तैयारी के लिए 1997 में एक आयोग भी बनाया गया था जोकि संयुक्त राष्ट्र का एक साझेदार संगठन है।
- सीटीबीटी को दुनिया भर में काफी समर्थन मिला है, 184 देशों ने इस पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं और 168 देशों ने इसे औपचारिक रूप से मंजूरी भी दे दी है।

परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी)

परमाणु अप्रसार संधि का मुख्य उद्देश्य परमाणु हथियारों और परमाणु तकनीकों के प्रसार को रोकना, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग को बढ़ावा देने और परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्य को हासिल करना था। वर्ष 1970 में लागू हुई इस संधि पर अब तक 191 सदस्य देश मुहर लगा चुके हैं, जिनमें पांच परमाणु हथियार संपन्न देश भी शामिल हैं। वर्ष 1995 में इस संधि की समय सीमा को अनिश्चितकालीन अवधि के लिए बढ़ा दिया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस वर्ष फरवरी माह में परमाणु अप्रसार संधि के लागू होने के पचास वर्ष और इसकी अवधि अनिश्चितकालीन रूप से बढ़ाए जाने के 25 वर्ष पूरे होने पर '2020 एनपीटी समीक्षा सम्मेलन' आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र अवर महासचिव और निरस्त्रीकरण मामलों पर उच्च प्रतिनिधि इज़ुमी नाकामित्सु ने कहा कि सम्मेलन की सफलता के लिए यह जरूरी है कि यहां मुद्दों व चुनौतियों पर रचनात्मक बहस हो। इसके लिए उन्होंने विचार-विमर्श में इन अहम बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करने पर बल दिया था।

- संधि के प्रति संकल्प को पुरजोर ढंग से फिर प्रकट किया जाए।
- परमाणु हथियारों का इस्तेमाल न करने के मानदंडों के प्रति पुनः संकल्प लिया जाए।
- जोखिम घटाने के लिए कार्रवाई का एक ड्राफ्ट तैयार किया जाए, जिससे दुनिया को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना से दूर और परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में ले जाया जा सके।
- परमाणु अप्रसार की चुनौतियों के बदलते स्वरूपों की पहचान हो और उसके अनुरूप तंत्रों में बदलाव की अहमियत को समझा जाए।
- बदलती दुनिया में निरस्त्रीकरण, अप्रसार और शस्त्र नियंत्रण के लिए दूरदर्शितापूर्ण उपायों को अपनाया जाए।

प्रमुख संधियां, समझौते और घोषणाएं

- अंटार्कटिक संधि (1959)
- परमाणु और थर्मोन्यूक्लियर हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंध की घोषणा (1961)
- निरस्त्रीकरण द्वारा जारी संसाधनों की शांतिपूर्ण जरूरतों के लिए रूपांतरण पर घोषणा (1962)
- वातावरण में सतह के बाहरी क्षेत्र में और पानी के नीचे परमाणु हथियार परीक्षण प्रतिबंध संधि (1963)
- लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में परमाणु हथियारों के निषेध के लिए संधि (1967)
- परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संधि (NPT) (1968)
- सी-बेड, ओशन फ्लोर और उससे संबंधित उप-क्षेत्र पर परमाणु हथियारों और अन्य हथियारों के सामूहिक विनाश के निषेध पर संधि (1971)
- निरस्त्रीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर घोषणा (1979)
- परमाणु तबाही की रोकथाम पर घोषणा (1981)
- दक्षिण प्रशांत परमाणु मुक्त क्षेत्र संधि (1985)
- दक्षिण पूर्व एशिया परमाणु हथियार मुक्त क्षेत्र पर संधि (1995)
- अफ्रीकी परमाणु हथियार मुक्त क्षेत्र संधि (1996)
- व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (1996)
- व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि संगठन के लिए संयुक्त राष्ट्र और प्रीपरेटरी आयोग के बीच संबंध को विनियमित करने के लिए समझौता (2000)
- रेडियोधर्मी स्रोतों से बचाव और सुरक्षा पर आचरण संहिता (2004)
- मध्य एशिया में परमाणु हथियार मुक्त क्षेत्र पर संधि (2006)
- परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (2017)

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- अमेरिका और रूस के प्रयासों के चलते परमाणु हथियारों का भंडार अब घटकर 1985 के कुल भंडार का छठवां हिस्सा ही रह गया है।
- पिछले वर्ष यानी 2019 में अमेरिका और रूस के बीच इंटरमीडिएट रेंज न्यूक्लियर फोर्सेज (आईएनएफ) संधि दो अगस्त को समाप्त हो गई।
- यह संधि 1987 में वजूद में आई थी। 1987 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन और तत्कालीन सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिख़ायल गोर्बाच्योफ ने आईएनएफ संधि पर हस्ताक्षर किए थे।
- इस संधि में धरातल पर तैनात किए गए परमाणु मिसाइलों को खत्म करना और योरोप में मध्यम दूरी तक मार करने वाले हथियारों को नष्ट करने का प्रावधान था।
- ये संधि 1 जून 1988 के वजूद में आई थी, जिसने शीत युद्ध के दौर की हथियार दौड़ को खत्म करने और अंतर्राष्ट्रीय रूप में शांति व स्थिरता कायम करने में अहम भूमिका निभाई थी।
- इस संधि ने संघर्षों की आशंकाओं को कम करने, देशों के बीच आपसी भरोसा बढ़ाने और शीत युद्ध का खात्मा करने में काफी मदद की है।
- इज़ुमी नाकामित्सु संयुक्त राष्ट्र में निरस्त्रीकरण मामलों के लिए उच्च प्रतिनिधि हैं।
- वर्ष 1946 में सबसे पहले महासभा प्रस्ताव का विषय परमाणु निरस्त्रीकरण ही था।
- मौजूदा समय में दुनिया भर में 14 हजार से ज्यादा परमाणु हथियार हैं।
- भारत परमाणु हथियारों से संपन्न एक मात्र ऐसा राष्ट्र है जो परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने और उन्हें समाप्त करने के लिए परमाणु अस्त्र कन्वेंशन की स्पष्ट रूप से मांग करता रहा है। भारत समयबद्ध, सार्वभौमिक, निष्पक्ष, चरणबद्ध और सत्यापन योग्य रूप में परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

हर व्यक्ति के सुख-दुख बिलकुल अलग होते हैं - कैथरीन

यूजीसी नेट/जेआरएफ के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

1. 'लहँदा' जो एक प्रांतीय भाषा है, की जन्मदात्री है -
(A) पैशाची (B) बघेली
(C) मागधी (D) छत्तीसगढ़ी

2. 'दरद' किस भाषा का शब्द है -
(A) फारसी (B) संस्कृत
(C) हिन्दी (D) उर्दू

3. पालि भाषा का सर्वप्रथम प्रयोग किया गया था -
(A) महावंश में (B) जातक कथा में
(C) दीपवंश में (D) पाहुड़दोहा में

4. वर्धा की राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से देवनागरी लिपि में सुधार का प्रयत्न किया गया था। यह सुधार किस नाम से प्रसिद्ध है -
(A) स्वरखड़ी (B) शिरोरेखा
(C) अनुस्वार (D) विराम-चिन्ह

5. 'आभीर' से तात्पर्य है -
(A) डिंगल भाषा का एक छंद
(B) डॉ. याकोबी द्वारा दिया गया अपभ्रंश का एक भेद
(C) पिंगल भाषा में रचित उत्कृष्ट लोकगीत
(D) नमि साधु द्वारा दिया गया अपभ्रंश का एक प्रमुख भेद

6. 'गधे के होंठवाली लिपि' कहलाती है -
(A) कुटिल लिपि
(B) खरोष्ठी लिपि
(C) महाजनी लिपि
(D) कैथी लिपि

7. अपभ्रंश के 'फागु-काव्य से आशय है -
(A) विरह काव्य (B) संयोग काव्य
(C) वसन्त-ऋतु का काव्य
(D) केवल फाल्गुन महीने में रचित काव्य

8. सिद्ध कवियों द्वारा प्रयुक्त भाषा को 'संध्या भाषा' नाम किसके द्वारा दिया गया -
(A) अद्धयवज्र तथा मुनिदत्त
(B) हेमचन्द्र
(C) मेरूतुंग
(D) सुकुमार सेन

9. उस प्रसिद्ध ग्रंथ का नाम क्या है, जिसमें महोबा के लोक प्रसिद्ध दो वीरों आल्हा-ऊदल के युद्धों का बड़ी उत्तेजक भाषा में वर्णन किया गया है -
(A) हम्मीर रासो
(B) परमाल रासो
(C) विजयपाल रासो
(D) बीसलदेव रासो

10. 'उलटबाँसी' की सही व्याख्या है-
(A) ऐसा कथन जो बुद्धिमुक्त और स्वाभाविक नहीं हो
(B) ऐसा कथन जिसका अर्थ प्रकट अर्थ से उल्टा हो
(C) ऐसा कथन जिसमें सर्वथा उल्टी बात कही गई हो जिसका सामान्य जीवन में कोई अर्थ न हो
(D) मोक्षपरक उक्तियाँ

11. कबीर अपने परम तत्व को 'राम' कहते हैं। इसी परम तत्व को गुरूनानक ने कहा है -
(A) पियारा (B) शब्द
(C) ब्रम्ह (D) अलख

12. सूफी कवियों द्वारा अपनाई गई 'मसनवी शैली' से आशय है -
(A) रचना के प्रारंभ में ईश वन्दना, पैगम्बर की स्तुति, शाहेवक्त की प्रशंसा आदि।
(B) रचना के प्रारंभ में रचना की कथा का सार प्रस्तुत करना
(C) प्रत्येक सर्ग के अन्त में छन्द-परिवर्तन का नियम
(D) रचना के प्रारंभ में सूफी कवियों की सूचि प्रस्तुत करना

13. दक्खिनी हिन्दी के कवि नुसरती ने किस प्रेमकथा को आधार बनाकर 'गुलशने इश्क' की रचना की थी -
(A) माधवानल काम कन्दला
(B) मधुमालती
(C) चन्दायन
(D) सारंगा सदावृक्ष

14. सूफी मत में वर्णित साधक की चार अवस्थाओं शरीअत, तरीफत, मारिफत और हकीकत की भारतीय भक्ति मार्ग के साथ सही क्रम में संगति क्या होगी-
(A) आचरण, उपासना, सिद्धावस्था, सत्य-बोध
(B) उपासना, सिद्धावस्था, आचरण, सत्य-बोध
(C) सत्य-बोध, उपासना, आचरण, सिद्धावस्था
(D) आचरण, सत्य-बोध, सिद्धावस्था, उपासना

15. 'अनअलहक्क' (मैं खुदा हूँ) कहने पर किस सूफी सन्त को सूली पर चढ़ा दिया गया था -
(A) शेख इस्माइल
(B) मंसूर हल्लाज
(C) अब्दुल्लाह
(D) फुजायज विन अजाल

16. 'लोर कहा' किस प्रसिद्ध प्रेम काव्य का दूसरा नाम है -
(A) मृगावती (B) यूसुफ जुलेखा
(C) चन्दायन (D) फूलवन

17. अपने जीवन में घटी एक प्रमुख घटना से मलिक मुहम्मद जायसी विरक्त हो गए थे। यह घटना थी -
(A) मित्रों द्वारा उनका अपमान किया जाना
(B) एक दुर्घटना में उनके सम्पूर्ण परिवार का विनाश होना
(C) चेचक की बीमारी में जायसी की वायीं आँख और वायां कान का खराब हो जाना
(D) गृहस्थ हो जाना

18. 'पद्मावत' को अन्योक्ति के स्थान पर अब प्रायः समासोक्ति माना जाने लगा है, क्योंकि :
(A) इसे अन्योक्ति घोषित करने वाले आलोचकों की संख्या कम है।
(B) 'पदमावत' में उपसंहार के जिस पद के आधार पर इसे अन्योक्ति घोषित किया है, 'पदमावत के पाठ-शोधकर्ता डॉ. माता प्रसाद और डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने उस पद को प्रक्षिप्त सिद्ध कर दिया है।
(C) 'पदमावत' के प्रतीक अधूरे और अटपटे हैं।
(D) यह विशुद्ध रूप में एक असंस्कृत काव्य है।

19. फारसी की मसनवी शैली में लिखे गए प्रेम-काव्यों में नायक-नायिका की स्थिति किस प्रकार रहती है -
(A) नायक को विरह पीड़ित दिखाया जाता है
(B) नायक ब्रम्ह का तथा नायिका आत्मा की प्रतीक है
(C) नायिका को विरह पीड़ित दिखाया जाता है
(D) नायक ही नायिका का पथ-प्रदर्शक होता है

20. 'अष्टछाप' में सम्मिलित आचार्य बल्लभ और आचार्य विट्ठलनाथ के शिष्यों में से छांटे गए आठ शिष्यों के योग का सही क्रम है -
(A) 3-5 (B) 4-4
(C) 5-3 (D) 6-2

21. 'अष्टछाप' के कवियों का कार्य था -
(A) नाथ-मंदिर की पहरेदारी करना
(B) कृष्ण की मूर्तियों की देखभाल करना
(C) नाथ-मंदिर में बैठकर कृष्ण-काव्य की रचना करना
(D) कीर्तन के द्वारा नाथ-मंदिर में आठों पहर प्रभु की सेवा करना

22. स्वामी हरिदास के 'सखी सम्प्रदाय' को एक नाम 'टट्टी सम्प्रदाय' दिया गया क्योंकि -
(A) इस सम्प्रदाय के लोग अपने शरीर पर टाट से बने वस्त्र पहनते थे
(B) यह सम्प्रदाय बाँस की जाफरी (टटिया) से घिरा हुआ था
(C) इस सम्प्रदाय के अनुयायी जादू-टोटकों में विश्वास करते थे
(D) इसके अनुयायी सदैव टाट पर बैठकर ही कृष्णोपासना करते थे

23. भ्रमरगीत परंपरा का मूल उद्गम स्थान भागवत का कौन सा स्कंध है -
(A) पंचम् (B) सप्तम्
(C) अष्टम् (D) दशम्

24. 'दृष्टकूट पद' से आशय है -
(A) अशिक्षित संत कवियों द्वारा रचित पद
(B) शब्दार्थ के चमत्कार से युक्त पद
(C) प्रतीक योजना का सहारा लेकर लिखे गए पद
(D) चित्रकूट स्थान पर रचे गए पद

25. आधुनिक युग में अवधी भाषा में कृष्ण काव्य परंपरा के अंतिम कवि और उनका काव्य कौन-सा है -
(A) विसाहूराम - कृष्णायन
(B) द्वारिका प्रसाद मिश्र - कृष्णायन
(C) क्षेमकरन - कृष्णचरितामृत
(D) ज्वाला प्रसाद मिश्र - विश्राम-सागर

26. तुलसीदास की पत्नी रत्नावली संबंधी प्रमुख घटना को आधार बनाकर आधुनिक युग के किस कवि ने 'तुलसीदास' नामक एक अनुपम प्रबंध काव्य रच डाला था -
(A) सुमित्रानंदन पंत
(B) मैथलीशरण गुप्त
(C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(D) रामनरेश त्रिपाठी

27. तुलसीदास का वह ग्रंथ कौन-सा है जिसमें ज्योतिष का पूर्ण विवेचन किया गया है -
(A) दोहावली (B) गीतावली
(C) कवितावली
(D) रामाज्ञा प्रश्नावली

28. 'रीति' शब्द से सही अभिप्राय है -
(A) काव्यांग निरूपण
(B) काव्य रचना का एक प्रकार
(C) आलंकारिक रचना
(D) रस विहीन रचना

29. रीति-युग के काव्य में प्रायः युग का सामाजिक जीवन प्रतिबिंबित होता हुआ नहीं मिलता। इसका प्रमुख कारण था -
(A) कवियों का अपने में मग्न रहना
(B) दरबारी संस्कृति
(C) ब्रम्ह के निर्गुण-सगुण दोनों रूपों की उपासना
(D) कवियों की एकान्त प्रेम साधना

30. रीतिकाल की निम्नलिखित में से कौन सी धारा नहीं है -
(A) रीतिबद्ध
(B) रीतिसिद्ध
(C) रीतिमुक्त
(D) रीतिलक्ष्य

31. रीतिकाल के कवियों की काव्य प्रतिभा को 'गुण्डेपन और शोहदेपन की हरकत' कहकर किसने अल्पज्ञान का परिचय दिया है -
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) मार्कण्डेय वाजपेयी
(C) डॉ. रसाल (D) डॉ. सतेन्द्र

32. विहारी किसके दरबारी कवि थे -
(A) बूँदी-नरेश महाराज भावसिंह
(B) जयपुर-नरेश जयसिंह
(C) नागपुर के सूर्यवंशी भोंसला मकरन्द शाह
(D) चित्रकूट-नरेश रूद्रदेव

33. देव एवं बिहारी को लेकर इन्हें छोटा-बड़ा सिद्ध करने के लिए आलोचकों के मध्य एक झगड़ा शुरू हुआ था और यह झगड़ा लगभग 10 वर्षों तक चला था। इस विवाद का जन्मदाता कौन था -
(A) मिश्र बंधु
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) राहुल सांकृत्यायन

34. पदमाकरकृत 'जगद्विनोद' का प्रमुख वर्ण्य विषय है -
(A) हास-परिहास
(B) भक्ति
(C) अलंकार विवेचन
(D) रस और नायिका भेद वर्णन

35. मुस्लिम सूफी मत का उदय इस्लाम पर शामी विचारधारा के प्रभाव के फलस्वरूप हुआ था। शामी साधना पद्धति की विशेषता थी -
(A) ईमान और दीन की अपेक्षा इस्लाम पर अधिक बल दिया जाता था
(B) दास्य-भावना की भक्ति का प्रचलन था
(C) जीव और ब्रम्ह के संबंधों का निरूपण दाम्पत्य भाव विरह के माध्यम से किया जाता था
(D) उदात्त प्रेम की अभिव्यंजना का प्राधान्य था

36. आधुनिक काल को 'नवीन विकास का काल' की संज्ञा किसने प्रदान की -
(A) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) डॉ. श्याम सुन्दर दास
(C) मिश्र बंधु
(D) डॉ. रामकुमार वर्मा

37. अंग्रजों ने भारत में अपने पैर जमाने के बाद प्रेस (मुद्रणालय) की स्थापना की। प्रेस की स्थापना का उद्देश्य था-
(A) भारतीय साहित्य के प्रकाशन की योजना
(B) हिन्दी गद्य को बढ़ावा देना
(C) भारतीय समाचार-पत्र प्रकाशित करना
(D) अंग्रेजी सरकार की उद्घोषणाएं तथा अंग्रेजी शिक्षा का प्रचार करने के लिए पुस्तकें छापना

38. आधुनिक युग में प्रेस की स्थापना के बाद हिन्दी गद्य का कौन-सा रूप सबसे पहले जनता के सामने आया -
(A) निबंध (B) साक्षात्कार
(C) संस्मरण (D) रेखाचित्र

39. अठारहवीं सदी के पूर्वार्द्ध में परिमार्जित खड़ी बोली गद्य लिखा जा चुका था फिर भी उसका आगे विकास नहीं हुआ। इसका प्रमुख कारण था -
(A) उस युग में पद्य का प्राधान्य होना
(B) कविता प्रचार और लोकप्रियता का साधन थी
(C) उस युग के कवियों को गद्य लिखने का ज्ञान नहीं था
(D) राजदरबारों द्वारा कविता को प्रश्रय दिया जाना

40. ब्रजभाषा गद्य में किस प्रकार के ग्रंथों का आधिक्य रहा है -
(A) ऋतु वर्णन - संबंधी
(B) शास्त्रीय विषय - संबंधी
(C) टीका साहित्य
(D) भक्ति वर्णन - संबंधी

41. मैथली का सर्वप्रथम गद्य-ग्रंथ ज्योतिरीश्वर ठाकुर कृत 'वर्ण रत्नाकर' का सही रचना काल है -
(A) सन् 1324 (B) सन् 1520
(C) सन् 1380 (D) सन् 1275

42. 19वीं सदी के आरंभ में हिन्दी के ऐसे चार गद्य-लेखक सामने आये जिन्होंने आधुनिक हिन्दी गद्य की नींव डाली। उन लेखकों में निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मिलित नहीं है -
(A) मुंशी सदासुखलाल
(B) इंशा अल्ला खाँ
(C) लल्लूलाल
(D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

43. मुंशी इंशा अल्ला खाँ द्वारा प्रयुक्त भाषा की विशेषता है -
(A) संस्कृतनिष्ठ भाषा
(B) चुलबुली और रंगीन भाषा
(C) बोलचाल की शिष्ट भाषा
(D) साहित्यिक खड़ी बोली

44. आधुनिक हिन्दी-गद्य को सुव्यवस्थित करने के लिए किसने हिन्दी की सबसे पहली प्रमाणिक व्याकरण लिखी -
(A) बालमुकुन्द गुप्त
(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) कामता प्रसाद गुरू
(D) काशीप्रसाद खत्री

45. हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखक गासी द तासी का पेशा था -
(A) व्यावसाय
(B) पेरिस में उर्दू के अध्यापक
(C) फोर्ट विलियम कॉलेज कलकत्ता के प्रिंसिपल
(D) फ्रांस में हिन्दी के प्रोफेसर

46. भारत के स्वतंत्र हो जाने के उपरांत जब हिन्दी शब्दकोश के निर्माण के प्रयत्न आरंभ हुए तो राहुल सांकृत्यायन ने जटिल और क्लिष्ट शब्दों के स्थान पर जनता में प्रचलित शब्दों को ही अपनाने पर बल दिया था। राहुल जी द्वारा अपनाई गई इस भाषा नीति का प्रवर्तन कौन पहले ही कर चुका था -
(A) राजा लक्ष्मण सिंह
(B) राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द
(C) इंशा अल्ला खाँ
(D) मुंशी दास सुखलाल

47. राजा राममोहन राय ने सन् 1815 में वेदान्त सूत्र का हिन्दी में अनुवाद किया था। उनका उद्देश्य था कि -
(A) हिन्दी का सम्यक प्रचार हो सके
(B) उनके द्वारा स्थापित 'ब्रह्म समाज' का सम्पूर्ण देश में प्रचार हो सके
(C) भारतीय धर्म और संस्कृति का प्रचार हो सके
(D) इनमें से कोई नहीं

48. किस उर्दू शायर ने मुगल बादशाह शाह आलम को 'जिल्लेअली' की जगह जिल्ले शैतान कहा था -
(A) कायम (B) मुसहफी
(C) गालिब (D) फिराक गोरखपुरी

49. किस अंग्रेज विद्वान ने हिन्दी की भूरी-भूरी प्रशंसा की थी और इंग्लैंड में रहकर हिन्दी में अनेक लेख लिखे थे -
(A) फ्रेडरिक पिन्काट
(B) हैवल
(C) हीगेल
(D) यंग

उत्तरमाला

1.	A	2.	B	3.	C	4.	A
5.	D	6.	B	7.	C	8.	A
9.	B	10.	B	11.	B	12.	A
13.	B	14.	A	15.	B	16.	C
17.	B	18.	B	19.	A	20.	B
21.	D	22.	B	23.	D	24.	B
25.	B	26.	C	27.	D	28.	A
29.	B	30.	D	31.	B	32.	B
33.	A	34.	D	35.	C	36.	B
37.	D	38.	A	39.	D	40.	C
41.	A	42.	D	43.	B	44.	C
45.	B	46.	A	47.	B	48.	A
49.	A						

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य गणित

(1) यदि दो घन के आयतन का अनुपात 8:27 तो उनकी भुजाओं का अनुपात क्या होगा?
(a) 2:3 (b) 2:9
(c) 14:27 (d) 4:9

उत्तर - (a) 2:3

व्याख्या - माना पहले घन की भुजा = x
दूसरे घन की भुजा = y
प्रश्न के अनुसार,
$\Rightarrow x^3:y^3 = 8:27$
$\Rightarrow x^3/y^3 = 8/27$
$\Rightarrow x/y = 2/3$
∴ उनकी भुजाओं का अनुपात = 2:3

(2) एक व्यक्ति एक स्थान पर 50 किमी/घंटा की गति से जाता है और एक भिन्न गति से वापस आता है। यदि औसत गति 75 किमी/घंटा है, तो वापसी की गति (किमी/घंटा में) क्या है?
(a) 125 (b) 180
(c) 160 (d) 150

उत्तर - (d) 150

व्याख्या - माना वापसी की गति x किमी/घंटा और दूरी d किमी है।
औसत गति = (कुल दूरी)/(कुल समय)
औसत गति
$$=\frac{d+d}{\frac{d}{50}+\frac{d}{x}}=\frac{2d}{\frac{d(x+50)}{50x}}=\frac{100x}{x+50}$$
$\Rightarrow$ 75 किमी/घंटा = $100x/(x+50)$
$\Rightarrow x$ = 150 किमी/घंटा

(3) निम्नलिखित संख्याओं में से किस संख्या में एक अपरिमेय वर्गमूल होगा?
(a) 2048 (b) 2401
(c) 1024 (d) 1324

उत्तर - (a) 2048

व्याख्या - विकल्पों को देखने पर :
$=\sqrt{2048}=\sqrt{(512\times4)}=\sqrt{(4\times256\times2)}$
$=32\sqrt{2}$
$\Rightarrow \sqrt{2401}=49$
$\Rightarrow \sqrt{1024}=\sqrt{(256\times4)}=32$
$\Rightarrow \sqrt{4096}=\sqrt{(256\times16)}=64$
∴ 2048 में अपरिमेय वर्गमूल है।

(4) अमनप्रीत ने गणित में 60%, भौतिकी में 80% और रसायन विज्ञान में x% अंक प्राप्त किए। यदि कुल मिलाकर उसे 450 में से 290 अंक प्राप्त हुए हैं और प्रत्येक विषय के समान अंक हैं, तो अमनप्रीत द्वारा भौतिकी और रसायन विज्ञान में प्राप्त औसत अंक ज्ञात कीजिए?
(a) 100 (b) 120
(c) 140 (d) 80

उत्तर - (a) 100

व्याख्या - गणित में प्राप्त अंक = 150 का 60% = 90
भौतिकी में प्राप्त अंक = 150 का 80% = 120
रसायन विज्ञान में प्राप्त अंक = 290 - 90 - 120 = 80
∴ अभीष्ट औसत = (80 + 120)/2 = 100

(5) दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य 1064 और महत्तम समापवर्त्य 2 है। यदि उनमें से एक संख्या 38 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिये?
(a) 51 (b) 56
(c) 66 (d) 48

उत्तर - (b) 56

व्याख्या - (a,b) का लघुत्तम समापवर्त्य x (a,b) का महत्तम समापवर्त्य = a x b
यहां, लघुत्तम समापवर्त्य = 1064
महत्तम समापवर्त्य = 2
a = 38
$\Rightarrow$ 38 x b = 1064 x 2
∴ b = 56

(6) पहली 78 पूर्ण संख्याओं के योग का इकाई अंक क्या है?
(a) 3 (b) 6
(c) 9 (d) 0

उत्तर - (a) 3

व्याख्या - पहली 78 पूर्ण संख्याओं का योग = 0+1+2+3+4..... 76+77
$\Rightarrow$ 78/2 (0+77)
$\Rightarrow$ 3003
इस योग का इकाई अंक 3 होगा।

(7) छात्र ने एक संख्या में 13/11 के बजाय 11/13 से गुणा कर दिया। गणना में अनुमानित प्रतिशत त्रुटि क्या है?
(a) 35% (b) 28.4%
(c) 29.3% (d) 33.3%

उत्तर - (b) 28.4%

व्याख्या - माना संख्या x है
त्रुटि की मात्रा = सही संख्या - गलत संख्या = (13/11 - 11/13) x x
$\Rightarrow$ [(169-121)/(11x13)] x x = 48x/143
∴ त्रुटि % = गलत संख्या के त्रुटि की मात्रा/सही संख्या x 100 = [(48x/143)/(13x/11)] x 100
$\Rightarrow$ [(48x x 11)/(13xx143)] x100 = 28.4%

(8) किसी पुस्तक का क्रय मूल्य 180 रुपये है। 25% लाभ अर्जित करने के लिए पुस्तक का विक्रय मूल्य क्या होना चाहिए?
(a) 220 (b) 225
(c) 230 (d) 340

उत्तर - (b) 225

व्याख्या - क्रय मूल्य = 180 रुपये
लाभ = 25%
∴ विक्रय मूल्य,
$\Rightarrow$ 180 + 180 x 25/100
$\Rightarrow$ 225 रुपये

(9) पहली 12 प्राकृतिक संख्याओं का औसत क्या है?
(a) 5.5 (b) 6
(c) 6.5 (d) 7

उत्तर - (c) 6.5

व्याख्या - संख्याओं का औसत = संख्याओं का योग/कुल संख्या, संख्याएं 1, 2, 3, 4, 5..... हैं।
औसत = (1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 + 8 + 9 + 10 + 11 + 12)/12 = 78/12 = 6.5

(10) एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 2464 सेमी² है। इसका व्यास ज्ञात कीजिए?
(a) 14 (b) 56
(c) 28 (d) 42

उत्तर - (c) 28

व्याख्या - गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $=4\pi r^2$
दिया गया है, गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल = 2464
अतः 4 x 22/7 x r^2 = 2464
$\Rightarrow$ r = 14
∴ गोले का व्यास = 14 x 2 = 28 सेंटीमीटर

(11) 15 और 75 का तीसरा आनुपातिक क्या है?
(a) 175
(b) 375
(c) 255
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (b) 375

व्याख्या - तीसरा आनुपातिक a/b = b/c है जहां a = 15, b = 75 और c तीसरा आनुपातिक है।
∴ 15 और 75 से तीसरा आनुपातिक = $75^2/15$ = 375

(12) निम्न प्रश्न में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
36^4 x $6^3/126^2$ = ?
(a) $6^{1.5}$ (b) 6^5
(c) 36^3 (d) 36^5

उत्तर - (b) 6^5

व्याख्या - ? = 36^4 x $6^3/216^2$
$\Rightarrow$? = 6^8 x $6^3/6^6$
$\Rightarrow$? = $6^{(8+3-6)}$
∴ ? = 6^5

(13) नेहा ने अंकित मूल्य पर 10% की छूट के साथ 576 रुपये में स्टील की एक बाल्टी खरीदी। बाल्टी का अंकित मूल्य ज्ञात करें?
(a) 620 रुपये
(b) 640 रुपये
(c) 660 रुपये
(d) 680 रुपये

उत्तर - (b) 640 रुपये

व्याख्या - माना कि बाल्टी का अंकित मूल्य = x
$\Rightarrow$ अंकित मूल्य x (1- छूट%) = विक्रय मूल्य
$\Rightarrow x$ x (1-10/100) = 576
$\Rightarrow x$ = 576 x (100/90) = 640
∴ बाल्टी का अंकित मूल्य = 640 रुपये

(14) PQR एक समबाहु त्रिभुज है जिसकी भुजा 24 सेमी है। त्रिभुज PQR की अंतः त्रिज्या का मान क्या है?
(a) $4\sqrt{3}$ सेमी
(b) $6\sqrt{3}$ सेमी
(c) $8\sqrt{3}$ सेमी
(d) $2\sqrt{3}$ सेमी

उत्तर - (a) $4\sqrt{3}$ सेमी

व्याख्या - समबाहु त्रिभुज की अंतः त्रिज्या (त्रिभुज की भुजा)/($2\sqrt{3}$) है।
∴ अंतः त्रिज्या = $24/2\sqrt{3}$ = $4\sqrt{3}$ सेमी।

(15) एक त्रिभुज की भुजाएं 6 सेमी, 11 सेमी एवं 15 सेमी हैं, तो उसके अंतर्वृत्त की त्रिज्या होगी?
(a) $\frac{5\sqrt{2}}{4}$ सेमी
(b) $3\sqrt{2}$ सेमी
(c) $6\sqrt{2}$ सेमी
(d) $\frac{4\sqrt{2}}{5}$ सेमी

उत्तर - (a) $\frac{5\sqrt{2}}{4}$ सेमी

व्याख्या - S = (6+11+15)/2 = 16
त्रिभुज का क्षेत्रफल
$=\sqrt{(16\times10\times5\times1)}=20\sqrt{2}$
अंतर्वृत्त की त्रिज्या
= त्रिभुज का क्षेत्रफल
$=\frac{20\sqrt{2}}{16}$
$=\frac{5\sqrt{2}}{4}$ सेमी

(16) एक विमान 5 घंटे में 1800 किमी की दूरी तय करता है। इसकी मीटर/सेकेंड में औसत गति क्या है?
(a) 200 (b) 10
(c) 20 (d) 100

उत्तर - (d) 100

व्याख्या - औसत गति = (कुल दूरी)/(कुल समय लिया गया)
$\Rightarrow$ औसत गति = 1800 किमी/5 घंटा
$\Rightarrow$ औसत गति (मीटर/सेकेंड) = (1800/5) x (5/18)
∴ मीटर/सेकेंड में औसत गति = 100 मीटर/सेकेंड

(17) किसी मिश्रण में रेत एवं बजरी का अनुपात 3:4 है जबकि, बजरी और सीमेंट का अनुपात 6:7 है। मिश्रण में रेत एवं सीमेंट का अनुपात ज्ञात कीजिये?
(a) 8:11 (b) 3:5
(c) 49:59 (d) 9:14

उत्तर - (d) 9:14

व्याख्या - रेत एवं बजरी का अनुपात = 3:4 = (3 x 3) : (4 x 3) = 9:12
बजरी एवं सीमेंट का अनुपात = 6:7 = (6 x 2) : (7 x 2) = 12:14
∴ रेत व सीमेंट का अनुपात = 9:14

(18) दो संख्याओं का ल.स.प. 660 और म.स.प. 10 है। यदि एक संख्या 60 है, दूसरी संख्या पता कीजिए?
(a) 110 (b) 90
(c) 70 (d) 50

उत्तर - (a) 110

व्याख्या - माना दूसरी संख्या M है।
हमारे पास है, ल.स.प. = संख्याओं का गुणनफल
$\Rightarrow$ 660 x 10 = 60 x M
$\Rightarrow M=\frac{10\times660}{60}$
$\Rightarrow$ M = 110

(19) एक राशि साधारण ब्याज पर 10% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 10000 हो जाती है। 10 वर्षों में कुल ब्याज क्या है?
(a) 4000 (b) 5000
(c) 6000 (d) 2500

उत्तर - (b) 5000

व्याख्या - माना कि मूलधन P रुपए है।
साधारण ब्याज = (मूलधन x समय x दर)/100 = (P x 10 x 10)/100 = P
$\Rightarrow$ राशि = मूलधन + साधारण ब्याज
$\Rightarrow$ 10000 = P + P
$\Rightarrow$ P = 5000
∴ कुल ब्याज 5000 रुपए है।

(20) दो संख्याओं का गुणनफल 120 है। उनके वर्गों का योग 289 है। इन दो संख्याओं का अंतर कितना है?
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

उत्तर - (b) 7

व्याख्या - माना दो संख्याएं a और b हैं
दिया गया है कि, ab = 120
और, $a^2 + b^2 = 289$
हम लिख सकते हैं।
$(a - b)^2 = a^2 + b^2 - 2ab = 289 - 2 \times 120$
$= 289 - 240 = 49$
$\Rightarrow (a - b) = 7$
∴ दो संख्याओं का अंतर 7 है।

(21) सुरभि और नीरजा की आयु क्रमशः 6:7 के अनुपात में है। 6 वर्षों के बाद, उनकी आयु का अनुपात 15:17 होगा। नीरजा की आयु क्या है?
(a) 24 वर्ष
(b) 26 वर्ष
(c) 30 वर्ष
(d) 28 वर्ष

उत्तर - (d) 28 वर्ष

व्याख्या - माना सुरभि और नीरजा की वर्तमान आयु 6x और 7x है।
6 वर्ष बाद
सुरभि की आयु = (6x + 6) वर्ष
नीरजा की आयु = (7x + 6) वर्ष
(6x + 6)/(7x + 6) = 15/17
102x + 102 = 105x + 90
3x = 12
x = 4
नीरजा की वर्तमान आयु = 7x = 7 x 4 = 28 वर्ष

(22) जब सेब के मूल्य में 25% की कमी हुई थी, तो इसकी बिक्री में 80% की वृद्धि हुई थी। बिक्री पर निवल प्रभाव क्या था?
(a) 44% कमी
(b) 44% वृद्धि
(c) 66% कमी
(d) 35% वृद्धि

उत्तर - (d) 35% वृद्धि

व्याख्या - % निवल प्रभाव = $x + y + xy/100$, जहां x = -25 और y = + 80
% निवल प्रभाव = -25 + 80 + (-25 x 80)/100 = +35%

(23) नीलेश अपनी आय का 72% व्यय करता है और शेष की बचत करता है। अपने व्यय की तुलना में वह कितने प्रतिशत की बचत करता है?
(a) 38.89 प्रतिशत
(b) 48.39 प्रतिशत
(c) 42.22 प्रतिशत
(d) 102.68 प्रतिशत

उत्तर - (a) 38.89 प्रतिशत

व्याख्या - $\Rightarrow$ नीलेश का व्यय = 72%
$\Rightarrow$ नीलेश की बचत = 100 - 72 = 28%
$\Rightarrow$ व्यय की तुलना में बचत प्रतिशत = (28/72)x100
∴ व्यय की तुलना में बचत प्रतिशत = 38.89%

(24) A अकेला एक कार्य को 20 दिन में कर सकता है। A, B की तुलना में 20% कम सक्षम है। B अकेला कार्य को कितने दिनों में कर सकता है?
(a) 12 (b) 18
(c) 16 (d) 24

उत्तर - (c) 16

व्याख्या - माना लीजिये, B द्वारा अकेले कार्य करने में लगने वाले दिनों की संख्या = x दिन
मान लीजिये, B की कार्य क्षमता = y
∴ A की कार्य क्षमता = y - y x 20/100 = 0.8y
प्रश्न के अनुसार,
x x y = 20 x 0.8y
x = 16
∴ B द्वारा अकेले कार्य करने में लगने वाले दिनों की संख्या = 16

(25) यदि A की आय B से 20% अधिक है और C की आय B से 20% कम है, तो C की आय A से कितना प्रतिशत कम है?
(a) 40 (b) 44
(c) 33.33 (d) 50

उत्तर - (c) 33.33

व्याख्या - माना कि B की आय x है।
C की आय = (B की आय से 20% कम है) = B की आय - (20/100) x B की आय
C की आय = x - (20/100) x x = 0.8x
A की आय = (B की आय से 20% अधिक है) = B की आय + (20/100) x B की आय
A की आय = x + (20/100) x x = 1.2x
C की प्रतिशत आय A की आय से कम है = (A की आय - C की आय)/
A की आय x 100 = (1.2x - 0.8x) / 1.2x x 100 = 33.33%

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

तर्कशक्ति

प्र. (1-5) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
दस व्यक्ति एक ग्यारह मंजिला इमारत में रहते हैं। एक मंजिल खाली है। सबसे नीचे वाली मंजिल की संख्या-1 है और सबसे ऊपर वाले की 11। N, U के नीचे रहता है। P, R के नीचे और V के ऊपर रहता है। Z और खाली मंजिल के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। X, T से दो मंजिल के अंतराल पर रहता है। Q दूसरी मंजिल पर रहता है। T, Y से ऊपर रहता है। R, Z के ठीक ऊपर रहता है। R सबसे ऊपर की मंजिल पर नहीं रहता। केवल एक व्यक्ति X और खाली मंजिल के बीच रहता है। T और Q के बीच चार मंजिल हैं।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (1) U और Y के बीच कितने व्यक्ति हैं?
(a) 4 (b) 3
(c) 5 (d) 2

प्र. (2) सबसे नीचे वाली मंजिल पर कौन रहता है?
(a) V (b) R
(c) P (d) T

प्र. (3) N के ठीक ऊपर कौन रहता है?
(a) Z (b) Y
(c) P (d) X

प्र. (4) निम्न में से कौन सी मंजिल खाली है?
(a) दसवीं (b) नौवीं
(c) आठवीं (d) चौथी

प्र. (5) दूसरी मंजिल पर कौन रहता है?
(a) Q (b) T
(c) P (d) U

उत्तर - (1-5)
(1) → (b) 3
(2) → (a) V
(3) → (d) X
(4) → (c) आठवीं
(5) → (a) Q

व्याख्या - (1-5) प्रश्नानुसार,
11 → U
10 → X
9 → N
8 → -
7 → T
6 → Y
5 → R
4 → Z
3 → P
2 → Q
1 → V

प्र. (6-10) निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
एक इमारत में चार मंजिले हैं। भूतल की संख्या 1 है और शीर्ष तल की संख्या 4 है। A और B नाम के प्रत्येक मंजिल पर दो फ्लैट हैं, जहां B, A के पूर्व में है। आठ लोग P, Q, R, S, J, K, L और M इन फ्लैटों में रहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति एक अलग तल पर रहता है। इस प्रकार, हर मंजिल पर दो व्यक्ति रहते हैं। Q, P के फ्लैट के ठीक नीचे है। Q और R के बीच एक मंजिल है। S, R के फ्लैट के ठीक नीचे है। J, K के पश्चिम में रहता है। P एक विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। M फ्लैट A में रहता है। P फ्लैट B में नहीं रहता है।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (6) फ्लैट A में दूसरी मंजिल पर कौन रहता है?
(a) M (b) K
(c) Q (d) J

प्र. (7) इनमें से कितने लोग एक ही फ्लैट में Q से ऊपर रहते हैं?
(a) 2 (b) 1
(c) 3 (d) 0

प्र. (8) J किस मंजिल पर रहता है?
(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 1

प्र. (9) निम्न में से कौन सा जोड़ा तीसरी मंजिल पर रहता है?
(a) P, S (b) Q, L
(c) M, R (d) J, K

प्र. (10) निम्न में से कौन चौथी मंजिल के फ्लैट (B) में रहता है?
(a) L (b) R
(c) S (d) K

उत्तर - (6-10)
(6) → (c) Q
(7) → (a) 2
(8) → (d) 1
(9) → (a) P, S
(10) → (b) R

व्याख्या - (6-10) प्रश्नानुसार,

मंजिल	Flat A	Flat B
4 →	M	R
3 →	P	S
2 →	Q	L
1 →	J	K

प्र. (11-15) निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
विभिन्न रंगों अर्थात् हरा, लाल, नीला, पीला, बैंगनी, गुलाबी और नारंगी के सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G को एक के ऊपर एक व्यवस्थित किया गया है। बॉक्स B, E के ठीक ऊपर है। हरे रंग के बॉक्स के ऊपर दो से अधिक बॉक्स रखे हैं। पीला बॉक्स, बॉक्स A के ठीक नीचे है। हरे और बॉक्स F के बीच केवल एक बॉक्स है। G, गुलाबी बॉक्स के ठीक ऊपर है। बॉक्स B और लाल बॉक्स के बीच केवल एक बॉक्स है। पीले और हरे बॉक्स के बीच केवल दो बॉक्स रखे हैं। नीला बॉक्स न सबसे ऊपर और न सबसे नीचे है। B, लाल बॉक्स के ऊपर है। बॉक्स C, F के ठीक ऊपर है। न तो C, न ही G एक पीला बॉक्स है। G का रंग हरा नहीं है। नारंगी बॉक्स और लाल बॉक्स के बीच दो बॉक्स हैं।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (11) कौन सा बॉक्स बीचों-बीच रखा है?
(a) A (b) G
(c) E (d) C

प्र. (12) D किस रंग का है?
(a) पीला
(b) हरा
(c) नीला
(d) गुलाबी

प्र. (13) सबसे ऊपर कौन सा बॉक्स रखा है?
(a) A (b) B
(c) E (d) C

प्र. (14) गुलाबी रंग का बॉक्स कौन सा है?
(a) D (b) C
(c) A (d) E

प्र. (15) बॉक्स F का रंग क्या है?
(a) नारंगी (b) पीला
(c) नीला (d) हरा

उत्तर - (11-15)
(11) → (c) E
(12) → (a) पीला
(13) → (d) C
(14) → (c) A
(15) → (a) नारंगी

व्याख्या - (11-15) प्रश्नानुसार,
C → बैंगनी
F → नारंगी
B → नीला
E → हरा
G → लाल
A → गुलाबी
D → पीला

प्र. (16-20) निम्नलिखित पहेली को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H एक आठ मंजिला इमारत में रहते हैं। सबसे नीचे वाले फ्लोर की संख्या-1 है और इसी क्रम से सबसे ऊपर वाले फ्लोर की संख्या-8 है। D, F के ऊपर लेकिन H के नीचे रहता है। A और E के बीच दो व्यक्ति रहते हैं। G और C के बीच तीन व्यक्ति रहते हैं। B, A के ऊपर रहता है, लेकिन ठीक ऊपर नहीं रहता है। E, G के ठीक ऊपर रहता है। C एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है, लेकिन शीर्ष तल पर नहीं रहता है।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (16) भूतल पर कौन रहता है?
(a) A (b) D
(c) F (d) G

प्र. (17) A के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?
(a) 2 (b) 4
(c) 5 (d) 1

प्र. (18) 6th मंजिल पर कौन रहता है?
(a) D (b) E
(c) H (d) G

प्र. (19) B और D के बीच कितने व्यक्ति हैं?
(a) 3 (b) 4
(c) 2 (d) 1

प्र. (20) विषम पद ज्ञात कीजिए?
(a) E (b) F
(c) B (d) H

उत्तर - (16-20)
(16) → (c) F
(17) → (b) 4
(18) → (d) G
(19) → (b) 4
(20) → (c) B

व्याख्या - (16-20) प्रश्नानुसार,
8 → B
7 → E
6 → G
5 → H
4 → A
3 → D
2 → C
1 → F

प्र. (21-25) पहेली का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
छः व्यक्तियों ने एक ही वर्ष के तीन अलग-अलग महीनों अर्थात् फरवरी, अप्रैल और जून की दो अलग-अलग तारीख - 5 और 10 को बैठक में भाग लिया। L ने M के बाद बैठक में भाग लिया। G और S के बीच दो व्यक्तियों ने बैठक में भाग लिया। D ने जून में बैठक में भाग लिया। H ने फरवरी में भाग नहीं लिया। S ने D के बाद भाग लिया।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (21) L से पहले किसने बैठक में भाग लिया?
(a) D (b) H
(c) M (d) G

प्र. (22) 10 अप्रैल को किसने बैठक में भाग लिया?
(a) S (b) L
(c) G (d) H

प्र. (23) M और G के बीच किसने भाग लिया?
(a) D (b) L
(c) S (d) H

प्र. (24) विषम का चयन करें?
(a) M (b) S
(c) L (d) H

प्र. (25) सही संयोजन ज्ञात करें?
(a) G - 10 अप्रैल
(b) D - 10 जून
(c) M - 5 फरवरी
(d) H - 10 जून

उत्तर - (21-25)
(21) → (c) M
(22) → (d) H
(23) → (b) L
(24) → (a) M
(25) → (c) M - 5 फरवरी

व्याख्या - (21-25) प्रश्नानुसार,

तारीख →	5	10
महीना ↓		
फरवरी →	M	L
अप्रैल →	G	H
जून →	D	S

- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मध्यप्रदेश में .....

वह सबको भोजन कराता है। श्री मोदी ने इस परंपरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि शासकीय पहल और सामाजिक सहयोग की यह अनोखी मिसाल है। इसमें गांव के सभी लोगों की दक्षता का उपयोग होता है। यह जीवन को सरल बनाने का व्यवहारिक उपाय है। सरकार भी गरीबों के सपने पूरे करने के लिए इस पद्धति पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने श्री गुलाब सिंह के आवास पर हुई चित्रकारी की प्रशंसा की। गुलाब सिंह ने बताया कि यह मांडना है जिसे इस अंचल में घर की साज-सज्जा के लिए बनाया जाता है।

कहीं लेनदेन तो नहीं करना पड़ा – प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगरौली जिले के वैढ़न के ग्राम पंचायत गडेरिया के श्री प्यारेलाल यादव से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने श्री यादव से पूछा कि आवास बनाने में कोई परेशानी तो नहीं आई। कहीं लेनदेन तो नहीं करना पड़ा, बैंक के कितने चक्कर काटे, इस पर श्री यादव ने बताया कि बिना चक्कर काटे समय पर किश्त हमारे खाते में आती रही और मकान बनाने के लिए जरूरी तकनीकी मार्गदर्शन भी मिलता रहा। श्री यादव ने प्रधानमंत्री को बताया कि उन्होंने अपना घर फ्लाई एश (राखड़) की ईंटों से बनाया है। यह किफायती भी रहा और सामान्य ईंट की तुलना में अधिक मजबूत भी है। प्रधानमंत्री ने इस नवाचार की प्रशंसा की और श्री यादव से उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की जानकारी भी ली।

कच्चे मकान में सर्पदंश से हुई थी बेटे की मौत, पक्के मकान ने दी प्रसन्नता

प्रधानमंत्री ने ग्वालियर जिले के योजना के हितग्राही श्री नरेन्द्र नामदेव से भी बातचीत की। श्री नरेन्द्र नामदेव ने बताया कि कच्चे मकान में उनके बेटे की सांप के काटने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। वो दुःख बहुत बड़ा था, लेकिन आज के लिए गणवेश तैयार करता हूं, मेरी पत्नी भी सिलाई करती है। हम लोगों ने जिला पंचायत के माध्यम से 8 दिन का सिलाई प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। श्री मोदी ने श्री नामदेव को कहा कि आपको चश्मा लगा है इससे मुझे ध्यान आया कि मेरी दादी कहती थी आंखों के कसरत के लिए सुई-धागे का उपयोग करना चाहिए। आप सिलाई कार्य करते हैं, जिससे यह कार्य अपने आप हो जाता है। प्रधानमंत्री ने श्री नरेन्द्र नामदेव के मकान को देखकर पूछा कि दीवारों पर किए गए रंग का चयन किसने किया है? श्री नामदेव ने बताया कि पत्नी अनिता ने यह रंग चुना। नामदेव दंपति ने प्रधानमंत्री को घर आने का आमंत्रण भी दिया, जिसके जवाब में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वे जरूर आएंगे।

गरीब के आत्मनिर्भर होने से निकलेगा, आत्मनिर्भर भारत का रास्ता

प्रधानमंत्री ने हितग्राहियों से बातचीत हुए कहा कि आज से इन सभी हितग्राहियों का नया जीवन प्रारंभ हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सिर्फ मकान नहीं, आत्मविश्वास भी देती है। आपदा को अवसर में बदला गया है। यह जनता को विश्वास देने वाला कार्यक्रम है। श्री मोदी ने कहा कि आज का दिन करोड़ों लोगों को भरोसा दिलवाता है कि योजनाएं सही ढंग से लागू होती हैं। ये घर आपके बेहतर भविष्य का आधार होगा, आप सभी नए जीवन की शुरुआत कीजिए।

श्री मोदी ने हितग्राहियों से कहा अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी सजग रहें। यह सजगता और सक्रियता आपको आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का पथ प्रशस्त करेगी।

पारदर्शिता और सहभागिता आवास योजना की विशेषता

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना की सफलता का आधार है, योजना का पारदर्शी होना। पहले भी घर बनते थे, दशकों से योजनाएं लागू हैं। आजादी के बाद से ही आवास बन रहे हैं, लेकिन करोड़ों लोगों को घर देने का लक्ष्य पूर्ण नहीं होता था। अब हितग्राही आवास निर्माण का हिस्सा है।

श्री मोदी ने कहा कि आवास के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के लिए शेड भी बन रहे हैं। ग्रामीण सड़कें भी बन रही हैं और अन्य कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। शहरी क्षेत्र से ग्रामों में लौटे श्रमिकों को रोज़गार भी मिला है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोज़गार अभियान को गति मिली है। श्री मोदी ने कहा कि आवास योजना में पहले निर्मित घरों में लोग शिफ्ट नहीं होते थे। पुराने अनुभव देखे गए और नई सोच से योजना लागू की गई। इसे अनावश्यक सरकारी दखल से बचाकर अब पारदर्शी प्रक्रिया से कार्य हो रहा है।

खेल चर्चा

अनिल जैन एआईटीए के नये अध्यक्ष बने

नई दिल्ली, अनिल जैन अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के नये अध्यक्ष बन गये हैं। एआईटीए की वार्षिक आमसभा में अनिल जैन को अध्यक्ष तथा मध्यप्रदेश टेनिस संघ के सचिव अनिल धुपर को महासचिव चुना गया है। भारतीय डेविस कप टीम के नॉन प्लेइंग कप्तान रोहित राजपाल को कोषाध्यक्ष और पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन सभी का चयन निर्विरोध हुआ है। अनिल जैन से पहले इस पद पर प्रवीण महाजन थे। अनिल जैन ने कहा कि हमारा पहला लक्ष्य जूनियर खिलाड़ियों के लिये पुल तैयार करना और उन्हें सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

डस्टिन जॉनसन ने जीता फेडएक्स कप

अटलांटा, अमेरिका के गोल्फर डस्टिन जॉनसन ने फेडएक्स कप पीजीए टूर खिताब अपने नाम किया है। जॉनसन ने तीन शॉट के साथ यह टूर्नामेंट जीता है।



जॉनसन ने टूर्नामेंट के आखिरी दौर में दो अंडर 68 का कार्ड खेला। टूर्नामेंट में जेंडर शॉफेल और जस्टिन थॉमस संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। खिताब जीतने के बाद जॉनसन ने कहा कि निश्चित तौर पर यह बड़ा सम्मान है। यह एक ऐसी ट्रॉफी थी, जिसे मैं अपने कॅरियर के दौरान हासिल करना चाहता था। जॉनसन को डेढ़ करोड़ डॉलर की इनामी राशि मिली है।

डू प्रीज बने दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम के सहायक कोच

जोहान्सबर्ग, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने डिलॉन डू प्रीज को दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेटर टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। वे मुख्य कोच हिल्टन मोरिंग के साथ काम करेंगे। डू प्रीज का कार्यकाल तीन वर्षों के लिये होगा। डू प्रीज ने 92 प्रथम श्रेणी, 134 लिस्ट ए तथा 86 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नहीं खेल पाये हैं। डू प्रीज ने अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि मैं टीम के साथ जुड़कर काफी सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

इयान बेल ने लिया क्रिकेट से संन्यास

लंदन, इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज इयान बेल ने क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। 38 वर्षीय बेल ने वर्ष 2004 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पदार्पण किया, वहीं आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच वर्ष 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। बेल पांच बार एशेज जीतने वाली इंग्लिश क्रिकेट टीम का हिस्सा रह चुके हैं। बेल ने इंग्लैंड के लिये 118 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 22 शतक और 46 अर्धशतक की मदद से 7 हजार 727 रन बनाये हैं। बेल ने 161 वन-डे मैच खेले हैं। वन-डे क्रिकेट में बेल ने 4 शतक और 35 अर्धशतकों के साथ 5 हजार 416 रन बनाये हैं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो

सौ अंतर्राष्ट्रीय गोल करने वाले दूसरे फुटबॉलर बने

लिस्बन, विश्व के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में शुमार पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धि हासिल की है। पुर्तगाल की फुटबॉल टीम के कप्तान रोनाल्डो ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 100 गोल पूरे कर लिये हैं। रोनाल्डो 100 अंतर्राष्ट्रीय गोल करने वाले विश्व के दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले यह उपलब्धि ईरान के अली देई हासिल कर चुके हैं।

रोनाल्डो ने यह उपलब्धि यूएफा नेशंस लीग में स्वीडन के खिलाफ मैच के दौरान हासिल की। मैच में पुर्तगाल ने स्वीडन को 2-0 से हराया। ये दोनों गोल रोनाल्डो ने किये। रोनाल्डो ने पहला गोल 45वें मिनट तथा दूसरा गोल 72वें मिनट में किया। इस मैच में पुर्तगाल की टीम स्वीडन पर पूरी तरह हावी नजर आई। स्वीडन ने रोनाल्डो को रोकने के लिये रक्षात्मक रणनीति बनाई, लेकिन अपने चिरपरिचित शानदार ड्रिब्लिंग के लिये पहचाने जाने वाले रोनाल्डो ने स्वीडन की रक्षापंक्ति को भेद कर ये गोल किये।

चोट के कारण पहला मैच नहीं खेले रोनाल्डो

टूर्नामेंट में यह रोनाल्डो का पहला मैच है। रोनाल्डो नेशंस लीग में क्रोएशिया के खिलाफ हुये मुकाबले में नहीं खेले थे। मुकाबले से ठीक पहले रोनाल्डो के अंगूठे में चोट लग गई। हालांकि रोनाल्डो की गैर मौजूदगी के बाद भी पुर्तगाल ने मैच में क्रोएशिया को 4-1 से करारी मात दी थी।

- **सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय गोल करने का रिकॉर्ड ईरान के अली देई के नाम है।**
- **अली देई ने 149 मैचों में 109 गोल किये हैं, वहीं रोनाल्डो ने 165 मैचों में 101 गोल किये हैं।**
- **सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय गोल करने के मामले में भारत के कप्तान सुनील छेत्री दसवें स्थान पर हैं।**
- **छेत्री ने अब तक 115 मैचों में 72 गोल किये हैं।**
- **क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच बार बेलोन डि'ओर अवॉर्ड जीत चुके हैं।**
- **क्रिस्टियानो रोनाल्डो इटली के फुटबॉल क्लब जुवेंटस के लिये भी खेलते हैं।**

अली के रिकॉर्ड पर है नजर

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 100 गोल करने के बाद रोनाल्डो ने कहा कि अब मेरा लक्ष्य अली देई के सबसे ज्यादा गोल करने के रिकॉर्ड को तोड़ना है। रोनाल्डो ने कहा है कि मैं इसी लक्ष्य की ओर बढ़ रहा हूं। मैं जुनूनी हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि रिकॉर्ड नेचुरल तरीके से आते हैं।

पुर्तगाल का अगला मैच 11 अक्टूबर को होगा

सबसे ज्यादा गोल के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिये रोनाल्डो को कम से कम अक्टूबर तक का इंतजार करना होगा। नेशंस लीग का अगला चरण अक्टूबर माह में आयोजित होगा। पुर्तगाल को 11 अक्टूबर को फ्रांस तथा 14 अक्टूबर को स्वीडन से खेलना होगा।

मोहम्मद फराह ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

ब्रुसेल्स, ब्रिटेन के ओलिंपिक चैंपियन मोहम्मद फराह ने एक घंटे की रेस में नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। फराह ने डायमंड लीग सीरीज के तहत मेमोरियल वैन डैम मीट में एक घंटे की रेस में 21 हजार 330 मीटर दूरी तय की। एक घंटे की रेस में सबसे ज्यादा दूरी तय करने का रिकॉर्ड पहले हेले ग्रेबेलसेसी के नाम था। ग्रेबेलसेसी ने एक घंटे में 21 हजार 285 मीटर की दूरी तय की थी। रेस में बेल्जियम के अबदी बशीर दूसरे स्थान पर रहे। रेस के दौरान बशीर एक समय आगे चल रहे थे, लेकिन फराह ने अंतिम समय में बढ़त बनाकर रेस जीती। वहीं महिला वर्ग की रेस में नीदरलैंड्स की सिफान हसन ने डिरे ट्यून के रिकॉर्ड को तोड़कर खिताब जीता। हसन ने एक घंटे की रेस में 18 हजार 930 मीटर की दूरी तय की।

महिला और पुरुष टीम को समान वेतन देगा ब्राजील

रियो डि जेनेरियो, ब्राजील फुटबॉल फेडरेशन ने महिला और पुरुष फुटबॉल टीम को समान वेतन देने का निर्णय लिया है। फेडरेशन के अध्यक्ष रोजिरियो कबोक्लो ने बताया कि पुरस्कार राशि और भत्ते बराबर हो जाने के बाद अब दोनों टीमों को बराबर वेतन मिलेगा। दोनों टीमों को समान वेतन देने वाला ब्राजील विश्व का चौथा देश बन गया है। ब्राजील से पहले ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और नॉर्वे में महिला और पुरुष खिलाड़ियों को समान वेतन देने का नियम है। कबोक्लो ने बताया कि यह व्यवस्था अगले वर्ष टोक्यो ओलिंपिक में भाग लेने वाली टीमों के साथ-साथ पुरुष और महिला विश्वकप में भी लागू रहेगी।

पियरे गैसली ने जीता इटेलियन ग्रांप्री का खिताब

मोंजा, फ्रांस के युवा कार रेसर पियरे गैसली ने इटेलियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस अपने नाम की है। ये गैसली के फॉर्मूला-वन कॅरियर की पहली जीत है। 53 लैप की यह रेस गैसली ने 1 घंटा 47 मिनट 6.05 सेकंड

में पूरी की। रेस में कार्लोस सैंज दूसरे, लैंस स्ट्रॉल तीसरे, लैंडो नॉरिस चौथे और वाल्टेरी बोटास पांचवें स्थान पर रहे। इस वर्ष फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप में सबसे आगे चल रहे स्टार रेसर लुईस हैमिल्टन इटेलियन ग्रांप्री में सातवें स्थान पर रहे। रेस में पोल पोजिशन हासिल करने वाले हैमिल्टन एक समय रेस में आगे चल रहे थे, लेकिन रेस की 23वीं लैप के दौरान हैमिल्टन की कार चार्ल्स लेकलर्क की कार से भिड़ गई। इस भिड़ंत के बाद चोटिल लेकलर्क रेस से हट गये। इस भिड़ंत के कारण हैमिल्टन पर पेनाल्टी भी लगाई गई। इसके बाद हैमिल्टन रेस में काफी पिछड़ गये। अनुभवी रेसर सबेस्टियन वेटल भी अपनी रेस पूरी नहीं कर पाये। कार में ब्रेक संबंधी परेशानी के कारण वेटल बीच में रेस से हट गये।

- **पियरे गैसली फॉर्मूला-वन में टीम अल्फा तौरी होंडा के लिये रेसिंग करते हैं।**
- **गैसली ने वर्ष 2017 में मलेशियन ग्रांप्री से फॉर्मूला-वन में कदम रखा है।**
- **गैसली इस वर्ष ड्राइवर स्टैंडिंग में आठवें स्थान पर हैं, उनकी टीम अल्फा तौरी होंडा सातवें स्थान पर है।**
- **गैसली इस वर्ष फॉर्मूला-वन रेस जीतने वाले चौथे रेसर हैं। उनसे पहले लुईस हैमिल्टन, वाल्टेरी बोटास और मैक्स वर्स्टापेन भी रेस जीत चुके हैं।**

डेविड मलान बने नंबर वन ट्वेंटी-20 बल्लेबाज

साउथेम्पटन, इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के नंबर वन बल्लेबाज बन गये हैं। मलान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी)

द्वारा जारी ताजा ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। मलान ने रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम को नीचे धकेल दिया है।

रैंकिंग में बाबर आजम दूसरे, एरॉन फिंच तीसरे, के.एल. राहुल चौथे, कॉलिन मुनरो पांचवें, ग्लैन मैक्सवेल छठवें, हजरतुल्ला जजई सातवें, इविन लुईस आठवें, विराट कोहली नौवें तथा इयॉन मॉर्गन दसवें स्थान पर काबिज हैं। मलान ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया तथा पाकिस्तान के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में मलान ने 3 मैचों में 129 रन बनाये हैं।

इंग्लैंड ने जीती सीरीज

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को इंग्लैंड ने 2-1 से अपने नाम किया। लेकिन सीरीज के आखिरी मैच में इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने सीरीज का पहला मैच 2 रन तथा दूसरा मैच 6 विकेट से अपने नाम किया, वहीं सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में इंग्लैंड ने 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 145 रन बनाये। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 19.3 ओवरों में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

नोवाक जोकोविच यूएस ओपन से हुये बाहर

न्यूयॉर्क, विश्व के नंबर वन पुरुष टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच यूएस ओपन ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान जोकोविच लाइन जज को गलती से गेंद मार बैठे। इसके बाद जोकोविच को अयोग्य घोषित किया गया और वे टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

राफेल नडाल और रोजर फेडरर जैसे दिग्गजों की गैर मौजूदगी में नोवाक जोकोविच को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में जोकोविच का सामना स्पेन के पाब्लो कार्रेनो बुस्टा से हुआ। मैच का पहला सेट 5-6 से हारने के बाद जोकोविच ने हताशा में गेंद को रैकेट से अपने पीछे मारा, वह गेंद

लाइन जज को जा लगी। लाइन जज को गले में चोट लग गई। इसके बाद जोकोविच ने लाइन जज और रेफरी से माफी मांगी। इस घटना के बाद मैच रेफरी ने जोकोविच को दोषी मानते हुये अयोग्य घोषित किया।

अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि ग्रैंडस्लैम नियमानुसार खतरनाक तरीके से खेलने और परिणाम को गंभीरता से नहीं लेने के कारण रेफरी द्वारा जोकोविच को टूर्नामेंट से बाहर किया गया है। जोकोविच ने टूर्नामेंट में हासिल किये सभी रैंकिंग प्वाइंट गवां दिये और उन्हें टूर्नामेंट में जीते गये मैच की पुरस्कार राशि को जुर्माने के तौर पर देना होगा।

- **किसी ग्रैंडस्लैम से डिस्क्वालिफाई होने वाले पहले नंबर वन खिलाड़ी हैं जोकोविच।**
- **जोकोविच अब तक कुल 17 ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुके हैं। इनमें तीन यूएस ओपन भी शामिल हैं।**
- **जोकोविच ने वर्ष 2011, 2015 और 2018 में यूएस ओपन जीता है।**
- **इस वर्ष जोकोविच को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था।**
- **टूर्नामेंट को वर्ष 2016 के बाद नया चैंपियन मिलेगा।**

बार्सिलोना से जुड़े रहेंगे लियोनेल मेसी

बार्सिलोना, विश्व के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुये कहा कि वे स्पेनिश फुटबॉल क्लब बार्सिलोना के साथ जुड़े रहेंगे। मेसी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि वे आगामी सत्र में बार्सिलोना के साथ ही रहेंगे। मेसी ने कहा कि मैं क्लब के साथ किसी कानूनी लड़ाई में नहीं पड़ना चाहता। इस क्लब ने ही मुझे स्टार बनाया है। मेसी ने बार्सिलोना क्लब टीम के साथ ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि मेसी ने पहले कहा था कि वे सत्र के आखिर में बार्सिलोना क्लब छोड़ना चाहते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

कोच्चि मेट्रो का प्रथम चरण पूरा

थायकुडम-पेट्टा खंड पर परिचालन शुरू

केरल मेट्रो का प्रथम चरण थायकुडम-पेट्टा खंड पर परिचालन शुरू होने के साथ ही पूरा हो गया है। आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी घोषणा की। श्री पुरी ने कहा कि कोच्चि मेट्रो का प्रथम चरण अब 6218 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कोच्चि मेट्रो के दूसरे चरण का प्रस्ताव भारत सरकार के पास विचाराधीन है और इसे शीघ्र ही मंजूरी दे दी जाएगी। कोच्चि मेट्रो के थायकुडम-पेट्टा खंड का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी और केरल के मुख्यमंत्री श्री पिनाराई विजयन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया। केरल के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारीगण भी इस आभासी उद्घाटन में शामिल हुए।

हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी वाहन

डीआरडीओ ने किया सफल परीक्षण

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन वाहन एचएसडीटीवी

- **सभी निर्धारित मानकों के अनुरूप हुआ प्रक्षेपण।**
- **डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रक्षेपण केन्द्र, ओडिशा से किया गया प्रक्षेपण।**
- **अमेरिका, रूस और चीन के बाद हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी से संपन्न चौथा देश बना भारत।**
- **ध्वनि की गति से छह गुना होगी इस वाहन की गति।**

का ओडिशा के व्हीलर द्वीप स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रक्षेपण केन्द्र से सफल प्रक्षेपण किया। इस सफलता के साथ ही भारत हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के प्रक्षेपण के लिए वांछित हाइपरसोनिक वाहन प्राप्त करने की दिशा में और आगे बढ़ गया है।

हाइपरसोनिक क्रूज वाहन को एक ठोस रॉकेट मोटर का उपयोग करके प्रक्षेपित किया गया, जो इसे 30 किलोमीटर (किमी) की ऊंचाई तक ले गया, जहां हाइपरसोनिक गति के अनुरूप इसके वायुगतिकीय ताप कवच को अलग किया गया। इस दौरान ईंधन के रूप में हाइपरसोनिक दहन की

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'हाइपरसोनिक टेस्ट डिमॉन्स्ट्रेशन व्हीकल' की सफल उड़ान के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) को बधाई देते हुये एक ट्वीट में लिखा, 'हाइपरसोनिक टेस्ट डिमॉन्स्ट्रेशन व्हीकल' की सफल उड़ान के लिए डीआरडीओ को बधाई। हमारे वैज्ञानिकों द्वारा विकसित स्क्रैमजेट इंजन ने उड़ान को ध्वनि की गति से भी 6 गुना गति प्राप्त करने में मदद की। ऐसे बहुत कम देश हैं जिनके पास आज इस तरह की अद्भुत क्षमता है।

प्रक्रिया निरंतर जारी रही जिससे यह अपने वांछित उड़ान पथ पर ध्वनि की गति से छह गुना यानी 2 किलोमीटर प्रति सेकेंड की गति से 20 सेकेंड से ज्यादा तक चलता रहा। इस दौरान ईंधन इंजेक्शन और स्क्रैमजेट के ऑटो इग्निशन जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं ने तकनीकी परिपक्वता का प्रदर्शन किया। स्क्रैमजेट इंजन ने टेक्स्ट बुक तरीके से प्रदर्शन किया।

प्रक्षेपण, क्रूज वाहन और स्क्रैमजेट इंजन की कार्य प्रणाली मानकों के अनुरूप हुई या नहीं यह देखने के लिए इन पर बहुपथीय निगरानी वाले रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल प्रणाली तथा टेलीमेट्री स्टेशनों की मदद से नजर रखी गई। वाहन का प्रक्षेपण सभी निर्धारित मानकों के अनुरूप हुआ जो कि इस अभियान की बड़ी सफलता रही।

रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में हासिल की गई इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने इस परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों से बात की और उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि देश को उन पर गर्व पर है।

फेफड़ों के कैंसर की नैदानिकी थेरेपी

जेएनसीएएसआर के शोधकर्ताओं ने की विकसित

फेफड़ों का कैंसर दुनिया भर में कैंसर संबंधित मौतों का सबसे आम कारण है, जिसका आरंभिक अवस्था में पता लगाना कठिन होता है, इसलिए इसका उपचार करना भी मुश्किल होता है। वैज्ञानिकों को शीघ्र ही फेफड़ों के कैंसर के लिए नैदानिकी थेरेपी के रूप में एक समाधान प्राप्त हो सकता है, जो व्यक्तिगत रूप से दवा के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

हाल ही में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत एक स्वायत्तशासी संस्थान जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र (जेएनसीएएसआर) के शोधकर्ताओं ने फेफड़ों के कैंसर के लिए एक थेरानोस्टिक्स (नैदानिकी थेरेपी) ड्रग कैंडीडेट का विकास किया है। डीएसटी, ब्रिक्स मल्टीलैटेरल आरएंडडी प्रोजेक्ट्स ग्रांट एवं स्वर्ण जयंती फेलोशिप ग्रांट द्वारा वित्त पोषित शोध कार्य थेरानोस्टिक्स जर्नल में प्रकाशित हुआ था।

प्रो. टी. गोविंद राजू ने जेएनसीएएसआर टीम द्वारा यह अध्ययन किया जिससे पता चला



कि जीक्यू की विशिष्ट लूप संरचना से उत्पन्न चयनात्मक मान्यता समग्र प्रोब इंटरएक्शन एवं बाइंडिंग एफिनिटी को बदल देती है। टीजीपी।8 एंटीएपोप्टोटिक बीसीएल-2जीक्यू के लिए वाध्यकारी है जो कैंसर कोशिकाओं को मारने के द्वारा प्रोसर्वाइवल फंक्शन और कैंसर रोधी गतिविधि को समाप्त करता है। व्यक्तिगत चिकित्सा में बेशुमार निहितार्थ के साथ कैंसर की विशिष्ट चिकित्सीय दवाओं को विकसित करने के लिए इस पद्धति का और अधिक उपयोग किया जा सकता है। इस अन्वेषण के लिए एक पेटेंट आवेदन पहले ही दायर किया जा चुका है।

अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदम

चंद्रयान-3 लॉन्च कार्यक्रम 2021 में संभावित

केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इसरो के चांद के प्रथम मिशन ने कुछ चित्र भेजे हैं जो प्रदर्शित करते हैं कि चंद्रमा के ध्रुवों पर जंग सा लगता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इस निष्कर्ष का संकेत यह है कि चांद की सतह लौह समृद्ध चट्टानों के लिए जानी जाती है, वहां पानी और ऑक्सीजन की उपस्थिति ज्ञात नहीं है जो किसी लोहे के संपर्क में आकर उसमें जंग लगने के लिए आवश्यक दो तत्व हैं।

- **चंद्रयान-2 के ही समान चंद्रयान-3 में भी एक लैंडर तथा रोवर है, लेकिन ऑर्बिटर नहीं होगा।**
- **भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लॉन्च की चल रही हैं तैयारियां।**



नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा हो सकता है कि पृथ्वी का अपना वातावरण इसमें सहायता कर रहा हो, दूसरे शब्दों में इसका अर्थ यह हुआ कि पृथ्वी का वातावरण चंद्रमा की भी रक्षा कर रहा हो। इस प्रकार, चंद्रयान-1 चांद डाटा से संकेत मिलता है कि चांद के ध्रुव पर पानी है, वैज्ञानिक इसी का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जहां तक चंद्रयान-3 का प्रश्न है तो इसकी लॉन्चिंग 2021 के आरंभ में हो सकती है। चंद्रयान-3, चंद्रयान-2 का एक रिपीट मिशन होगा और इसमें एक लैंडर तथा रोवर होगा जो चंद्रयान-2 के ही समान है, लेकिन इसमें ऑर्बिटर नहीं होगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस बीच, भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लॉन्च की तैयारियां चल रही हैं। प्रशिक्षण प्रक्रिया और अन्य कार्यवाहियां भी चल रही हैं। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के कारण गगनयान की योजना में कुछ बाधाएं आईं, लेकिन लगभग 2022 की समय-सीमा पर बने रहने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ट्रंप के समर्थन में

बोट प्रचार अभियान के दौरान कई नावें डूबीं

इन दिनों अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोर-शोर से चल रहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में

टेक्सास में चल रही एक बोट परेड को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दरअसल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोबारा चुने जाने के समर्थन में टेक्सास में चल रही बोट परेड अभियान उस समय मुश्किल में आ गया है, जब प्रचार अभियान में शामिल कई जहाज पानी में डूबने लग गए। ट्रेविस काउंटी शेरीफ कार्यालय ने ट्विटर पर कहा कि उसे लेक ट्रेविस पर ट्रंप के समर्थन में चल रही परेड के दौरान कई नावों के मुश्किल में फंसे होने से जुड़ी कॉल आई। कई नावें डूब गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक परेड के दौरान तेज लहर के कारण करीब 4 नाव डूब गई हैं और कई क्षतिग्रस्त हैं।

राज्य सुधार कार्य योजना 2019

व्यापार सुधार कार्य योजना के कार्यान्वयन के आधार पर राज्यों को दी गई रैंकिंग

केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने व्यापार सुधार कार्य योजना (वीआरएपी) के तहत

- **व्यापार सुधार कार्य योजना के आधार पर राज्यों की रैंकिंग तय करने का काम 2015 में शुरू किया गया था।**
- **अब तक राज्यों की इस आधार पर रैंकिंग की सूची वर्ष 2015, 2016 और 2017-18 में जारी की गई थी।**
- **रैंकिंग में मध्यप्रदेश चौथे स्थान पर है।**

कारोबारी सुगमता के आधार पर राज्यों की रैंकिंग के चौथे संस्करण की घोषणा कर दी है। कार्य योजना 2018-19 में कारोबार की स्थितियां बेहतर बनाने के लिए 180 मुख्य मानक तय किए गए हैं, जिनमें 12 व्यावसायिक विनियामक क्षेत्र जैसे कि सूचना तक पहुंच, एकल खिड़की प्रणाली, श्रम और पर्यावरण आदि शामिल हैं।

कारोबारी सुगमता के मामले में प्रदर्शन के आधार पर राज्यों की रैंकिंग तय करते समय स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा और बड़े स्तर पर निवेश आकर्षित करने का उद्देश्य हासिल करने का प्रयास किया गया है। इस बार की रैंकिंग तय करते समय जमीनी स्तर पर तीस हज़ार से अधिक लोगों से मिली प्रतिक्रियाओं को शामिल किया गया, जिन्होंने सुधारों की प्रभावशीलता के बारे में अपनी राय दी।

राज्य सुधार कार्य योजना 2019 के शीर्ष दस राज्य इस प्रकार हैं

1. आंध्रप्रदेश
2. उत्तरप्रदेश
3. तेलंगाना
4. मध्यप्रदेश
5. झारखंड
6. छत्तीसगढ़
7. हिमाचल प्रदेश
8. राजस्थान
9. पश्चिम बंगाल
10. गुजरात

ऑक्सफोर्ड कोरोना वैक्सीन का ट्रायल रुका

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की कोरोना वैक्सीन के ट्रायल को रोकना पड़ा है। ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने तीसरे और अंतिम चरण के क्लीनिकल ट्रायल को रोक दिया है। जानकारी के मुताबिक वैक्सीन के ह्यूमन ट्रायल के दौरान एक वॉलेंटियर के शरीर में गंभीर दुष्प्रभाव देखे जाने के बाद ट्रायल को रोकने का फैसला लिया गया है। एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन दुनिया भर में कोरोना वैक्सीन बनाने की रेस में सबसे आगे चल रही है। एस्ट्राजेनेका ने एक बयान जारी कर कहा है कि यह एक रुटीन रुकावट है, क्योंकि परीक्षण में शामिल शख्स की बीमारी के बारे में अभी तक ज्यादा कुछ पता नहीं चला है। इसकी अच्छे से समीक्षा की जाएगी और उसके बाद ही ट्रायल फिर से शुरू होगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।